सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 28 जनवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 27, पेज 16, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

**शेयर बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 320 अंक चढ़ा**

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजार में तेजी आई और बीएसई सेंसेक्स 320 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी में 127 अंक की मजबूती रही। } 14

**लगातार नौवां बजट पेश कर इतिहास रचेंगी सीतारमण**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को लगातार नौवां बजट पेश कर एक नया रिकॉर्ड बनाएंगी। वैश्विक अनिश्चितता के बीच पेश होने वाले इस बजट में आर्थिक वृद्धि को गति देने के उद्देश्य से सुधारवादी उपायों के होने की उम्मीद है। } 16



## हर दिन बढ़ रही है ऊर्जा की मांग : हरदीप पुरी

### वैश्विक तेल उत्पादन में सालाना लगभग आठ प्रतिशत की आ सकती है गिरावट, ढूंढने होंगे नये स्रोत

गोवा से मनोज बाजपेयी



बैतूल (गोवा)। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को भारत ऊर्जा सप्ताह 2026 के उद्घाटन समारोह के दौरान कहा कि अगर मौजूदा तेल और गैस उत्पादन में निवेश बंद हो जाता है तो अगले दशक में वैश्विक तेल उत्पादन में सालाना लगभग आठ प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। यह ब्राजील और नॉर्वे के संयुक्त वार्षिक उत्पादन के बराबर है।

पुरी ने कहा कि भले ही नवीकरणीय ऊर्जा ने तेजी से विस्तार किया है और अब वैश्विक बिजली उत्पादन का लगभग एक-तिहाई हिस्सा है, लेकिन वैश्विक ऊर्जा बदलाव केवल प्रतिस्थापन पर आधारित नहीं हो सकता। उन्होंने कहा ऊर्जा का इतिहास कभी भी केवल प्रतिस्थापन के बारे में नहीं रहा। यह हमेशा वृद्धि और नए स्रोत जोड़ने के बारे में रहा है। मंत्री ने यह भी कहा कि ऊर्जा बदलाव, ऊर्जा सुरक्षा और प्रणाली की मजबूती को एक साथ आगे बढ़ाना होगा ताकि बढ़ती वैश्विक मांग को पूरा किया जा सके। पुरी ने कहा कि पिछले एक दशक में नवीकरणीय ऊर्जा तेजी से बढ़ी है। उन्होंने कहा कि वैश्विक बिजली उत्पादन में स्वच्छ ऊर्जा की हिस्सेदारी कम होती लागत और नीतिगत उपायों के कारण लगभग पांचवें से बढ़कर लगभग एक तिहाई हो गई है। पुरी ने कहा फिर भी पारंपरिक ऊर्जा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने बताया कि अगर मौजूदा तेल और गैस उत्पादन में निवेश आज बंद हो जाए, तो अगले दशक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## यूपी में विकास की तेज गति से परिवारवादी परेशान

### मुख्यमंत्री योगी ने गोरखपुर में दो प्रमुख ओवर ब्रिज का किया लोकार्पण

विशेष संवाददाता



लखनऊ/ गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में मंगलवार को दो प्रमुख ओवर ब्रिज का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा है कि प्रदेश सरकार गोरखपुर सहित पूरे उत्तर प्रदेश में निरंतर, आधुनिक और सुरक्षित सड़क और पुल नेटवर्क के विकास के लिए कार्य कर रही है। इन परियोजनाओं से न केवल यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी, बल्कि औद्योगिक, व्यापारिक और सामाजिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि सीएम ने कहा नया उत्तर प्रदेश अब बीमारू से ब्रेकथ्रू और पहचान की एक नयी रिकोडिंग की ओर बढ़ गया है तो ये परिवारवादी लोगों को कहां बर्दाश्त होगा। आज यूपी में होते विकास से परिवारवादी लोग परेशान हैं। वह मौका पाते ही उपद्रव भी करना चाहते हैं, जबकि वह जानते हैं कि उपद्रवी का यूपी सरकार क्या हाल करती है। इन दोनों ओवर ब्रिज परियोजनाओं के शुरू होने से शहर की यातायात व्यवस्था सुगम होगी साथ ही जाम की समस्या से राहत मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने कहा कि याद रखना जब भी विकास की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी, ये परिवारवादी जातिवादी ताकतें फिर से सिर उठाकर अव्यवस्था पैदा करने का प्रयास करेंगे। क्योंकि उनके आका भी उन्हें पीछे से धकियाते होंगे कि कुछ तो उपद्रव करो, पैसा लिए हो। लेकिन उन्हें मालूम है उपद्रव करेंगे तो फिर उत्तर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### बरेली के नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने दिया इस्तीफा

बरेली। बरेली के नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने सरकारी नीतियों विशेषकर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियमों और शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद से जुड़े मामले पर नाराजगी जताते हुए सोमवार को सेवा से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियमों को काला कानून बताते हुए आरोप लगाया कि ये नियम कॉलेजों के शैक्षणिक वातावरण को दूषित कर रहे हैं और इन्हें तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में जाति आधारित भेदभाव को रोकने के लिए लाए गए इन नए नियमों के तहत संस्थानों को विशेष समितियां, हेल्पलाइन और निगरानी दल गठित करने को कहा गया है ताकि विशेषकर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों की शिकायतों का समाधान किया जा सके।

### अयोध्या में जीएसटी उपायुक्त ने दिया इस्तीफा

अयोध्या। अयोध्या में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) उपायुक्त प्रशांत कुमार सिंह ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया तथा कहा कि जाति और धर्म के आधार पर देश को बांटने की हालिया कोशिशों से उन्हें गहरा दुख हुआ है, जो कथित तौर पर प्रयागराज की पवित्र भूमि से हो रही हैं। वह सरकार, संविधान और देश के चुने हुए नेतृत्व के समर्थन में यह कदम उठा रहे हैं। प्रयागराज में ज्योतिष पीठ शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और माघ मेला प्रशासन के बीच उस समय तनाव बढ़ गया, जब 18 जनवरी को मौनी अमावस्या स्नान पर्व के मौके पर पुलिस ने कथित तौर पर उन्हें और उनके अनुयायियों को गंगा में स्नान करने से रोक दिया।

# भारत-यूरोपीय संघ के बीच सबसे बड़ा समझौता

### पीएम मोदी ने की यूरोपीय संघ के नेताओं उर्सुला वॉन डेर लेयेन और एंटोनियो कोस्टा की मेजबानी

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत और यूरोपीय संघ ने ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर मंगलवार को हस्ताक्षर किए जिसे अबतक का सबसे बड़ा समझौता बताया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूरोपीय संघ के शीर्ष नेतृत्व ने व्यापार एवं रक्षा क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने और नियम-आधारित विश्व व्यवस्था की दिशा में काम करने के लिए एक व्यापक एजेंडा पेश किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने यूरोपीय संघ के नेताओं उर्सुला वॉन डेर लेयेन और एंटोनियो कोस्टा की मेजबानी की। इसके बाद दोनों पक्षों ने सुरक्षा व रक्षा सहयोग और यूरोप में भारतीय प्रतिभाओं की आवाजाही से जुड़े दो महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था के अपने दृष्टिकोण के अनुरूप, भारत और 27 देशों के समूह ने अगले पांच वर्षों के लिए एक संयुक्त व्यापक रणनीतिक एजेंडा पेश किया। मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए वार्ता के समापन सहित कुल 13 समझौतों को अंतिम रूप दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वैश्विक व्यवस्था भारी उथल-पुथल का सामना कर रही है और ऐसे में भारत और यूरोपीय संघ के बीच साझेदारी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में स्थिरता को मजबूत करेगी। उन्होंने कहा आज भारत ने अपने इतिहास का सबसे बड़ा मुक्त व्यापार समझौता संपन्न किया है। मोदी ने बयान में कहा इससे हमारे किसानों तथा लघु उद्योगों को यूरोपीय बाजार तक पहुंच सुगम होगी और विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों में नए अवसर उत्पन्न होंगे। उन्होंने कहा यह मुक्त व्यापार समझौता भारत और यूरोपीय संघ के बीच निवेश को बढ़ावा देगा, नए नवाचार साझेदारियों का निर्माण करेगा और वैश्विक स्तर पर आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करेगा। इसका मतलब यह है कि यह सिर्फ एक व्यापार समझौता नहीं है। यह साझा समृद्धि के लिए एक नया खाका है। व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में दोनों पक्षों के बीच बातचीत शुरू होने के बाद से 18 साल लग गए। समझौते पर औपचारिक हस्ताक्षर होने में कम से कम छह महीने लग सकते हैं क्योंकि दोनों पक्षों द्वारा इसकी कानूनी जांच-पड़ताल आवश्यक होगी। यूरोपीय संघ और भारत ने मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत पहली बार 2007 में शुरू की थी, लेकिन कुछ मुद्दों के कारण 2013 में बातचीत स्थगित कर दी गई थी। जून 2022 ...शेष पृष्ठ 14 पर

### दुनिया में स्थिरता लायेगा समझौता : मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता वैश्विक भलाई के लिए साझा समृद्धि का एक खाका है। उन्होंने कहा कि यह समझौता ऐसे समय में स्थिरता देगा, जब दुनिया व्यवस्था उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है।

मोदी भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की वार्ता संपन्न होने के बाद यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के साथ एक संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा यह केवल एक व्यापारिक समझौता नहीं है। यह साझा समृद्धि के लिए एक नया खाका है। उन्होंने आगे कहा कि भारत ने अपने इतिहास का सबसे बड़ा मुक्त व्यापार समझौता संपन्न किया है। वैश्विक वातावरण में उथल-पुथल का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा भारत-ईयू विश्व व्यवस्था को स्थिरता प्रदान करेंगे। भारत-ईयू सहयोग वैश्विक भलाई के लिए एक साझेदारी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत-ईयू एफटीए समुद्री क्षेत्र और साइबर सुरक्षा में सहयोग बढ़ाने में मदद करेगा। कोस्टा ने कहा कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

### मुक्त व्यापार समझौता भारत की वैश्विक आर्थिक यात्रा में ऐतिहासिक छलांग : योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) मुक्त व्यापार समझौता भारत की वैश्विक आर्थिक यात्रा में एक ऐतिहासिक छलांग है। आदित्यनाथ ने एक्स पर कहा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता भारत की वैश्विक आर्थिक यात्रा में एक ऐतिहासिक छलांग है। यह रणनीतिक समझौता भारत को 27 यूरोपीय देशों के साथ जोड़ता है और 99 प्रतिशत से अधिक भारतीय सामानों के लिए तरजीही बाजार पहुंच सुनिश्चित करता है, जिससे लगभग 6.41 लाख करोड़ रुपये की निर्यात क्षमता खुलती है, खासकर श्रम प्रधान क्षेत्रों के लिए।

उन्होंने कहा किसानों को सशक्त बनाकर, एमएसएमई को मजबूत करके, विनिर्माण और सेवाओं को बढ़ावा देकर, और कुशल पेशेवरों के लिए अवसरों का विस्तार करके, यह समझौता साझा समृद्धि और एक मजबूत, आत्मनिर्भर भारत के लिए एक खाका बन जाता है। भारत और यूरोपीय संघ ने ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सरकार के लिए संतों का आशीर्वाद जरूरी

### सनातन को नजरअंदाज करने वाले कभी सत्ता में नहीं आयेंगे : शाह



एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सनातन धर्म और उसकी परंपराओं को लेकर बड़ा राजनीतिक बयान दिया है। गुजरात के गांधीनगर में स्वामीनारायण संप्रदाय के एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जो सरकार सनातन धर्म के अनुयायियों को निराश करती है, वह देश में दोबारा सत्ता में नहीं लौट सकती। उनके इस बयान को आने वाले राजनीतिक हालात और सांस्कृतिक विमर्श से जोड़कर देखा जा रहा है। यह कार्यक्रम स्वामीनारायण संप्रदाय के पवित्र ग्रंथ शिक्षापत्री के 200 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित किया गया था। शिक्षापत्री में 212 संस्कृत श्लोक हैं, जिन्हें भगवान स्वामीनारायण ने 1826 में लिखा था। यह ग्रंथ अनुयायियों के लिए आचरण, नैतिकता, समाज और आध्यात्मिक जीवन का मार्गदर्शन करता है। अमित शाह ने कहा कि आजादी के बाद लंबे समय तक सनातन परंपराओं को उचित सम्मान देने वाली सरकार की प्रतीक्षा रही। अमित शाह ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## यूजीसी के नये नियमों को लेकर विरोध-प्रदर्शन

### छात्रों के समूह ने कुछ नियमों को हटाने की मांग की, अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन




एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली के विभिन्न कॉलेज के विद्यार्थियों के एक समूह ने मंगलवार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मुख्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और उनका कहना था कि आयोग द्वारा जारी किए गए नए नियमों से परिसरों में अराजकता फैल सकती है। बड़ी संख्या में अवरोधकों और भारी बारिश के बीच कम से कम 100 विद्यार्थियों ने विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। समूह ने आयोग को मांगों की एक सूची सौंपी, जिसमें नियमों को पूरी तरह से वापस लेने की मांग भी शामिल है। दिल्ली विश्वविद्यालय के पीएचडी छात्र आलोकित त्रिपाठी ने बताया यूजीसी के अधिकारियों को हमने मांगें सौंप दी हैं। वे हमारी मांगों की सूची में से कुछ बिंदुओं पर चर्चा करने के लिए सहमत हुए हैं। त्रिपाठी ने कहा यूजीसी के अधिकारियों ने बताया कि वे इक्विटी स्क्वाड में सामान्य समुदाय से एक सदस्य की नियुक्ति की हमारी मांग पर विचार करेंगे। दूसरा, आयोग ने हमें आश्वासन दिया कि वह 15 दिनों के भीतर यानी 12 फरवरी से पहले, कोई समाधान निकालेगा। अंत में, उन्होंने बताया कि झूठी शिकायतों को रोकने के लिए शिकायतकर्ता की पहचान गुप्त नहीं रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि विरोध करने वाले समूह को आश्वासन दिया गया है कि उनकी बात सुनी जाएगी। विरोध प्रदर्शन करने वालों ने छात्र समुदाय से एकता की अपील करते हुए ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर** बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट ने सेवा भाव में कोई कमी नहीं आने देने का जताया भरोसा

## जाड़े से निजात दिलाने के लिए विराज सागर दास ने जलवाये अलाव

अनिल कुमार सिंह







लखनऊ। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने मंगलवार को गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों को जाड़े से निजात दिलाने के लिए राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव जलवाने की व्यवस्था की। इससे लोगों ने बड़ी राहत महसूस की। ट्रेन-बस पकड़ने वाले यात्रियों और सवारियों की प्रतीक्षा कर रहे ऑटो रिक्शा चालकों ने भी अलाव तापकर सर्दी से राहत पाई। मंगलवार को तमाम राहगीर, डिलीवरी ब्वॉय, ऑटो रिक्शा चालक, गरीब, मजदूर और यात्रीगण सर्दी से बचने के लिए जगह-जगह अलाव तापते नजर आए। अस्पताल में भर्ती मरीजों के तीमारदारों ने भी विराज सागर दास द्वारा जलवाए गए अलाव का लुत्फ उठाया।

गौरतलब है कि जाड़े की रात गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती है। अलाव सर्दी से लड़ने में उनके सहायक बनते हैं। ऐसे लोगों की मदद के लिए शहर के हर गली-मोहल्ले व चौराहे पर विराजसागर दास अलाव जलवा रहे हैं जो लोगों को सर्दी से बचाने में बड़ी भूमिका अदा कर रहे हैं। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के निर्देश पर उनके लोगों ने मंगलवार को शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों मालवीय नगर, राजाजीपुरम, छोटा इमामबाड़ा, विकास नगर सब्जी मण्डी, नीरा नर्सिंग होम, खदरा, मोहन मीकिंग बाल्मीकि बस्ती, पेपर मिल कॉलोनी, हनुमान ...शेष पृष्ठ 14 पर



गणतंत्र दिवस पर विक्रमादित्य मार्ग स्थित अपने आवास पर झंडा रोहण करतीं बीबीडी ग्रुप की वाइस प्रेसिडेंट सोनाक्षी दास फोटो : समीर भटनागर

संक्षेप

## युवती के अपहरण का केस दर्ज

प्रतापगढ़। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चौबीस जनवरी को दोपहर करीब साढ़े बारह बजे उसकी बाइस वर्षीया पुत्री घर से लालगंज बाजार खरीददारी करने गयी थी। उसके वापस न लौटने पर काफी खोजबीन की गयी लेकिन युवती का कहीं पता नहीं चल सका। पीड़ित का आरोप है कि गायब पुत्री के मोबाइल पर संपर्क करने पर अज्ञात व्यक्ति फोन उठा रहा है। पीड़ित ने आरोपी द्वारा युवती को अपहृत किये जाने की तहरीर पुलिस को सौंपी है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## ईरिक्शा चालक को पीटा

प्रतापगढ़। किराया मांगने पर ईरिक्शा चालक को आरोपी ने जमकर मारापीटा। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के देवली कोहरचका गांव निवासी संतोष कुमार सिंह पुत्र रामकुबेर सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती एक जनवरी को राहुल पुत्र उदयराज सिंह तीन सौ रुपए में उसका ईरिक्शा बुक करके थाना अंतू ले गया था। आरोप है कि आरोपी द्वारा उस दिन पैसा ईरिक्शा का किराया नहीं दिया। अगले दिन ईरिक्शा चालक किराया मांगने पीड़ित के घर गया तो आरोपी ने गाली देते हुए उसे मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## किराया मांगने पर ईरिक्शा चालक को पीटा, केस दर्ज

प्रतापगढ़। किराया मांगने पर ईरिक्शा चालक को आरोपी ने जमकर मारापीटा। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के देवली कोहरचका गांव निवासी संतोष कुमार सिंह पुत्र रामकुबेर सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती एक जनवरी को राहुल पुत्र उदयराज सिंह तीन सौ रुपए में उसका ईरिक्शा बुक करके थाना अंतू ले गया था। आरोप है कि आरोपी द्वारा उस दिन पैसा ईरिक्शा का किराया नहीं दिया। अगले दिन ईरिक्शा चालक किराया मांगने पीड़ित के घर गया तो आरोपी ने गाली देते हुए उसे मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## संग्रामपुर में टूटी नालियां, ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी

सिद्धार्थनगर- इटवा विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायत संग्रामपुर जल निकासी और सड़क की समस्याओं से जूझ रही है। गांव में नालियां टूटी हुई हैं और मरम्मत के अभाव में चोक हो गई हैं। इसके कारण नालियों का प्रदूषित पानी मुख्य सड़क पर आ जाता है, जिससे ग्रामीणों को कीचड़ भरे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। गांव के मुख्य मार्ग पर टूटी नालियों के कारण जलजमाव रहता है। ग्रामीणों के घरों के सामने गंदगी और दुर्गंध फैलने से जल जनित बीमारियों का खतरा बना हुआ है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण गांव का गंदा पानी सहकारी समिति के सामने जमा रहता है, जिससे वहां आने वाले किसानों और राहगीरों को भारी परेशानी होती है। ग्रामीणों में राम कृपाल, माधव, राम प्रसाद पिंटू, राजेश कुमार और झम्मन ने बताया कि टूटी नालियों और जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिम्मेदार अधिकारियों से कई बार शिकायत करने के बावजूद ग्राम प्रधान केवल आश्वासन दे रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराने की गुहार लगाई है ताकि उन्हें इस समस्या से निजात मिल सके। इस संबंध में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विजय सिंह चौधरी ने कहा कि समस्या का समाधान शीघ्र किया जाएगा।

## डीएम से शिकायत

प्रतापगढ़। भूमिधरी व नवीन परती की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने के आरोप में पीड़ित ने जिलाधिकारी से शिकायत की है। लालगंज कोतवाली के चौखड़ देवापुर गांव निवासी रामप्रताप वर्मा पुत्र बाबूलाल वर्मा ने जिलाधिकारी को भेजे गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि बीती छब्बीस जनवरी को सुबह करीब ग्यारह बजे गांव के विपक्षी उसकी भूमिधरी जमीन तथा उसी के बगल स्थित नवीन परती की जमीन पर जबरन दीवार बनाकर कब्जा करने लगे।

# गणतंत्र दिवस पर आन-बान-शान से फहरा तिरंगा

## कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी ने किया ध्वजारोहण



**श्रावस्ती।** 26 जनवरी जनपद श्रावस्ती में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास, देशभक्ति और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर जिले के सभी सरकारी, गैर-सरकारी कार्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में ध्वजारोहण, राष्ट्रगान तथा संविधान में उल्लिखित संकल्पों का स्मरण किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई तथा देशप्रेम से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने ध्वजारोहण कर गार्ड की सलामी ली। इसके पश्चात आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने अधिकारियों व कर्मचारियों को भारतीय संविधान के पालन एवं नशामुक्ति की शपथ दिलाई। गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित क्रॉसकंट्री दौड़ प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की 5 किमी दौड़ में बॉबी राना प्रथम, किशन लाल द्वितीय, प्रवेश लाल तृतीय स्थान पर रहे। वहीं बालिका वर्ग की 3 किमी दौड़ में नैना द्विवेदी ने प्रथम, सानिया बानो ने द्वितीय तथा महिमा यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को ट्रैक सूट एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

गणतंत्र दिवस का मुख्य कार्यक्रम पुलिस लाइन भिनगा में सम्पन्न हुआ, जहां जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी की उपस्थिति में ध्वजारोहण, राष्ट्रगान तथा पुलिस परेड का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने कहा कि 26 जनवरी 1950 को हमारा संविधान लागू हुआ और भारत एक लोकतांत्रिक गणराज्य बना। संविधान हमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व का मार्ग दिखाता है। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों एवं संविधान निमार्ताओं को नमन करते हुए कहा कि श्रावस्ती केवल ऐतिहासिक ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत की भी भूमि है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा, अनुशासन और नवाचार के माध्यम से देश को आगे बढ़ाएं तथा भ्रष्टाचार, असमानता और हिंसा के विरुद्ध एकजुट हों। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने उपस्थित जनसमुदाय, पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान और मतदान की शपथ दिलाई। गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में शांति व खुशहाली के प्रतीक तिरंगे रंग के गुब्बारे आकाश में छोड़े गए। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक अजीत उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश, विधायकगण, जिलास्तरीय अधिकारी, पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में जनसमुदाय उपस्थित रहा।

## गणतंत्र दिवस पर भव्य परेड में दिखा ऐतिहासिक व मनमोहक दृश्य



श्रावस्ती। 26 जनवरी 2026 को 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चन्द्र उत्तम के नेतृत्व में रिजर्व पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में भव्य, अनुशासित, गौरवशाली, प्रेरणादायक और ऐतिहासिक परेड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय रहे, जिनके द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। परेड ग्राउंड का दृश्य लाल किले जैसा प्रतीत हो रहा था और वातावरण देशभक्ति, राष्ट्रप्रेम, उत्साह, उमंग, एकता और समर्पण से ओतप्रोत रहा।

भव्य परेड का नेतृत्व प्रथम कमांडर क्षेत्राधिकारी लाइन आलोक कुमार सिंह, द्वितीय कमांडर प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार तथा तृतीय कमांडर उप निरीक्षक विनोद कुमार राणा ने किया। परेड के लिए कुल 08 टोलियों का गठन किया गया। टोली संख्या 1 के कमांडर उप निरीक्षक अनुराग सिंह, टोली संख्या 2 के उप निरीक्षक आदर्श कुमार मौर्य, टोली संख्या 3 के उप निरीक्षक अजय यादव, टोली संख्या 4 के उप निरीक्षक विवेक पाण्डेय, टोली संख्या 5 के उप निरीक्षक अरूण कुमार सिंह, टोली संख्या 6 के उप निरीक्षक सूरज यादव, टोली संख्या 7 (महिला टोली) की कमांडर महिला उप निरीक्षक अर्चना तथा टोली संख्या 8 एसएसबी के कमांडर उप निरीक्षक सिरतो सन्थोई कोम रहे। वाहन दस्ता के कमांडर संतोष कुमार यादव बनाए गए थे।

परेड में पुलिस विभाग की आपातकालीन एवं त्वरित सेवा देने वाली इकाइयों 112, मोटर साइकिल दस्ता, यातायात विभाग, अग्निशमन विभाग, त्वरित प्रतिक्रिया दल, फॉरेंसिक टीम, शक्ति मोबाइल तथा रेडियो शाखा ने शानदार, सशक्त, सराहनीय और अनुकरणीय प्रदर्शन किया।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर डीजी उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा सराहनीय सेवा मेडल रेडियो निरीक्षक शिव नारायण एवं मुख्य आरक्षी राधेश्याम सिंह को प्रदान किया गया। वहीं गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अति उत्कृष्ट सेवा मेडल मुख्य आरक्षी श्याम बिहारी यादव एवं मुख्य आरक्षी सत्येंद्र यादव को मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक यूपी 112 द्वारा उत्कृष्ट कार्य हेतु उप निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी संतोष कुमार यादव सहित 10 पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। फायर सर्विस भिनगा में तैनात अग्निशमन अधिकारी संजय कुमार जायसवाल सहित 4 कर्मियों को महाकुंभ सेवा मेडल व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। वर्ष 2025 में उत्कृष्ट, निष्ठावान और कर्तव्यनिष्ठ सेवा के लिए जनपद के 40 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी द्वारा जिलाधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय को मोमेंटो भेंट किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन महिला आरक्षी मोहिनी विश्वकर्मा एवं अजीत उपाध्याय (बेसिक शिक्षा विभाग) ने किया। पुलिस परिवार के सदस्यों तथा राजकीय आश्रम पद्धति भयापुरवा के छात्रों द्वारा देशभक्ति गीतों, नृत्यों और नाटकों की प्रभावशाली, भावनात्मक और मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन मीडिया सेल प्रभारी उप निरीक्षक शशि शेखर जरोरा द्वारा किया गया।

## आरबीएस इंटर कॉलेज में धूमधाम से मना 77वां गणतंत्र दिवस





**बहराइच/श्रावस्ती।** जनपद के आरवीएस इंटर कॉलेज केला गांव कौड़हा में धूमधाम से 77वॉ गणतंत्र दिवस मनाया गया। कॉलेज के प्रबंधक डॉक्टर ममता सिंह परिहार द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

एनसीसी कैडेट ने अपने पारंपरिकअंदाज में तिरंगे को सलामी दी। कॉलेज की छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण किया गया जिसमें मुख्य रूप से सरस्वती वंदना स्वागत गीत कान्हा फोडोना मटकी एकांकी तथा छोटी - छोटी प्रस्तुतियां सबका मनमोहन लिया।

प्रबंधक डॉ ममता सिंह परिहार ने अपने उद्बोधन में बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की और आगे कहा कि संविधान को समझने मानने का पहला पाठ स्कूलों से ही शुरू होता है। उन्होंने राष्ट्र के प्रेम की सीख देती हुई कहा कि भर जीवन की सुहानी होती है, अनकही सबकी कहानी होती है, नाज जिस पर कर सकें मां भारती, धन्य वस उसकी जवानी होती है। विद्यालय के प्राचार्य पंकज पाठक ने अपने उद्बोधन में गणतंत्र दिवस के महत्व को समझाते हुए कहा कि भारत स्वतंत्र हो और उसकी कार्य प्रणाली का निर्धारण समान रूप से हो इस उद्देश्य को लेकर संविधान की स्थापना की गई जो हमें समरसता समानता और धर्मनिरपेक्षता का बोध कराता है। विद्यालय के संरक्षक बी. एस. परिहार ने बच्चों के मनमोहक प्रस्तुतियों की प्रशंसा की उन्हें आगे बढ़ाने को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में नियम और अनुशासन का बहुत महत्व है जिस प्रकार प्रकृति की अनुशासनहीनता विनाश की ओर ले जाती है इस प्रकार अनुशासनहीनता मानो जीवन के सफल और सक्षम जीवन की बाधक है।

## गल्ला कारोबार की आड़ में किसानों से चार करोड़ की ठगी

### एक साल तक चलता रहा खेल, अब गिरोह सलाखों के पीछे

**सिद्धार्थनगर-** जनपद में गल्ला व्यापार की आड़ में किसानों से चार करोड़ रुपए से अधिक की ठगी का बड़ा मामला सामने आया है। इटवा और आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय एक गिरोह ने सैकड़ों किसानों से उधार पर धान और गेहूं खरीदा, लेकिन भुगतान किए बिना फरार हो गया। यह ठगी एक साल से चल रही थी, जिसका अब पदार्फाश हुआ है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि यह ठगी सुनियोजित तरीके से की गई थी। गिरोह के सदस्य खुद को विश्वसनीय गल्ला व्यापारी बताते थे। शुरूआत में किसानों से छोटे लेन-देन किए गए और समय पर भुगतान कर उनका विश्वास जीता गया। एक बार जब बड़ी मात्रा में फसल उनके हाथ लगी, तो उन्होंने भुगतान रोक दिया और धीरे-धीरे इलाके से गायब हो गए। इस ठगी का किसानों पर आर्थिक और सामाजिक प्रभाव पड़ा है। अपनी साल भर की मेहनत गंवाने के बाद कई किसान कर्ज में डूब गए हैं। उन्हें बीज, खाद और मजदूरी के लिए साहूकारों से ऊंचे ब्याज पर कर्ज लेना पड़ा। कुछ पीड़ित किसानों ने बताया कि भुगतान न मिलने के कारण उनके बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हुई और घर चलाना मुश्किल हो गया। पीड़ित किसानों की शिकायतों के बाद पुलिस ने मामले की गहन जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि यह ठगी केवल एक-दो किसानों तक सीमित नहीं थी, बल्कि एक बड़े नेटवर्क द्वारा अंजाम दी गई थी। इटवा के अलावा, बलरामपुर जिले के किसान भी इस गिरोह का शिकार बने थे। कुल गबन की राशि लगभग चार करोड़ रुपए आंकी गई है। जांच में यह भी पता चला है कि इस गिरोह का संचालन पारिवारिक स्तर पर किया जा रहा था, जिसमें महिलाएं और पुरुष दोनों शामिल थे। वे एक ही पते से गल्ला खरीदते थे और लेन-देन का रिकॉर्ड अव्यवस्थित रखते थे। दबाव बढ़ने पर वे नाम और पता बदलने की तैयारी पहले से ही रखते थे। इटवा थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों ने सिद्धार्थनगर और बलरामपुर के लगभग 100 से अधिक किसानों से गेहूं और चावल की खरीद की थी। जिलाधिकारी सिद्धार्थ नगर से अनुमोदन लेने के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## अभद्रता व मारपीट की हुई शिकायत

प्रतापगढ़। युवती के साथ अभद्रता व विरोध करने पर युवती के भाई के साथ मारपीट को लेकर पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे लंबरदार रांकी गांव निवासी रिहाना बानो पुत्री लियाकत अली ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पचीस जनवरी की शाम करीब पांच बजे गांव के दो युवक बाइक से उसके दरवाजे पर पहुंचे और हार्न बजाने लगे। पीड़िता के बाहर निकलने पर युवक उससे जबरन उसका मोबाइल नंबर मांगने लगे।

## सुरक्षा के साथ रामपुरखास में होगा चतुर्दिक विकास : मोना

### लालगंज में एसआईआर अभियान को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक



**प्रतापगढ़।** सांगीपुर विकासखण्ड के खानीपुर स्थित बाबा नर्वदेश्वर धाम के समीप आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने क्षेत्रीय जनता को संबोधित किया।

उन्होने कहा कि रामपुरखास में विकास का पहिया अनवरत जारी रहेगा। विधायक मोना ने कहा कि बिजली पानी व सड़क के साथ ही शासन से संचालित सभी योजनाओं को हर वर्ग के लोगों तक पहुंचाने का प्रयास जारी रहेगा। उन्होने कहा कि राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी के सहयोग से जनता को विकास की हर योजनाओं से जोड़ा जाएगा। विधायक मोना ने कहा कि विकास के साथ ही सभी वर्ग के लोगों के मान सम्मान की सुरक्षा के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष किया जाएगा। उन्होने कहा कि रामपुरखास में लोगों के मान सम्मान को सुरक्षित रखने के साथ ही एकता व भाईचारे को मजबूत बनाते हुए विकास का संकल्प लगातार चलता रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू व संयोजन पवन सिंह ने किया। इसके पश्चात विधायक मोना बाबा घुइसरनाथ धाम पहुंची और मत्था टेककर जनकल्याण की कामना किया।

लालगंज कैम्प कार्यालय पर देर शाम पहुंची विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कार्यकताओं के साथ बैठक कर एसआईआर अभियान की समीक्षा किया। उन्होने कार्यकताओं से कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में एक भी मतदाता छूटना नहीं चाहिए इसके लिए कार्यकताओं को घर घर जाकर संपर्क करना होगा। उन्होने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण का भरोसा दिलाया। उन्होने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि एसआईआर अभियान के माध्यम से सरकार जनता के मताधिकार का अधिकार पर डांका डालना चाहती है। कार्यक्रम में विधायक पुत्र राघव मिश्र भी मौजूद रहे। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज, प्रधानाचार्य अमिताभ शुक्ला, जिपंस लल्लन सिंह, अभिनन्दन सिंह, सूबेदार सिंह, अनुराग सिंह, पूर्व प्रमुख दृगपाल यादव, रामकृपाल पासी, गुडडू सिंह, राजू मिश्र, आशुतोष मिश्र, रोहित सिंह, राजू सिंह, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर परखी सुरक्षा व्यवस्था



सिद्धार्थनगर। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन के आदेश के अनुपालन में दायित्वों के प्रति क्रियाशील जनपद पुलिस मुखयमंत्री उ0प्र 0योगी आदित्यनाथ के जनपद सिद्धार्थनगर में आगमन पर जनपद पुलिस ने पैदल गश्त चेकिंग कर आम जनमानस को सुरक्षा का यहशास कराया गया।सिद्धार्थनगर महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री, के जनपद आगमन के दृष्टिगत सिद्धार्थनगर पुलिस ने सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में पैदल गश्त/चेकिंग कर आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया।सिद्धार्थनगर महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर मुख्यमंत्री का आगमन आज होगा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गत मंगलवार को जनपद के क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने सर्किल/थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट (बाजार, रेलवे स्टेशन, बार्डर एरिया) पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में पैदल गश्त एवं गहन चेकिंग किया गया। तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील भी किया गया।

## धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस




प्रतापगढ़। 77वें गणतंत्र दिवस पर लालगंज में धूमधाम से तिरंगा फहराया गया। वही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी सम्पन्न हुए। तहसील में एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने तिरंगा झण्डा फहराया। यहां आयोजित संगोष्ठी में अधिवक्ताओं तथा न्यायिक संवर्ग के कर्मचारियों को संविधान की रक्षा का संकल्प दिलाया। ब्लाक मुख्यालय पर प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह तथा बीडीओ मानवेन्द्र शर्मा के संयोजन में गणतंत्र दिवस मनाया गया। नगर पंचायत कार्यालय पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता द्विवेदी ने तिरंगा फहराया। संयोजन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने किया। नगर स्थित एचएन बहुगुणा पीजी कालेज में प्राचार्य डॉ0 ऋचासुकुमार, सरस्वती विद्या मंदिर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में डॉ0 अमित सिंह, पं0 नागेशदत्त पब्लिक स्कूल व भागवतदत्त महाविद्यालय में प्रबन्धक सुनीता मिश्रा ने प्रकाशचंद्र मिश्र के साथ झण्डारोहण किया। विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मंत्रमुग्ध किया। वहीं आइन्सटीन पब्लिक स्कूल में निदेशिका श्रुति शुक्ला, राम अंजोर मिश्र इण्टर कालेज में प्रधानाचार्य सुनील कुमार शुक्ल, सरोजनी कान्वेंट स्कूल में प्रबन्धक अजय श्रीवास्तव, चिल्डेज्न पैराडाइज स्कूल में आदर्श मिश्र ने झण्डारोहण किया। वन प्रभाग में वन क्षेत्राधिकारी एसपी मिश्र, एसडीओ कार्यालय में एसडीओ आशुतोष कुमार, सीएचसी कार्यालय पर अधीक्षक डा0 अरविन्द गुप्ता ने झण्डा फहराया। वहीं स्कूलों में बच्चों द्वारा मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

## निरीक्षण में अनियमितता मिलने पर डीएम का चढ़ा पारा

### एसडीएम को कारण बताओ नोटिस



जिला संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी ने मंगलवार को तहसील लालगंज का सघन निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण में राजस्व न्यायालयों में गंभीर अनियमितता दिखने पर विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिये है। वहीं अनियमितता पर तीन कर्मचारियों के विरूद्ध विभागीय कार्रवाई दो को प्रतिकूल प्रवृष्टि के साथ ही एसडीएम को कारण बताओ नोटिस दी है। जिलाधिकारी शिवसहाय अवस्थी मंगलवार को निरीक्षण को लेकर तहसील पहुंचे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त पटल के अभिलेखों के रखरखाव, लम्बित प्रकरणों, न्यायालयीय कार्यो की स्थिति का परीक्षण किया।

लम्बित राजस्व पत्रावलियों, भूलेख पटल, खतौनी कक्ष, पटटा रजिस्टर, आय-व्यय एवं जाति प्रमाण पत्र पटल, नजारत रिकार्ड रूम तथा न्यायालय से सम्बन्धित अभिलेखों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने एसडीएम कोर्ट में रखी विभिन्न धाराओं से जुड़ी राजस्व वाद का भी निरीक्षण किया। इसमें पेशकार की कार्यप्रणाली ठीक न मिलने पर डीएम की भृकुटी तनी दिखी। वहीं कुछ मामलों में लेखपाल के बयान दर्ज हो जाने के बावजूद महीनों से आदेश लम्बित पड़े होने, पत्रावलियों का रखरखाव ठीक न होने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए पेशकार के विरूद्ध विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिये। वहीं एसडीएम व तहसीलदार द्वारा निरीक्षण बुकलेट का बिना अवलोकन किये ही प्रस्तुत कर देने तथा उसमें आधी अधूरी सूचनाएं अंकित मिलने पर डीएम का पारा चढ़ गया। डीएम ने न्यायिक कोर्ट के निरीक्षण में भी विभिन्न खामियां मिलने पर कडी नाराजगी जताते हुए एसडीएम को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही पत्रावलियों में विविध प्रकार की लापरवाही उजागर होने पर उप जिलाधिकारी न्यायिक के पेशकार के विरूद्ध भी विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिये। डीएम ने उप जिलाधिकारी व तहसीलदार को कड़े शब्दों में निर्देशित किया कि समय समय पर कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया जाय। अभिलेखागार के निरीक्षण में अग्निशमन यंत्र ठीक न पाये जाने पर तथा अभिलेखागार के रिकार्ड दुरूस्त न मिलने पर डीएम ने अभिलेखागार प्रभारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिये।

## डीएम-एसएसपी ने बीएसए ग्राउंड पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था परखी, जवानों को दिए निर्देश



सिद्धार्थनगर- महोत्सव के उद्घाटन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित दौरे से पहले प्रशासन और पुलिस सतर्क हो गई है। मंगलवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने बीएसए ग्राउंड स्थित कार्यक्रम स्थल का दौरा किया। उन्होंने वहां तैनात पुलिस बल को सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में सीधे निर्देश दिए। अधिकारियों ने पुलिसकर्मियों को सुरक्षा के हर पहलू पर चौकस रहने को कहा। ब्रीफिंग के दौरान मंच, वीवीआईपी क्षेत्र, आम दर्शक दीर्घा, प्रवेश-निकास मार्गों के साथ-साथ यातायात और पार्किंग व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री के आगमन के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी जिलाधिकारी और एसएसपी ने बताया कि महोत्सव में बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की संभावना है, जिससे भीड़ प्रबंधन एक बड़ी चुनौती होगी। पुलिसकर्मियों को लगातार सतर्क रहने, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और आपसी समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और आम जनता को असुविधा से बचाने के लिए भी खास निर्देश दिए गए।कार्यक्रम स्थल के आसपास जाम की स्थिति से बचने के लिए पार्किंग के लिए अलग-अलग स्थान चिन्हित किए गए हैं! अधिकारियों ने मौके पर मौजूद अन्य अधिकारियों से तैयारियों की जानकारी ली और कुछ आवश्यक सुधारों के निर्देश भी दिए।

# घबराइए मत, हर समस्या का होगा समाधान : मुख्यमंत्री

## जनता दर्शन में सीएम योगी आदित्यनाथ ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं



जिला संवाददाता

गोरखपुर। सोमवार देर शाम गोरखपुर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रात्रि प्रवास करने के बाद मंगलवार सुबह जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात की। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों की ध्यान से बात सुनी, उनके प्रार्थना पत्र को पढ़ा। और, फिर आत्मीयता से बोले, ह्यघबराइए मत, समस्या का समाधान कराया जाएगा।ह्व जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका त्वरित, गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शी निराकरण कराएं। मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे। अपनेपन के भाव मे ह्यकहां से आए हैं, क्या बात हैह्व, कहते हुए एक-एक कर सबकी समस्याएं सुनीं। भरोसा दिया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी परेशान होने या घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर उन्होंने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। हर बार की तरह इस बार भी जनता दर्शन में कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी, सरकार भरपूर आर्थिक मदद देगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को सीएम योगी आदित्यनाथ ने खूब प्यार दुलार दिया। उन्हें स्कूल जाने और पढ़ने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने बच्चों को चॉकलेट भी दी।

### मंदिर की गोशाला में सीएम योगी ने की गोसेवा



गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने तथा अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा समक्ष शीश झुकाने के बाद वह मंदिर परिसर के भ्रमण पर निकले। उन्होंने मंदिर की गोशाला में पहुंचकर गोसेवा की। गोशाला में सीएम योगी ने गोवंश का नाम लेकर पुकारा। गोवंश के पास आने पर उन्हें खूब दुलारा और अपने हाथों से उन्हें रोटी-गुड़ खिलाया।

गोरखनाथ मंदिर की गोशाला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पहुंचने पर एक मोर भी उनके पास आ जाता है। मुख्यमंत्री ने इस मोर को पुंज नाम से पुकारते हैं। सीएम योगी ने गोशाला में मोर पर भी स्नेह लुटाया। उन्होंने रोटी के छोटे टुकड़े कर अपने हाथों से मोर को खिलाया।

# लोक कल्याण की भावना से होता है व्यक्ति का नाम : सीएम योगी



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोक कल्याण की भावना रखने वाले व्यक्ति का ही नाम समाज में विख्यात होता है। समाज लालच की भावना रखने वाले व्यक्ति को अच्छे भाव से याद नहीं करता है। याद रखना होगा कि लोक कल्याण ही राष्ट्र कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। सीएम योगी मंगलवार अपराह्न भगवती प्रसाद कन्या महाविद्यालय इंटर कॉलेज में हीरक जयंती समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रणेता स्वर्गीय भगवती प्रसाद को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक कल्याण की भावना से उन्होंने इस विद्यालय की स्थापना के लिए करीब आठ दशक पहले तीन लाख चांदी की मुद्राएं दे दी थीं। आज उसका सुफल सबके सामने है। समाज बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की इस लोक कल्याण भावना को कृतज्ञतापूर्वक याद करता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अच्छी नीयत से जब कोई कार्य किया जाता है तो उसके परिणाम भी अच्छे आते हैं। इसलिए हमें अच्छी नीयत के साथ अच्छा कार्य करना चाहिए। भगवान श्रीकृष्ण के गीतोपदेश का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि कार्य करते समय परिणाम की चिंता नहीं करनी चाहिए। बिना हार जीत की परवाह के जो सद्कर्म करता है तो उसे सफलता जरूर मिलती है। स्वर्गीय भगवती प्रसाद ने भी इसी सद्कर्म की प्रेरणा दी है। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करते रहें, आगे बढ़ते रहें। तकनीक जरूरी, पर इसके अधीन न बनें सीएम योगी ने वर्तमान दौर में तकनीक को जरूरी बताने के साथ आगाह किया कि तकनीक के अधीन न बनें बल्कि तकनीक को अपने अधीन रखें। उन्होंने कहा कि तकनीक का सदुपयोग करके शिक्षा के क्षेत्र में प्री प्राइमरी से लेकर डिग्री स्तर तक अनेक बेहतर कार्य किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि तकनीक के सदुपयोग से 60 लाख बच्चों को पुनः स्कूल लाने में सफलता मिली है। कहा कि समयानुकूल तकनीक प्रगति के लिए जरूरी है। सीएम ने उदाहरण देकर समझाया कि पहले नाला सफाई के लिए मजदूर को उसमें उतरना पड़ता था। हानिकारक गैसों के बीच सफाई करनी पड़ती थी लेकिन आज रोबोटिक्स से नाला सफाई हो जा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप बनाएं कार्ययोजना सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में तैयार राष्ट्रीय शिक्षा नीति में बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष जोर दिए जाने की चर्चा की।

## शिलापट्ट का किया अनावरण, स्मारिका का किया विमोचन



गोरखनाथ। मुख्यमंत्री ने विद्यालय के हीरक जयंती द्वार एवं सम्पूर्ण विद्यालय भवन के पुनरुद्धार के शिलापट्ट का अनावरण किया। साथ ही विद्यालय के प्रणेता स्वर्गीय भगवती प्रसाद एवं संस्थापक स्वर्गीय महादेव प्रसाद की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय में चित्रकला विभाग, गृहविज्ञान विभाग, व्यावसायिक विभाग एवं रेडक्रॉस की तरफ से लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन कर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। मंच पर आने के बाद सीएम योगी ने विद्यालय की हीरक जयंती स्मारिका चेतना का विमोचन किया। इस अवसर पर शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली विद्यालय की छात्राओं को मुख्यमंत्री के हाथों सम्मान प्राप्त हुआ। भगवती प्रसाद कन्या इंटर कॉलेज के हीरक जयंती समारोह में स्वागत संबोधन विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष ऋषभ जैन ने किया, जबकि विद्यालय प्रबंधक डॉ. शिवशरण दास ने विद्यालय की स्थापना की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। हीरक जयंती समारोह में सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, पूर्व महापौर अंजू चौधरी, पुष्पदंत जैन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## महाविद्यालय के प्राचार्य ने ध्वजारोहण किया



इटावा। महाविद्यालय में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। ध्वजारोहण कॉलेज के प्राचार्य प्रो. महेन्द्र सिंह, प्रबंध समिति अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार वर्मा तथा मंत्री ओमकार नाथ वर्मा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंध समिति के सभी पदाधिकारी व सदस्य तथा शिक्षक, कर्मचारी व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा हमें आजादी महान स्वतंत्रता सेनानियों, क्रांतिकारियों, अमर शहीदों के लंबे संघर्ष के बाद मिली। देश उनका ऋणी है, हमें उनके द्वारा देखे गए आजाद भारत के सपनो को पूरा करने की जिम्मेदारी है। महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार वर्मा ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी औ? प्राचार्य को महाविद्यालय में नई ऊर्जा का संचार करने औ? शैक्षिक व अनुशासन के वातावरण को लगातार बेहतर करने हेतु लगातार किये जा रहे प्रयासों सराहना की। शिक्षा निदेशक के सन्देश का वाचन डॉ. सुजीत कुमार ने किया। कालेज के एन.सी.सी. प्रभारी लेफ्टिनेंट प्रो. सुनील सिंह सेंगर के निर्देशन में कॉलेज के एन.सी.सी. कैडिटों तथा रॉबर्स रेंजर्स के स्वयंसेवकों ने राष्ट्र ध्वज को सलामी दी। महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा राष्ट्रभक्ति, देशप्रेम व राष्ट्र के महान सपूतो की स्मृति व सम्मान में संस्कृति कार्यक्रमों में गायन, नृत्य तथा काव्य पाठ की प्रस्तुति दी गई। संचालन चीफ प्रॉक्टर प्रो.शिवराज सिंह यादव एवं प्रो पदमा त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से किया। महाविद्यालय में पूर्व में सांस्कृतिक सप्ताह प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर विजेता छात्र छात्राओं को शील्ड एवं प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस मौके पर प्रो ओमकुमारी, प्रो अरुण कुमार, प्रो मनोज गुप्ता, प्रो रमाशंकर यादव, प्रो हिमांशु, डा सुरभि यादव, डा अजरा बेगम, प्रो राजवीर सिंह, डा सुशील वर्मा, डा अंकुर वर्मा, बड़ेबाबू मधुसूदन, पवन वर्मा, अवनींद्र, मोहन वर्मा, रतन कुमारी, अंबुज दीक्षित, आशीष पटेल, बंटू, विक्रांत, राकेश वर्मा आदि सहित शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय ने किया झंडारोहण



इटावा। भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा ने 77वें गणतंत्र दिवस पर श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय राहतपुर में झंडारोहण कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। झंडारोहण घनश्याम तिवारी एवं महेश चंद्र तिवारी अलकापुरी ने संयुक्त रूप से किया। धर्मार्थ सेवा शाखा के अध्यक्ष हरिदत्त दीक्षित ने सभी को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले अमर शहीदों का पुण्य स्मरण कर भारतीय गणतंत्र को पूरी दुनिया में सिरमौर बनाने का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम में परिषद के प्रांतीय प्रभारी संस्कार केके त्रिपाठी, शाखा के सचिव महेश कुमार बाथम, कोषाध्यक्ष सीबी मिश्रा, राजनरायन चैधरी, विनोद त्रिपाठी, रामौतार शर्मा, आचार्य महेश चंद्र तिवारी, रविशंकर चैधरी, चिकित्सालय के निदेशक राजेंद्र कुमार दीक्षित, डा. प्रभाकर कटियार, डा. आशीष दीक्षित, रमाकांत पाठक, समीक्षा चैधरी, पारस, रामजीत, ओम बाथम, अंकुर, अनिल उपस्थित रहे।

# जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में किया ध्वजारोहण

## पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में भव्य रूप से मना गणतंत्र दिवस समारोह

जिला संवाददाता

- उत्कृष्ट सेवा के लिए पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को किया गया सम्मानित
- भारत किसी व्यक्ति या वर्ग का नहीं, बल्कि 140 करोड़ नागरिकों की चेतना : स्वतंत्र देव

गोरखपुर। 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर गोरखपुर पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में भव्य, अनुशासित और गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने ध्वजारोहण किया। परेड का निरीक्षण किया और मार्च पास्ट की सलामी ली। देशभक्ति के वातावरण में आयोजित इस समारोह की शुरूआत प्रथम परेड कमांडर अरुण कुमार एस द्वारा मुख्य अतिथि को परेड की सलामी देने के साथ हुई। मुख्य अतिथि के आगमन पर एडीजी जोन गोरखपुर मुथा अशोक जैन, डीआईजी रेंज गोरखपुर एस.एस. चनप्पा एवं डीआईजी/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि ने ध्वजारोहण किया और राष्ट्रगान के साथ पूरे परेड ग्राउंड में देशभक्ति का संचार हो गया। इसके बाद मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने परेड का निरीक्षण किया और भव्य मार्च पास्ट की सलामी ली।

जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि गणतंत्र दिवस भारत के आत्मसम्मान, स्वाभिमान और लोकतंत्र की शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ है और युवाओं के लिए शिक्षा, रोजगार व स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि भारत किसी व्यक्ति या वर्ग का नहीं, बल्कि 140 करोड़ नागरिकों की चेतना है। आज पूरी दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। जल शक्ति मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि देश को न झुकने और न मिटने देने का संकल्प जमीन पर उतारा जा रहा है। उन्होंने अनुच्छेद 370 की समाप्ति, आतंकवाद पर कड़ी कार्रवाई, विदेशों में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी, सेना, किसानों और श्रमिकों के योगदान की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत विश्व को दिशा देने वाला अग्रणी राष्ट्र बनेगा।

समारोह के दौरान स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन उप निरीक्षक सुनीता सिंह द्वारा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाले छात्र-छात्राओं को एडीजी जोन, डीआईजी रेंज, डीएम ,एसएसपी की श्रीमति जी सम्मानित की समारोह के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर द्वारा एडीजी जोन मुथा अशोक जैन, डीआईजी रेंज एस.एस. चनप्पा, मंडलायुक्त अनिल ढींगरा, जनपद न्यायाधीश राजकुमार सिंह एवं जिलाधिकारी दीपक मीणा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनपद में बेहतर कानून-व्यवस्था, न्यायिक एवं प्रशासनिक समन्वय की सराहना की गई। प्रथम परेड कमांडर सहायक पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार एस,द्वितीय परेड कमांडर सहायक पुलिस अधीक्षक दिनेश गोदारा,तृतीय परेड कमांडर साजिद अली को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पदक एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित अधिकारी/कर्मचारी गणतंत्र दिवस के अवसर पर गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जनपद गोरखपुर के कई पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को अति उत्कृष्ट सेवा पदक, उत्कृष्ट सेवा पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाने की घोषणा की गई थी मुख्य अतिथि स्वतंत्रता दिवस सिंह ने सभी को सम्मानित किया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश राजकुमार सिंह, मंडलायुक्त अनिल ढींगरा, जिलाधिकारी दीपक मीणा, विधायक प्रदीप शुक्ला, सभी पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## 77वें गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण के साथ रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन

चरगांवा, गोरखपुर। 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों के साथ ही शिक्षण संस्थानों में हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर मनाया गया। इस क्रम में विकास खण्ड चरगांवा परिसर में ध्वजारोहण ब्लॉक प्रमुख चरगांवा श्रीमती वंदना सिंह द्वारा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रणविजय सिंह मुन्ना व खण्ड विकास अधिकारी चरगांवा सत्य प्रकाश सिंह की उपस्थिति में किया गया।

इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी ( पंचायत )सतीश चतुवेर्दी सहित समस्त सहायक विकास अधिकारी,ग्राम विकास अधिकारी गण राजेश गुप्ता,ऋषि कुमार सिंह,वकील कुमार,मत्स्यराज,मनोज कुमार,श्रीमती नेहा गुप्ता,प्रीती अग्रहरी , अमीत कुमार श्रीवास्तव,खुशबू उपाध्याय व ग्राम पंचायत अधिकारी गण रुचि नायक, अनिकेत श्रीवास्तव,आदित्य मिश्रा सहित अन्य कार्यालय के कर्मचारी गण मौजूद रहे । प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चरगांवा परिसर में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ० वी० के० चौधरी द्वारा ध्वजारोहण किया गया इस अवसर पर स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार सहित डॉ ० विनय कुमार सिंह ( आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी ) सहित अन्य सभी चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे । चरगांवा विकास खण्ड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत क्रमशः जंगल धूसर व ग्राम पंचायत जंगल अहमद अली शाह स्थित ग्राम पंचायत सचिवालय में ध्वजारोहण ग्राम प्रधान राजेन्द्र निषाद व ग्राम प्रधान माधो प्रसाद द्वारा ग्राम पंचायत सचिव/ ग्राम विकास अधिकारी वकील कुमार की उपस्थिति में किया गया । विद्युत उप केंद्र पादरी बाजार परिसर में ध्वजारोहण अवर अभियंता ई ० विजय कुमार सिंह द्वारा किया गया व सुप्रभा गर्ल्स इंटरमीडिएट कॉलेज शिवपुर सहबाजगंज में विद्यालय के प्रबंध निदेशक अशोक कुमार मिश्रा द्वारा ध्वजारोहण किया गया इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती कंचन मिश्रा व समस्त शिक्षक गण व अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने वित्त मंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा



इटावा। केंद्रीय बजट में उद्योग एवं व्यापार जगत को राहत प्रदान किए जाने के संबंध में उधोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर प्रांतीय आह्वान पर केन्द्रीय वित्त मंत्री को संबोधि ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा। व्यापारीयों ने मांग कि रोजगार सृजन बढ़ती महंगाई, ऊँची ब्याज दरें, जटिल नियम कानून एवं साइबर अपराध जैसी समस्याओं के कारण व्यापारी एवं उद्यमी वर्ग गंभीर संकट का सामना कर रहा है। केंद्रीय बजट में उद्योग एवं व्यापार के हित में निम्नलिखित प्रस्तावों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर राहत प्रदान करने की कृपा करें उद्योग एवं व्यापार के लिए दिए जा रहे बैंक ऋणों की वर्तमान ऊँची ब्याज दरों में कटौती किए जाने का प्रस्ताव लागू किया जाए। व्यापारी एवं उद्यमियों के ऋण खाते मात्र तीन माह की किस्त, ब्याज जमा न होने पर एनपीए घोषित कर दिए जाते हैं, जिससे चलता हुआ व्यापार एवं उद्योग बंद हो जाता है। एनपीए घोषित करने की समय सीमा 3 माह से बढ़ाकर कम से कम 6 माह की जाए तथा एनपीए हो चुके खातों के लिए विशेष पुनर्स्थापना योजना लागू की जाए। जीएसटी के अंतर्गत वर्तमान में उपलब्धं दुर्घटना बीमा 10 लाख तक सीमित है, जिसे संशोधित करते हुए किसी भी कारण से होने वाली मृत्यु की स्थिति में 10 लाख का बीमा लाभ पंजीकृत व्यापारी, उद्यमी को प्रदान किए जाने का प्रावधान किया जाए। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष हाजी शेख आफताब, अशोक जाटव, हाजी चांद मंसूरी, महिला प्रदेश मंत्री मंजूलता द्विवेदी, युवा जिलाध्यक्ष रियाज अब्बासी, महिला जिलाध्यक्ष शकीला बेगम, महिला शहर अध्यक्ष पूर्वी सक्सेना, युवा महामंत्री अजीत कुमार, सुनील कुशवाहा, युवा उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव, शेख नबाब, मुदित दीक्षित, राहुल सक्सेना, महिला जिलामहामंत्री अंजू यादव, ममता दुबे, तनु वर्मा, देव गुप्ता, जिलाउपाध्यक्ष रंजना वर्मा सुमन यादव पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अखिल व्यापार मंडल ने पुलिस सहायता बूथ पर किया ध्वजारोहण



इटावा। 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा रोडवेज बस स्टैंड स्थित पुलिस सहायता बूथ पर गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. विदिशा शुक्ला सहायक आयुक्त राज्य कर विभाग एवं अति विशिष्ट अतिथि यशवंत सिंह शहर कोतवाल जिलाध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से तिरंगा फहराया। संचालन व्यापारी नेता जिलामहामंत्री धर्मेंद्र जैन ने किया। जिलाध्यक्ष जागेश्वर अग्रवाल, जिलासंरक्षक गणेश प्रसाद अग्रवाल, बृजेंद्र यादव, महिला जिलासंरक्षक सुशीला राजावत, महिला जिलाध्यक्ष अर्चना कुशवाहा, महिला जिला महामंत्री वर्षा दुबे, महिला जिलाउपाध्यक्ष पूजा श्रीवास्तव, युवा प्रदेशमंत्री पंकज कुशवाहा, जिलाकोषाध्यक्ष सर्वेश चैहान, युवा जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह कुशवाहा, युवा जिलामहामंत्री रंजीत सिंह कुशवाहा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष लल्लू वारसी हरिओम गुप्ता, डॉ. हरिशंकर पटेल, रविंद्र सिंह कुशवाहा, जिला प्रवक्ता इकरार अहमद, नगर प्रभारी संजय वर्मा, नगर महामंत्री उपदेश मिश्रा, युवा जिलाप्रभारी उत्तम सिंह प्रजापति, जिलाउपाध्यक्ष विकास गुप्ता विक्की, सतीक मंसूरी, जिलामंत्री यामीन रिंकू चैधरी, वसीम राईन इबादुर्रहमान, संजीव राजपूत, जैनुल आबेदीन, संतोष राजपूत, अवधेश कुमार, पर्वेंद्र सिंह, मंडी अध्यक्ष सतेंद्र कुशवाहा, युवा जिलाउपाध्यक्ष अशोक कुशवाहा, नगरमंत्री उमेश कुशवाहा, आकाश वर्मा, अभिषेक जैन, राजा वारसी सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

# मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन का आयोजन संपन्न

## पदाधिकारियों को परिचय पत्र वितरित



इटावा। इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा नए पदाधिकारियों के लिए परिचय पत्र वितरण,नियुक्ति पत्र वितरण एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिले भर से बड़ी संख्या में पत्रकार, पदाधिकारी एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। यह आयोजन पत्रकार हितों, एकजुटता और संगठन की मजबूती को समर्पित रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चित्रकूट धाम से पधारे महामंडलेश्वर राजेंद्र दास महाराज, विट्ठल आश्रम इटावा के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर शिवम महाराज, तथा राष्ट्रीय जय मां काली सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल गुरु जी महाराज व विशिष्ट अतिथि के रूप में इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुशील कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुशील कुमार ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया वेलफेयर एसोसिएशन पत्रकारों के अधिकारों, सुरक्षा और सम्मान के लिए निरंतर संघर्ष कर रहा है। आज पत्रकार अनेक चुनौतियों से जूझ रहा है, ऐसे में संगठन की एकजुटता सबसे बड़ी ताकत है। कार्यक्रम के दौरान संगठन के नए पदाधिकारियों को परिचय पत्र व नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। प्रदेश अध्यक्ष सुघर सिंह मौजूद रहे। इसके साथ ही समाज और पत्रकारिता के क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने वाले पत्रकार मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार गणेश ज्ञानार्थी, वरिष्ठ पत्रकार खादिम अब्बास, अतुल वी.एन चतुवेर्दी, अमित मिश्रा, विष्णु राठौर, करन यादव, विनीत कुमार, असित यादव, अनिल चैधरी, रघुवीर यादव, इदरीश, कुलदीप, रवि कुमार, पवन मिश्रा एडवोकेट को माल्यार्पण एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## पांच दिवसीय बैंकिंग की मांग को लेकर प्रदर्शन

इटावा। बैंकों में पांच दिवसीय कार्य सेवा लागू न किए जाने के विरोध में यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर मंगलवार को जिले की सभी बैंकों के अधिकारी एवं कर्मचारी हड़ताल पर रहे। हड़ताल के तहत शहर के प्रमुख शास्त्री चैराहा स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य शाखा पर बैंककर्मियों ने एकत्र होकर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता कामरेड महेश सिंह भदौरिया ने की तथा संचालन कामरेड जयदीप सिंह ने किया। धरना स्थल पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी होती रही और बैंककर्मियों में भारी आक्रोश देखने को मिला। धरने को संबोधित करते हुए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के जिलामंत्री मनोज भदोरिया ने कहा कि पांच दिवसीय बैंकिंग की मांग बीते लगभग दस वर्षों से लगातार उठाई जा रही है, लेकिन केंद्र सरकार इस पर गंभीरता से विचार नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि बढ़ते कार्यभार और स्टाफ की कमी के चलते बैंककर्मी मानसिक दबाव में काम कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश बैंक एम्पलाइज यूनियन के जिला मंत्री राजीव सिंह ने बताया कि पांच दिवसीय बैंकिंग की मांग को सरकार की एजेंसी इंडियन बैंक एसोसिएशन पहले ही मंजूरी दे चुकी है। इसके तहत प्रतिदिन बैंकिंग कार्य का समय बढ़ाया जाना है और प्रत्येक शनिवार को अवकाश का प्रावधान है, बावजूद इसके सरकार ने इसे अब तक लागू नहीं किया है। पंजाब नेशनल बैंक के जिलामंत्री मुकेश बाबू ने सरकार के रवैये की आलोचना करते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही मांगों को पूरा नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के जिला मंत्री श्रृशांक शर्मा ने कहा कि लगातार बढ़ते दबाव के कारण कई बैंककर्मी अवसाद में जा रहे हैं, यहां तक कि आत्महत्या जैसी घटनाएं भी सामने आ रही हैं।

# यूजीसी के नियमों का देश व्यापी विरोध



शाहिद ए चौधरी

बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने 26 जनवरी 2026 को देर रात लगभग 12:15 बजे अपना सरकारी आवास खाली कर दिया। इससे पहले वह जिलाधिकारी अविनाश सिंह के आवास पर अपने इस्तीफे की हार्ड कॉपी लेकर पहुंचे थे, जहां वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी मौजूद थे। वहां से लौटने पर उन्होंने गंभीर आरोप लगाया कि डीएम के पास लखनऊ से किसी का फोन आया था, जिसके बाद उन्हें 45 मिनट तक बंधक बनाये रखा गया, वह किसी तरह से छूट कर बाहर आये और 'भय व असुरक्षा' के कारण देर रात में ही उन्होंने अपना सामान एक ट्रक में भरा तथा किसी गोपनीय स्थान पर चले गये। वह जब जा रहे थे तो बड़ी संख्या में वहां एकत्र ब्राह्मण संगठनों के सदस्यों ने उनके पक्ष में नारे लगाये, जिससे यह अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है कि जिन मुद्दों को उठाते हुए उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दिया है, उसके समर्थन में सवर्ण समाज का बड़ा वर्ग उनसे सहमत है व उनके समर्थन में है। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने भी अग्निहोत्री से फोन पर बात की है और उन्हें सरकारी पद से भी बड़ा पद धर्म के क्षेत्र में देने का प्रस्ताव रखा है।

अग्निहोत्री ने पहले ई-मेल के जरिये अपना इस्तीफा उत्तर प्रदेश के राज्यपाल व बरेली के डीएम को भेजा था, जिसे राज्य सरकार ने स्वीकार नहीं किया है बल्कि उन्हें प्रथम दृष्टया अवचार (मिसकंडक्ट) का दोषी पाते हुए तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है और उनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिये गये हैं। अनुशासनात्मक प्रक्रियाओं की निगरानी करने के लिए बरेली डिवीजन के आयुक्त को जांच अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। अग्निहोत्री के पांच पेज के इस्तीफे में मुख्य रूप से दो बातें हैं- एक, उनके अनुसार यूजीसी (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग) के नये नियम 'काला कानून' हैं जो कॉलेजों व विश्वविद्यालयों के शिक्षा वातावरण को दूषित करेंगे, विशेषकर सवर्ण वर्गों के खिलाफ। अग्निहोत्री की मांग है कि यूजीसी के नये नियमों को पहली फुर्सत में वापस लिया जाये। दूसरा यह कि माघ मेले में मौनी अमावस्या स्नान के दौरान शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का अपमान किया गया व उनके बटुक शिष्यों के साथ मारपीट हुई और प्रशासन ने इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई अभी तक नहीं की है। इन दोनों ही बातों को लेकर पूरे देश में बहुत बड़ा हंगामा व विवाद खड़ा हो गया है।

> यूजीसी अध्यक्ष विनीत जोशी की तरफ से अभी तक इस संदर्भ में कोई बयान जारी नहीं किया गया है। बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने यह आश्वासन तो दिया है कि किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होगा, लेकिन इस आश्वासन का कोई अर्थ नहीं है, जब तक नियमों में संशोधन कर दुरुपयोग की आशंका पर विराम नहीं लगा दिया जाता।




सामयिक

फिलहाल के लिए हम सिर्फ यूजीसी के नये नियमों पर ही चर्चा करते हैं, जिन्हें गठित करने का आदेश सुप्रीम कोर्ट ने यूजीसी को जनवरी 2025 में दिया था, क्योंकि जनवरी 2016 में तेलंगाना में रोहित वेमुला और मई 2019 में पायल ताडवी की आत्महत्या मामलों के बाद पीड़ित परिजनों ने 29 अगस्त 2019 को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल करके जातीय भेदभाव की शिकायतों से निपटने के लिए कठोर नियम बनाने की मांग की थी। इसके बाद यूजीसी ने एक ड्राफ्ट तैयार किया, जिसकी समीक्षा शिक्षा, महिला व युवा मामलों की संसदीय समिति ने की और 8 दिसम्बर 2025 को अपनी सिफारिशें केंद्र सरकार को सौंपीं।

यूजीसी (उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देना) विनियम, 2026 को 13 जनवरी 2026 को अधिसूचित किया गया था और 15 जनवरी 2026 से इसे लागू कर दिया गया। यह विनियम 2012 से लागू भेदभाव-रोधी नियमों का संशोधित रूप हैं। पिछले साल फरवरी में यूजीसी ने इन नियमों के मसौदा संस्करण को सार्वजनिक सुझावों के लिए जारी किया था, जिसमें ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) को जाति-आधारित भेदभाव के दायरे से बाहर रखा गया था और भेदभाव की परिभाषा अस्पष्ट थी। मसौदा नियमों में यह भी प्रस्ताव था कि भेदभाव की झूठी शिकायतों को 'हतोत्साहित' किया जाये और इसके लिए जुमार्ने का प्रस्ताव रखा गया था। लेकिन अंतिम अधिसूचित नियमों में यूजीसी ने ओबीसी को जाति-आधारित भेदभाव के दायरे में शामिल किया है और झूठी शिकायतों से संबंधित प्रावधान को हटा दिया गया है। साथ ही, 'भेदभाव' की परिभाषा को थोड़ा विस्तृत किया गया है ताकि इसमें साल 2012 के विनियमों में शामिल कुछ बिन्दुओं को लिया जा सके। इसके अतिरिक्त जाति-आधारित भेदभाव को रोकने के लिए प्रत्येक परिसर में समानता समितियों (इक्वेलिटी कमेटी) के गठन को अनिवार्य कर दिया गया है। इनका पालन न करने पर संस्थान को डिग्री या कार्यक्रम प्रदान करने से रोकने जैसे दंड का सामना करना पड़ सकता है। जाति-आधारित भेदभाव का अर्थ यह है कि केवल जाति या जनजाति के आधार पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी के सदस्यों के खिलाफ किया गया भेदभाव है। भेदभाव की परिभाषा किसी भी हितधारक के खिलाफ, चाहे प्रत्यक्ष हो या अप्रत्यक्ष, केवल धर्म, जाति, लिंग, जन्मस्थान, विकलांगता या इसमें से किसी भी आधार पर किया गया अनुचित, भिन्न या पक्षपातपूर्ण व्यवहार या ऐसा कोई भी कार्य भेदभाव के अंतर्गत शामिल किया जायेगा। अब सवाल यह है कि यूजीसी के इन नियमों को लेकर देशभर में विरोध प्रदर्शन क्यों हो रहे हैं, विशेषकर सवर्ण वर्गों द्वारा? उच्च शिक्षा संस्थानों में भेदभाव को रोकने के उद्देश्य से आरंभ हुई इस कवायद ने राजनीतिक रंग ले लिया है। इन नियमों को 'काला कानून' बताकर विरोध करने वालों का कहना है कि नये नियमों के तहत सामान्य वर्ग के छात्रों को आशंकित अपराधी करार दे दिया गया है। दूसरा तर्क यह कि ड्राफ्ट में झूठी या दुर्भावनापूर्ण शिकायतों के लिए जुमार्ना या निलम्बन करने का प्रावधान था, लेकिन अधिसूचित नियमों में इन प्रावधानों को हटा दिया गया है। इसका अर्थ यह हुआ कि झूठी शिकायत करने वाले का तो कुछ नहीं बिगड़ेगा, लेकिन जिस सामान्य छात्र के खिलाफ झूठी शिकायत की गई हो उसका करियर बर्बाद हो सकता है।

सवाल यह भी है कि क्या सिर्फ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी के सदस्यों के खिलाफ ही भेदभाव होता है? नहीं। भेदभाव तो किसी के भी खिलाफ हो सकता है, जिसमें सामान्य वर्ग के छात्र भी शामिल हैं। हाल के दिनों में तो अल्पसंख्यक वर्गों के छात्रों के विरुद्ध अधिक भेदभाव की शिकायतें सामने आ रही हैं। लेकिन उन्हें भी भेदभाव की परिभाषा के दायरे से बाहर रखा गया है। संविधान के अनुच्छेद 19 व 21 के तहत सभी नागरिकों को स्वतंत्रता व समानता का अधिकार है। यूजीसी के नये नियम संविधान के इन प्रावधानों का खुला उल्लंघन हैं। लेकिन क्या इन नियमों को वापस लिया जायेगा या इनमें संशोधन होगा? एक ई-मेल अभियान के माध्यम से यूजीसी व शिक्षा मंत्रालय से इन नियमों को वापस लेने का आग्रह किया जा रहा है। यूजीसी अध्यक्ष विनीत जोशी की तरफ से अभी तक इस संदर्भ में कोई बयान जारी नहीं किया गया है। बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने यह आश्वासन तो दिया है कि किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होगा, लेकिन इस आश्वासन का कोई अर्थ नहीं है, जबतक नियमों में संशोधन करके उनके दुरूपयोग की आशंका पर विराम नहीं लगा दिया जाता और यह स्वीकार नहीं किया जाता कि भेदभाव सामान्य वर्गों के छात्रों के विरुद्ध भी हो सकता है व उसको भी रोकना जरूरी है। आखिरकार सामान्य वर्गों के छात्रों के अधिकारों का भी तो सम्मान होना चाहिए।

## ट्रंप टैरिफ का विकल्प

यह ट्रंप की धमकियों का माकूल जवाब है। भारत ने अपने गणतंत्र दिवस के मौके पर अमरीका और उसकी नीतियों जैसा जवाब दिया है, उसकी जरूरत भी थी। आज भारत जिन चुनौतियों का सामना कर रहा है, उनकी प्रकृति बीते वर्षों में काफी बदल गई है, विशेष रूप से उसके बाहरी संबंधों में। वास्तव में, भारत अकेला नहीं है और इस वर्ष का गणतंत्र दिवस समारोह एक तरह से बदली हुई परिस्थितियों और उनके प्रति प्रतिक्रिया को दर्शाता है। यूरोपीय संघ के नेता एंटोनियो कोस्टा और उसुर्ला वॉन डेर लेयेन आज के समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। यह उम्मीद है कि इस सप्ताह भारत और यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देंगे। पिछले कई महीनों में, विश्व की सबसे बड़ी शक्ति अमेरिका की नीतियों और कार्रवाइयों ने वैश्विक व्यवस्था की नींव को चुनौती दी है। इससे न केवल यह धारणा टूट गई है कि अमेरिका युद्धोत्तर वैश्विक व्यवस्था का बचाव करेगा, जिसका वह प्रमुख वास्तुकार था, बल्कि यह स्वयं उसके लिए सबसे बड़ा जोखिम भी बन गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ग्रीनलैंड पर कब्जे का जुनून इसका ताजा उदाहरण है। यद्यपि ट्रंप ने अपने दावोस भाषण में बयानबाजी को कुछ कम किया लेकिन यूरोपीय और अन्य विश्व नेताओं के लिए यह स्पष्ट हो चुका है कि अमेरिका व्यापार या सुरक्षा मामलों में अब एक विश्वसनीय साझेदार नहीं रहा। इसलिए, भारत और यूरोपीय संघ के बीच संभावित समझौता महत्वपूर्ण है और यह कहना उचित होगा कि वर्तमान वैश्विक वातावरण ने इसकी तात्कालिकता को और बढ़ा दिया है। अमेरिका ने भारत को अलग तरह से निशाना बनाया है और रूसी तेल के आयात के बहाने ऊंचे शुल्क लगाए हैं। भले ही



भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता कुछ संवेदनशील क्षेत्रों को अपने दायरे से बाहर रखे, लेकिन फिर भी यह दोनों पक्षों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। ऐसी रिपोर्ट है कि यूरोपीय संघ के कार्बन सीमा समायोजन तंत्र जैसे मुद्दों को भी संबोधित किए जाने की संभावना है। हालांकि भारत की भागीदारी केवल व्यापार तक सीमित नहीं है। यूरोप भी रक्षा क्षमताओं का निर्माण कर रहा है, और इस प्रयास में भारत एक साझेदार हो सकता है। भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन इस क्षेत्र में सहभागिता को आगे बढ़ा सकता है, जिससे परस्पर लाभ होंगे। भारत का गहरा हित नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था की रक्षा करने में है, और उसे उन व्यवस्थाओं का हिस्सा होना चाहिए जो इस दिशा में काम करने की इच्छुक हैं। यद्यपि नई वैश्विक व्यवस्था के अनुरूप ढलने के लिए, भारत को विभिन्न क्षेत्रों में अपनी तैयारी को सुधारने की आवश्यकता होगी। एक गणराज्य के रूप में अपनी गहराई और विविधता का लाभ उठाना होगा। देश को अपनी प्राथमिकताओं पर पुनर्विचार करना होगा और आर्थिक तथा सामाजिक परिणामों में सुधार के लिए समायोजन करना होगा। यह 1947 तक विकसित देश बनने की संभावनाओं को भी बढ़ाएगा। भारत को विकास के सभी पहलुओं में सुधार की आवश्यकता है। इसका अर्थ यह नहीं है कि चीजें बेहतर नहीं हो रही हैं, बल्कि यह है कि गति को उल्लेखनीय रूप से तेज करने की आवश्यकता है। उदाहरण के लिए, भारत ने पिछले कुछ वर्षों में भौतिक और डिजिटल अधोसंरचना के निर्माण में अत्यंत अच्छा प्रदर्शन किया है, जिससे उत्पादक क्षमता में सुधार हुआ है। सरकार भी विनियमन हटाने पर काम कर रही है। यदि इसे सही ढंग से किया जाए, तो यह आने वाले वर्षों में विकास का सबसे बड़ा प्रेरक बन सकता है। कुल मिलाकर, इस बात पर बहुत कम बहस है कि भारत क्या चाहता है और उसे क्या करना चाहिए। वास्तविक मुद्दा यह है कि वह आगे कैसे बढ़ता है। प्रतिकूल वैश्विक वातावरण में, भारत को शीघ्र ही अपनी राह खोजनी होगी।

### विचार

वे ही व्यक्ति महान और शक्ति शाली बनते हैं जिनको अपने आप पर पूरा भरोसा रहता है।

–स्वामी विवेकानन्द.

जो मनुष्य सचमुच में विद्वान हैं वे अपनी असफलताओं से कभी भी घबराते नहीं हैं।

–शेक्सपियर.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।

–एडीसन.

जिस कर्म में भोगने की इच्छा होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म कहा जाता है।

–गीता.

जीवन कर्म का ही दूसरा नाम है। वह जो कभी कर्म नहीं करता उसका अस्तित्व है किन्तु वह जीवित नहीं है।

– हिलार्ड.

### सोशल मीडिया

अखिल विश्व गायत्री परिवार देशवासियों को अपनी संस्कृति और संस्कारों से जोड़ने तथा नयी पीढ़ी तक शास्त्रों का ज्ञान तर्कपूर्ण पद्धति से पहुंचाने का कार्य कर रहा है। अमित शाह.



भारत और यूरोपीय संघ के बीच संपन्न ऐतिहासिक एफटीए समझौता भारत की बढ़ती आर्थिक शक्ति और हमारे भरोसेमंद साझीदारी का प्रतीक है। केशव प्रसाद मौर्य.



आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में अब समस्या नहीं नहीं समाधान की बात होती है, उनके मार्गदर्शन में यूपी विकसित भारत अभियान का सारथी बनने को प्रतिबद्ध है। सीएम योगी.



## अध्यात्म साधना

### अंतर्दृष्टि

बुरी संगत हमेशा नुकसान का कारण बनती है। अपने प्रभाव में आने वाले हर हर इंसान को यह प्रभावित जरूर करती है। विचारों की एक विशेषता है कि वह अपने प्रभावों एवं संपर्क में आने वालों पर प्रभाव अवश्य डालता है। मजबूत एवं स्पष्ट विचारों का दूसरों पर असर जरूर पड़ता है। अगर आप अपृ हों और आरम्भिक अभ्यास हों तो बुरे चरित्र और दुष्ट विचार वालों से दूर रहिए। उनके कार्यों में कोई दिलचस्पी मत लीजिए। हो सके तो अरुचि प्रकट कीजिए। इससे आप उनके संक्रामक असर से बचे रहेंगे। सत्संग की महिमा अपार है। श्रेष्ठ पुरुषों का साथ गंगा के समान है। जिसमें गोता लगाने से क्लेष कटने से श्रेष्ठ पुरुषों के साथ रहने से, उनके मौखिक या लेखबद्ध विचारों मनन करने से आत्मोत्थान होता है। यदि आप अपने को अत्यंत सुदृढ़ समझते हैं तो संसार की दृष्टि से बुरे विचार वाले को अपने साथ ले जा सकते हैं। परन्तु सावधान कहीं उसका उलटा असर आप पर न हो जाये। दूसरे के अवगुण देखना अपनी बुद्धि को दूषित करना है। फोटो खींचने के कैमरे के सामने जो चीज रखी जाती है उसी का अक्स भीतर प्लेट पर खिंच जाता है। यदि आप दूसरों की बुराइयां देखेंगे तो उनके चित्र अपने अंदर अंकित करके उन्हें खुद भी ग्रहण कर लेंगे। इसलिए दूसरों के सद्गुणों पर ही दृष्टि रखिये। सबमें परमात्मा का स्वरूप देखिये और उन्हें प्रेम की दृष्टि से देखिये, आपका हृदय प्रसन्न रहेगा। यदि किसी में बुराई दिखाई पड़े तो उससे घृणा मत कीजिए और जहां तक हो सके, सुधारने का प्रयत्न कीजिए। परदोष दर्शन के कारण जो घृणा और द्वेष मन में उत्पन्न होते हैं, वह भीतर ही भीतर अशान्ति उत्पन्न करके मन को निश्चित पथ से ढिगा देते हैं। साधना को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी है कि किसी की गंदगी टटोल कर अपनी नाक को दुर्गंधित न किया जाये। अपने मजहब, विचार, या विश्वासों पर दृढ़ रहना उचित है। परन्तु दूसरों के विश्वासों को घृणा की दृष्टि से देखना या झूठा समझना अनुचित है। हम सब सत्य के आसपास चक्कर काट रहे हैं। किन्तु कोई पूर्ण सत्य तक नहीं पहुंच सका है। इसलिए हमें एक दूसरे के प्रति उदार होना चाहिए। दूसरों के दृष्टिकोण को ध्यान पूर्वक देखना चाहिए और सत्य को स्वीकार करने को उद्यत रहना चाहिए। कट्टरता ऐसा दुर्गण है जिसके कारण आदमी न तो अपनी बुराइयों को छोड़ सकता है और न अच्छाइयों को ग्रहण कर सकता है। आध्यात्मिक साधक का मार्ग अत्यंत दुर्गम है। यह मार्ग अनेक बाधाओं, समस्याओं तथा संशयात्मक भीषण अरण्यों से होकर जाता है। इसमें एक विरोधी तत्व यह है कि हमारा मन ही हमारा शत्रु है, जिसे हमारा मित्र बनना चाहिए था और सत् परामर्श देना चाहिए था।

## जनता को भोजन की गारंटी!

### व्यंग्यलोक

सरकार की ओर से देश की अस्सी करोड़ जनता को दी गई भोजन की गारंटी से मैं आश्वस्त हूँ और मैं खुले आम कहता हूँ कि मेरा वोट व सपोर्ट सरकार को रहेगा। परन्तु मेरा बी.पी.एल. पड़ोसी रामभरोसे पहले से ज्यादा बैचेन हो गया है। इस घोषणा के बाद सीधा मेरे पास आया और बोला- 'शर्माजी, यह भोजन का मतलब क्या होता है?' मैंने कहा- 'रामभरोसे भोजन करते-करते चालीस साल के हो गये, और मतलब मुझसे पूछ रहे हो। भोजन का मतलब दाल, भात, चपाती और सब्जी से है। फिर तुम तो 2 रुपये किलो का गेहूँ और 3 रुपये किलो का चावल खाओगे तो हाजमा एकदम दुरूस्त हो जायेगा।'

रामभरोसे बोला- 'महंगाई को पहचानते हैं साहब। खाना पकाने की गैस और दाल-सब्जियों के भाव आसमान को छू रहे हैं। ऐसे में क्या मैं आपका बताया भोजन कर सकता हूँ? क्या गुलाब जामुन मैं नहीं खा सकता?' मैं बोला- 'तुम्हारी बात में दम है रामभरोसे। लेकिन मेरा कहना है कि भोजन भले कर लेना, परन्तु गुलाब जामुन मत खाना। गुलाब जामुन नियमित खाने से मेरे शुगर हो गई है। रोज दवा लेता हूँ, तब भी कंट्रोल नहीं हो रही। इसलिए मेरे भाई सरकार के चुनावी वर्ष की लाज रखले और जो सुविधाएँ मिल रही हैं, उन्हें सहर्ष स्वीकार कर ले और अपना अमूल्य वोट अब तो समूल्य दे दे। कल हो सकता है सरकार तेरे दोनों वक्त के भोजन का टिफिन तेरे घर ही पहुंचाने की घोषणा कर दे। पता नहीं चुनाव घोषणा-पत्र आयेगा तो किस-किस बात की गारंटी दी जायेगी।' 'रहने दो साहब, खामख्वाह सरकार की तारीफें कर रहे हैं। यह सब जन कल्याणकारी सरकार का दायित्व है। उत्तराखण्ड की तबाही देखी, क्या गारंटी दी सरकार ने, उल्टे हजारों लोग बेमौत मर गये। क्या सुरक्षा की गारंटी सरकार का दायित्व नहीं है?' रामभरोसे अभी तक संतुष्ट नहीं था। मैं बोला- 'यार रामभरोसे, अब कम से कम कोई भूखा तो नहीं सोयेगा। विरोधियों ने भोजन की गारंटी में टांग अड़ाई तो वह अध्यादेश लाकर तुम्हें भोजन की गारंटी दे रही है लाला। इतनी नाराजगी ठीक नहीं। मुफ्त दवा, मुफ्त जांचे, सीधे बैंक खाते में सब्सिडी, लैपटॉप व साईकिलें बंट रही हैं और चाहते क्या हो? मैं समझ रहा हूँ तुम गुलाब जामुन खाना चाहते हो, कोठी, बंगला, कार और ऐश की जिंदगी चाहते हो। वह भी हो जायेगा। लेकिन थोड़ा धैर्य रखो। हमारा रूपया डॉलर के सामने पस्त पड़ा है। ज्यादा अपेक्षा करोगे तो वाकई कच्चा गेहूँ-चावल चाबाओगे, इसलिए मेरे भाई, सरकार पर भरोसा कर। मुझे देख इनकम टैक्स देकर महिने के बचे धन से धक्का लगाता हूँ।



पूरन सरमा

## इस तरह के दोस्तों को दूर रखिये अपनी जिंदगी से




समाज

दोस्ती का हमारे जीवन में खासा महत्व है। बचपन से लेकर आजतक न जाने कितने अलग-अलग तरह के दोस्त हम बनाते हैं। एक वो दोस्त जिनके साथ हम बड़े हुए, जिनके साथ रहते-रहते हमने स्कूली शिक्षा हासिल की, जिनके साथ हमारी अभी गाढ़ी दोस्ती है। घूमने के लिए सुबह पार्क में जाते हैं तो वहां भी आपके अच्छे खासे दोस्त बन जाते हैं, जिनसे आपकी फोन पर भी गुफ्तगू होती रहती है। पहली क्लास से लेकर कॉलेज में साथ पढ़ने वाले वो दोस्त जिनके बिना आपको अपनी जिंदगी अधूरी लगती है, जो आपके अच्छे-बुरे हर वक्त के साथी हैं। कुछ ऐसे दोस्त जिनसे आपका परिचय सोशल मीडिया पर फेसबुक या इंस्टाग्राम या किसी और माध्यम से होता है। ऑफिस में काम करने वाले आपके कुछ खास दोस्त। दोस्ती कहीं भी हो जाती है। किसी-किसी के साथ ये बहुत गहरी होती है, किसी के साथ कैजुअल होती है। किसी के साथ हमें ज्यादा समय गुजारना अच्छा नहीं लगता तो किसी के बिना कहीं जाना अच्छा नहीं लगता। अपनी हर अच्छी बुरी चीज में हमें दोस्त की जरूरत होती है। अब किसी भी दूसरी अच्छी चीजों की तरह दोस्तों की दोस्ती की भी उम्र होती है। कुछ दोस्त वक्त के साथ छूट जाते हैं तो कुछ का साथ लंबे समय तक बना रहता है। कुछ के साथ हम अपना बचपन और जवानी भी गुजारते हैं। कितनी तरह के दोस्त हैं, लेकिन कुछ ऐसे दोस्त भी होते हैं जिनके छूटने की या हमसे उनके जुड़े रहने की कोई न कोई वजह रहती है। किन्हें हमें छोड़ना है, इसकी भी एक लंबी फेहरिस्त है। जैसे-

**वो दोस्त नहीं जो आपकी तरक्की से खार खाए**

हमारे बहुत सारे दोस्त ऐसे होते हैं, जो हमारे सामने दिखने में तो हितैषी लगते हैं, लेकिन हमारी पीठ पीछे दूसरों से लगातार बुराई करते हैं। उनकी सबसे बड़ी परेशानी यही होती है कि जीवन में आप तो ज्यादा तरक्की कर गये और वो आपसे पीछे रह गये। ऐसे लोग आपको जब मुबारकबाद भी देते है तो उसमें भी व्यंग्य छुपा होता है। ऐसे दोस्त आपके लिए कभी खुश नहीं होते। दूसरों से आपके विषय में सिर्फ नेगेटिव बातें करते हैं। उन्हें अपने साथ रखने से आपका ही बुरा होना तय है। जब दूसरों से आपके बारे में की गई नेगेटिव बातें आप तक शब्दशः पहुंच ही जाती हैं, तो ऐसे दोस्त को दोस्त समझना ही क्यों और उससे दोस्ती निभानी ही क्यों?

**मतलबी दोस्त**

हमारे इर्दगिर्द ऐसे बहुत से दोस्त होते हैं, जो सिर्फ जरूरत के समय ही हमें याद करते हैं उन्हें हमसे उधार लेना हो या किसी भी तरह का फेवर लेना हो, तो वो अचानक महीनों-सालों बाद प्रकट हो जाते हैं। आप जब उसकी मदद कर देते हैं, तो वे गायब हो जाते हैं। कभी गाहे-बगाहे आपको उसकी जरूरत पड़े या अपना उधार लौटाने के लिए जब आप उससे कहते हैं तो वह आपका फोन ही उठाना बंद कर देते हैं, ऐसे लोगों को बल्कि ऐसी दोस्ती को टाटा बाय-बाय कहें, जो दोस्ती के नाम पर सिर्फ आपको ब्लैकमेल करे या आपका शोषण करे।

**आपके एक्स के दोस्त**

जिस समय आप किसी के साथ रिलेशनशिप में थे, उस दौरान उसके दोस्त से भी आपका अच्छा परिचय था। आप अपने ब्वॉय फ्रेंड या गर्ल फ्रेंड के साथ ही नहीं कभी-कभी उसके साथ भी अकसर घूमा करते थे। अब जो आपका एक्स हो चुका है, उसका वह दोस्त भी तो एक्स हो जाना चाहिए। क्योंकि जब आपका एक्स आपके जीवन में नहीं है तो उसके दोस्त का भी आपकी जिंदगी में क्या काम? इस तरह की दोस्ती के बोझ को लादना खुद को नुकसान पहुंचाना है। क्योंकि आने वाले समय में जब आप किसी और के साथ रिलेशनशिप में होंगे, तो आपके एक्स का यह एक्स फ्रेंड आपके लिए परेशानी का सबब बन सकता है।

**दोस्त का दोस्त**

ये वो दोस्त होते हैं जो आपके दोस्त के चार पांच दोस्तों में एक होते हैं। जो सिर्फ आपके साथ इसलिए रहते हैं, क्योंकि आपके अपने दोस्त के साथ अच्छा कनेक्शन है। दोस्त के दोस्त के साथ भी दोस्ती तब और भारी लगने लगती है, जब आपका वो प्यारा दोस्त आपसे दूर हो जाता है। काम की व्यस्तता या किसी और वजह से आपका उससे सालों मेल-मिलाप नहीं होता। इस तरह की जबरिया दोस्ती में आपको भला क्या अच्छा लग सकता है, इसलिए ऐसे दोस्त से दूर हो जाना ही बेहतर है। आपका कोई एक अच्छा दोस्त जिसके साथ आपकी सचमुच गहरी दोस्ती थी, एक समय ऐसा था जब आप दोनो हर समय साथ रहते थे, एक दूसरे के घर में नाइट स्टे करते थे, लेकिन अचानक जब वह किसी के साथ रिलेशनशिप में आ जाता है, तो वह आपको पूरी तरह इग्नोर करता है।

## आप की बात

### कानून का पालन

हर दिन बढ़ती दुर्घटनाएं, प्रति वर्ष डेढ़ लाख के करीब लोंगों की सड़क दुर्घटनाओं मौत, इस बात को अजागर करती है कि हम सड़कों पर चलते हुए हद दरजे की लापरवाही करते हैं, कानूनों का पालन नहीं करते, आवश्यक सुरक्षा को नहीं अपनाते हैं और बेतरतीब ड्राइविंग से दुर्घटनाओं को बढ़ावा देते हैं। इससे अपनी और दूसरों की सुरक्षा को संकट में डालते हैं। देश सड़क दुर्घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं। देश में तेजी के साथ बढ़ते हाइवे नेटवर्क के बीच यह दुखद है कि सड़क दुर्घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं और इनको रोकने की अब तक की तमाम कोशिशें सफल नहीं हुई हैं। लगभग डेढ़ लाख से अधिक लोग हर वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं। यह दुनिया में सबसे अधिक है। अप्रैल, मई 2020 में लॉकडाउन के समय दुर्घटनाएं बहुत कम हो गयी थीं लेकिन जैसे-जैसे सब कुछ खुला और वाहनों की संख्या सड़कों पर बढ़ी तो फिर से दुर्घटनाएं बेतहाशा होने लगीं। देश में दुर्घटनाएं इस कदर बढ़ती जा रही हैं कि हर साल इसमें डेढ़ लाख से अधिक लोग जान गंवा बैठते हैं। प्रदेश में भी दुर्घटनाओं का आलम यह है कि यहां सड़कें जानलेवा बन गयी हैं। हाइवे पर तो प्रायः दुर्घटनाएं होती रहती हैं। प्रदेश के हाइवे दुर्घटनाओं के केन्द्र बनते जा रहे हैं। जो हाइवे निर्बाध यात्रा, विकास एवं त्वरित परिवहन के लिए बने हैं वे काल बन गये हैं। सरकार को इसका अध्ययन कराकर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस प्रयास करना चाहिए। प्रदेश में भी तेजी के साथ हाइवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं। दरअसल देश में जिस तरह सड़क नेटवर्क बढ़ रहा है, हाइवे और एक्सप्रेस वे बढ़ रहे हैं, उसी तरह यह भी जरूरत है कि लोगों को ड्राइविंग का प्रशिक्षण भी दिया जाये। फिलहाल अभी ड्राइविंग प्रशिक्षण के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है।

**गिरीश चन्द्र वर्मा, लखनऊ.**

### बेरोजगारी चिंताजनक

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए। कौशल विकास मिशन में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए पीपीपी या एनजीओ मॉडल पर मिशन चलाने के बजाय स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए।

**अशोक कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## रूपईडीहा थाने पर तैनात चार पुलिस कर्मी लाइन हाजिर

बहराइच। जिले के रूपईडीहा थाने में तैनात चार सिपाहियों को आई जी देवीपाटन मण्डल अमित पाठक के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक ने लाइन हाजिर कर क्षेत्राधिकारी को जांच सौंपी है । रूपईडीहा थाने में तैनात आरक्षी देवेंद्र यादव , अभिषेक धर द्विवेदी , आशीष सिंह व कुलदीप दुबे पर एक युवक से पैसे लेकर उसे छोड़ने का मामला सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ था । सूत्रों की माने तो सभी ने कार सवार युवक की गाड़ी से बरामद चांदी को छोड़ने के एवज में पैसे लेकर उसे छोड़ा था । हालांकि युवक की और से इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई थी ।ओर न ही शिकायत की गई थी । इसकी जानकारी पर आई जी ने पुलिस अधीक्षक को दो दिन पूर्व जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे । जिसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए चारों सिपाहियों को लाइन हाजिर कर क्षेत्राधिकारी नानपारा को जांच सौंपी गई है ।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जांच के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

## ज्योतिर्विद परिषद अध्यक्ष पद पर राकेश कांत शुक्ल मनोनीत



बाराबंकी। धर्मजागरण धाम उ0प्र0 संयोजक अमित अवस्थी, लोधेश्वर महादेवा मंदिर के मुख्य पुजारी वीरेंद्र कुमार अवस्थी एंव ज्योतिर्विद परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष उमाकांत द्विवेदी के प्रस्ताव पर ज्योतिर्विद परिषद के अध्यक्ष पद पर राकेश कांत शुक्ल को आगामी एक वर्षीय कार्यकाल के लिए मनोनीत किया गया। धर्मसेवकों को संबोधित करते हुए संयोजक श्री अवस्थी ने कहा कि ज्योतिर्विद परिषद का मुख्य उद्देश्य अपने जनपद का एकमत पंचांग जारी करना है। जिससे हिंदू तीज, त्योहार और स्थानीय अवकाशों के समय में कोई अस्पष्टता न रहे।

# संविधान में बसती है भारत की आत्मा

## शिक्षण संस्थानों व सरकारी भवनों में फहराया गया तिरंगा



अयोध्या। जनपद में सोमवार को पारंपरिक उत्साह के साथ 77वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस दौरान शिक्षण संस्थानों व सरकारी भवनों में तिरंगा फहराया गया और देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंडलायुक्त राजेश कुमार ने अपने कैम्प कार्यालय एवं कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रशासन अजय कांत सैनी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के उपरांत तिरंगे को सलामी दी गई तथा राष्ट्रगान का वादन किया गया। इस अवसर पर आयुक्त सभागार में गणतंत्र दिवस के महत्व पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने विचार साझा किए। गणतंत्र दिवस के गौरवशाली पर्व पर जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय ध्वज को फहराया गया और संकल्प का वाचन किया गया। तत्पश्चात स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों /राष्ट्रीय नेताओं की मूर्तियों पर माल्यार्पण किया। इसके बाद कलेक्ट्रेट सभागार में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शाहिद अभय दत्त सिंह की पत्नी श्रीमती शांति देवी जी को शॉल व पुष्प माला से सम्मानित किया गया। इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर के अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय से पूर्व अपने आवास पर राष्ट्रीय ध्वज को फहराया और सलामी दी।

वहीं रिजर्व पुलिस लाइन अयोध्या में भव्य परेड का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री नितिन अग्रवाल द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,अयोध्या डा0 गौरव ग्रोवर के साथ गणतंत्र दिवस परेड का निरीक्षण किया गया तथा समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को संविधान में उल्लिखित संकल्प की शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा समाज में सहयोग, सौहार्द एवं शान्ति व्यवस्था में सहयोग करने वाले आमजन को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। गायत्री पब्लिक स्कूल रेवतीगंज में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। बच्चों, अभिभावकों, और दर्जनों क्षेत्रवासियों की उपस्थिति में प्रबंधक उमा शंकर शुक्ल और समाजसेवी राजू दूबे ने झंडा फहराया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। प्रधानाचार्या शिखा दूबे ने कहा कि भारत एक ऐसा महान राष्ट्र है जिसकी आत्मा उसके संविधान में बसती है।

जहां पर व्यवस्था लोगों की इच्छा से संचालित हो, कानून व्यक्ति से ऊपर हो और जिस देश की पहचान नागरिकों के अधिकारों, कर्तव्यों और संविधान से होने लगे वही सही मायनों में गणतांत्रिक देश होता है। आर डी पाण्डेय ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे संविधान में संस्थापित स्वतंत्रता, समानता, एकता, भाईचारा और सभी भारतीयों के लिए न्याय के सिद्धांतों को स्मरण एवं मजबूत करने का उचित अवसर है। अगर देश के नागरिक संविधान में प्रतिष्ठापित बातों का अनुसरण करेंगे तो इससे देश में अधिक लोकतांत्रिक मूल्यों का उदय होगा। शिव सागर ने कहा कि यह दिन चिंतन करने का है कि एक नागरिक होने के तौर पर हम जितना अपने अधिकारों के प्रति सजग हैं क्या अपने कर्तव्यों के प्रति भी उतने ही उत्तरदाई भी हैं। जब डिजिटल क्रांति के युग में क्षणिक लोकप्रियता और बिना जिम्मेदारी की अभिव्यक्ति कई बार युवा ऊर्जा को गलत दिशा में मोड़ देती है, ऐसे में देश का वर्तमान भले ही अनुभव और परम्परा से संचालित हो लेकिन उसका भविष्य युवाओं की सोच, आचरण और उनके मूल्यों से ही आकार लेगा। अंत में प्रबंधक उमा शंकर शुक्ल ने उपस्थित सभी अतिथियों, अभिभावकों और विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर प्रभा शंकर शुक्ल, सोनू यादव, चंद्रजीत पाण्डेय, राम सूरत तिवारी आदि मौजूद रहे। मिल्कीपुर क्षेत्र के मजनाई स्थित सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में चेयरपर्सन सुचित्रा शुक्ला ने ध्वजारोहण किया,यहां गणतंत्र दिवस के अवसर पर देशभक्ति आधारित विविध कार्यक्रम और शैक्षिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## जनपद वासियों ने धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस



बाराबंकी। जनपद में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में मनाया गया। जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिलाधिकारी कार्यालय पर सुबह 8:30 बजे जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने ध्वरारोहण किया। ध्वजारोहण के उपरान्त जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रगान एवं संविधान के प्रति निष्ठा और राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। पुलिस लाइन ग्राउण्ड़ मुख्य अतिथि राज्यमंत्री सतीश चन्द्र शर्मा ने परेड़ की सलामी ली। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुये। इसी क्रम मे पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्रीमती मोहसिना किदवाई के सिविल लाइन आवास परमास्टर सईद अहमद ने झण्डारोहण किया तथा उपस्थित लोगों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर बृजेश दीक्षित, सुरेश श्रीवास्तव, रमन द्विवेदी, मजहर अजीज खाँ मज्जू, तैय्यब किदवाई, वीरेन्द्र यादव, इरफान कुरैशी, अतीक अहमद शद्दन, हुमायू नईम खां, रमेश कश्यप, शिव शंकर वर्मा मौजूद रहे। आवास विकास रोड स्थित मानव कल्याण एसोसिएशन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव के प्रतिष्ठान पर एसोसिएशन अध्यक्ष हरिनाम वर्मा ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम मे राजीव श्रीवास्तव, कुंवर सिंह, जुबेर खान, सरदार सुरजीत सिंह, गुरमीत सिंह, हर्षित श्रीवास्तव, राकेश तिवारी, आकाश कन्नौजिया, अरमान अहमद, शोभित शाह, अनुराग वर्मा, मीडिया प्रभारी आसिफ खान मौजूद रहे।

## राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने किया ढाबे का शुभारंभ



टिकैतनगर,बाराबंकी। भेलसर-टिकैतनगर मार्ग पर ग्राम सरायबरई के पास शुद्ध शाकाहारी चौहान ढाबे का शुभारंभ मुख्य अतिथि खाद्य एंव रसद राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने फीता काटकर किया। उद्घाटन से पूर्व पुरोहित द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। ढाबा प्रबन्धक वीरेंद्र चैहान ने मुख्य अतिथि राज्यमंत्री श्री शर्मा एंव विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत टिकैतनगर अध्यक्ष जगदीश प्रसाद गुप्ता का बूके देकर स्वागत किया।

## मण्डलायुक्त ने निर्माणाधीन चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग का किया निरीक्षण

अयोध्या। मंडलायुक्त राजेश कुमार ने मंगलवार को पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार जनपद अयोध्या में निमार्णाधीन चैदह कोसी परिक्रमा मार्ग के निर्माण कार्य में भूमि/भवन अधिग्रहण से सम्बन्धित बाधाओं के निस्तारण एवं मार्ग निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता , अयो॰ अम्बे॰ वृत्त एवं कार्यदायी संस्था के अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, निर्माण खण्ड-3, लो॰नि॰वि॰, अयोध्या एवं अधिशासी अभियन्ता नगर निगम, अधिशासी अभियन्ता अयोध्या विकास प्राधिकरण, अधिशासी अभियन्ता जल निगम (नगरीय), उपजिलाधिकारी सदर, अयोध्या एवं अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहें। अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-3, लो॰नि॰वि॰, अयोध्या द्वारा मार्ग के सरेखण में भूमि/भवन से सम्बन्धित विभिन्न बाधाओं से अवगत कराया गया। अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-3, लो॰नि॰वि॰, अयोध्या व उपजिलाधिकारी (सदर), अयोध्या को निर्देशित किया गया कि मार्ग के सरेखण में आ रहे भवन इत्यादि हेतु जहाँ-जहाँ भूमि/भवन का भुगतान हो चुके है एवं ध्वस्तीकरण शेष है, को लोक निर्माण विभाग एवं राजस्व टीम द्वारा नियमानुसार कार्यवाही करते हुए शेष बचे भवनों का ध्वस्तीकरण का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करायें। मार्ग निर्माण के सरेखण में ऐसे भूमि/भवन के मामले जो तहसील स्तर पर लम्बित है, को उपजिलाधिकारी (सदर) को शीघ्रता से निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (नगरीय), अयोध्या को मार्ग पर चल रहे सीवर व वाटर सप्लाई के शेष बचे कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

## लेफ्टिनेंट कर्नल के घर को बेखौफ चोरों ने बनाया निशाना



मिल्कीपुर-अयोध्या। कुमारगंज थाना क्षेत्र के तेन्धा बाजार स्थित लेफ्टिनेंट कर्नल के आवास को बेखौफ चोरों ने निशाना बना डाला और कमरे में रखे नकदी एवं दस्तावेज पार करने में कामयाब रहे। घटना की जानकारी के बाद पीड़ित लेफ्टिनेंट के पिता ने घटना के संबंध में मुकदमा कायम किए जाने हेतु कुमारगंज पुलिस को तहरीर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तेन्धा बाजार में कमलेश कुमार अग्रहरि की आढ़त एवं मकान स्थित है। उनका बेटा भारतीय थल सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल है, जो विगत दिनों छुट्टी लेकर अपने घर आया था। उनके घर बीते 26 जनवरी की रात करीब 2 बजे एक संदिग्ध व्यक्ति घुस आया। घर के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे में उसकी गतिविधियां कैद हो गई हैं। फुटेज में एक व्यक्ति शाल ओढ़े और हाथ में बैग लिए कमरे से बाहर निकलता दिखाई दे रहा है। हालांकि, उसका चेहरा स्पष्ट नहीं है। यही नहीं बेखौफ चोरों ने घटना को अंजाम देने के बाद वापस जाते समय घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे को भी तोड़ दिया है। पीड़ित व्यवसाई कमलेश अग्रहरि ने कुमारगंज थाने में तहरीर दे दी है। उन्होंने बताया कि चोर पूजा घर में रखी अलमारी से लगभग 15 हजार नकद, पासपोर्ट, क्रेडिट कार्ड, आधार कार्ड, अन्य जरूरी कागजात और एक ब्रीफकेस लेकर फरार हो गया। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष संतोष कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस टीमें चोर की तलाश में जुटी हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार तेंधा बाजार में हाल के दिनों में यह चोरी की दूसरी बड़ी वारदात है, जिससे व्यापारियों सहित थाना क्षेत्र वासियों में चिंता बढ़ गई है।

## पसमांदा मुस्लिम महाज कार्यालय पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने किया छात्रों को सम्मानित



बाराबंकी। पसमांदा मुस्लिम राष्ट्रवादी हैं। देश के लिए कोई भी कुबार्नी दे सकते हैं। आज ही के दिन 26 जनवरी 1950 को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखा गया संविधान लागू हुआ था। आज हम हिंदुस्तानियों के लिए बहुत ही फक्र दिन है इसी संविधान ने हमे आजादी दी अपने अपने धर्म के हिसाब पूजा-इबादत करने का लाभ मिल रहा है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि अपने बच्चों को अच्छी तालीम दिलाकर डॉ0 ए0पी0जे अब्दुल कलाम, वीर अब्दुल हमीद बनाये। उक्त उद्गार सट्टी बाजार स्थित ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज कार्यालय पर आयोजित सम्मान समारोह मे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने व्यक्त किये। समारोह मे मदरसा अंसरुललूम कटरा, मदरसा इस्लामिया के बच्चों ने कुरान की तिलावत की और नात सुनाई। जिनको ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री राईन बच्चों के बैज लगाकर और मिष्ठान देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर हाजी नूरुल हसन अंसारी, निसार राईन, महमूद चैधरी, अशफाक राईन, रिजवान राईन, शफीक राईन, इसरत राईन, सादाब कुरैशी, अब्दुल्ला राईन, गुफरान राईन, अनीस राईन, वसी राईन, सलमान, इमरान राईन मौजूद रहे।

## गणतंत्र दिवस पर आयोजित हुआ कवि सम्मेलन और मुशायरा



बहराइच। गणतन्त्र दिवस के अवसर पर देर शाम नगर पालिका परिषद हाल में कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के नामचीन कवियों और शायरों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं। कवि रामसूरत वर्मा जलज एवं गोपाल शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का संचालन शिक्षक कवि संतोष सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ. मुबारक अली, अल्लन बहराइची, रश्मि प्रभाकर, फौक बहराइची, रईस सिद्दीकी बहराइची, पी. के. प्रचण्ड, तिलक राम अजनबी, प्रदीप कुमार पाण्डेय, देशराज आजाद, शाश्वत पंवार, किशोरी लाल एडवोकेट, तारिक बहराइची, अदील अहमद, शाहिद सईद, गुलाब चंद्र जायसवाल, वीरेश पांडे, लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, सुनील, नजर बहराइची, सोमेश सावन सहित अन्य कवियों एवं शायरों द्वारा अपनी रचनाएं प्रस्तुत की गयीं। कार्यक्रम के अन्त में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बहराइच के प्रतिनिधि श्यामकरन टेकड़ीवाल द्वारा कवियों एवं शायरों को अंगवस्त्र व मिष्ठान भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अधि.अधि. नगर पालिका परिषद बहराइच प्रमिता सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी, गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा बड़ी संख्या में प्रबुद्ध श्रोतागण मौजूद रहे।

## नगर निगम ने एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग के सभापति नगर निगम के द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ में विभाग के अध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि नगर निगम द्वारा चयनित टूरिस्ट गाइड की पहल से छात्रों को मार्गदर्शन मिलेगा। मुख्य अतिथि जयेंद्र कुमार ने अपने संबोधन ने कहा कि आप सभी टूरिस्ट गाइड का प्रशिक्षण विश्वविद्यालय ने किया और आपका आईडी कार्ड नगर निगम द्वारा प्रदान किया जाता था, परंतु अब आपको एक और ट्रेनिंग करके उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के द्वारा आईडी कार्ड प्राप्त करना होगा जो ज्यादा ही अभिप्रमाणित होगा। उन्होंने कहा की नगर निगम आपको सदेव सहयोग करता रहेगा।

## डीएम ने ध्वजारोहण कर ली परेड की सलामी



**बहराइच** ।77वां गणतन्त्र दिवस जनपद में गरिमापूर्ण ढंग से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में सम्पन्न हुआ। जहाॅ पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा पुलिस परेड की सलामी ली गई। जबकि पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह द्वारा कर्तव्यनिष्ठा का सफलतापूर्वक निर्वहन करने के लिए शपथ भी दिलायी गयी। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह व अन्य न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारी, एमएलसी पदमसेन चौधरी व डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक सदर श्रीमती अनुपमा जायसवाल, सीडीओ मुकेश चन्द्र, एडीएम अमित कुमार, सीआरओ देवेन्द्र पाल सिंह, अपर पुलिस अपर नगर अशोक कुमार सिंह व ग्रामीण के दुर्गा प्रसाद तिवारी, नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद सहित अन्य अधिकारी, गणमान्य व संभ्रान्तजन, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे। ध्वजारोहण के पश्चात मुख्य अतिथि डीएम अक्षय त्रिपाठी द्वारा भव्य परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया। प्रथम कमाण्डर क्षेत्राधिकारी पयागपुर श्रीमती हर्षिता तिवारी, द्वितीय कमाण्डर प्रभारी महिला थाना श्रीमती विनीता रावत व तृतीय कमाण्डर म.उ.नि. थाना कोतवाली नगर सुश्री ऋषिका सिंह की अगुवाई में मार्च पास्ट कर राष्ट्र ध्वज को सलामी दी गई। तत्पश्चात एसपी ऑफिस, अभियोजन शाखा, आर्म्ड पुलिस, आरटीसी, महिला, सीईआर, सिविल पुलिस, एईआर, 59वीं वाहिनी एसएसबी नानपारा सहित अन्य टोलियों के साथ मोटरसाइकिल दस्ता, एण्टी रोमियो, मिशन शक्ति/1090, स्वॉट/एसओजी टीम, साइबर सेल/अत्याधुनिक दस्ता, क्यूआरटी, रेडियो शाखा, दंगा नियंत्रण, डायल 112, फील्ड यूनिट, यातायात शाखा, फायर सर्विस, एम्बुलेंस एवं ब्रासबैण्ड दस्ता द्वारा मार्च पास्ट किया गया तथा हर्ष फायरिंग कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई। गणतन्त्र दिवस समारोह में डीएम श्री त्रिपाठी द्वारा महाकुंभ-2025 के दौरान सर्वोत्तम सेवा प्रदान करने पर मुख्यमंत्री द्वारा प्रदत्त महाकुंभ उत्कृष्ट सेवा मेडल व प्रमाण पत्र से अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी व पुलिस उपाधीक्षक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन सुश्री प्रियंका यादव, उपाधीक्षक आंकिक राजसिंह यादव को महाकुंभ उत्कृष्ट सेवा मेडल/प्रमाण पत्र मिला।

## हर मनुष्य स्वयं में गणतांत्रिक मूल्यों को जागृत करे : डॉ. सुजीत चतुर्वेदी



सतरिख,बाराबंकी। टीआरसी लॉ कॉलेज में गणतन्त्र दिवस पर प्रबन्धक डा0 सुजीत चतुर्वेदी ने ध्वजारोहण कर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का माँ सरस्वती व भारत माता, महात्मा गाँधी एवं डा0 भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। जिसमे विधि छात्र छात्राओं ने सरस्वती वन्दना, देशभक्ति गीत, लघु नाटिका, नृत्य, काव्य पाठ आदि की प्रस्तुति दी। मुख्य अतिथि शासी निकाय अध्यक्ष डा0 चतुर्वेदी ने कहा कि सच्चे अर्थों में गणतंत्रात्मक व्यवस्था का सार यह है कि प्रत्येक मनुष्य को स्वयं में गणतांत्रिक मूल्यों को जागृत करना होगा। उन्होने छात्रो को पाँच अवधारणाओं स्व, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण एवं नागरिक कर्तव्य को अपनाने का मंत्र दिया। कार्यक्रम का संचालन रोहिणी त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य डा0 अश्वनी कुमार गुप्ता, चिन्मय चतुर्वेदी, डा0 अविनाश मिश्रा, डा0 इन्द्र दमन तिवारी, डा0 शिव शरन पटेल, अजय कुमार आदि शामिल रहे।

## बेंच ने एक तरफा मुकाबले में बार को दी नौ विकेट से शिकस्त



बहराइच। गणतन्त्र दिवस के अवसर पर इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में बार व बेंच के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच खेला गया। अपर जनपद सत्र न्यायाधीश पवन कुमार शर्मा एवं बार एसोसियेशन के अध्यक्ष राजेश शुक्ला के बीच हुए टास में बेंच ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए बार की टीम को 16 ओवर में 07 विकेट के नुकसान पर 149 रनों पर रोक दिया।

बार की ओर से कप्तान देशरतन सिंह ने 4 छक्के व 6 चौके की मदद से आतिशी पारी खेलते हुए मात्र 35 गेंदों में 66 रन बनायें। बेंच की ओर मान्वेन्द्र ने सर्वाधिक 03 विकेट प्राप्त कियें। लक्ष्य की पीछा करने उतरी बेंच की टीम ने मात्र 12 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 151 रन बनकार 09 विकेट से मुकाबला जीत लिया। बेंच की ओर से बल्लेवाजी करते हुए 8 छक्के व 6 चौके की मदद से मान्वेन्द्र ने 40 गेंदों पर 79 रन तथा अभिषेक पाठक ने 6 छक्के व 5 चौके की मदद से 27 गेंदों में 63 रन बनाकर टीम को जीत दिलाने में मदद की। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मान्वेन्द्र को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी एवं गेदबाज, अभिषेक पाठक सर्वश्रेष्ट बालर तथा देशरतन सर्वश्रेष्ठ फिल्डर घोषित किया गया। विजेता खिलाड़ियों को जनपद न्यायाधीश व बार के अध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से मेडल व प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

# कोई भी पात्र मतदाता सूची से न छूटे

## विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मंडलायुक्त ने की समीक्षा बैठक



जिला संवाददाता

बाराबंकी। आयुक्त/रोल प्रेक्षक अयोध्या मण्डल राजेश कुमार ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत जनपद में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक से पूर्व कलेक्टेज्ट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय पर मण्ड़लायुक्त श्री कुमार को गार्ड आफ आनर दिया गया। बैठक मे मण्ड़लायुक्त ने एसआईआर के द्वितीय चरण में जारी नोटिसों की सुनवाई के दौरान मतदाताओं की अधिकतम उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु सभी राजनीतिक दलों से सक्रिय सहयोग की अपील की। तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित एसओपी के संबंध में जानकारी दी। मण्डलायुक्त ने कहा कि अयोध्या मण्डल के सभी जनपदों की तुलना में बाराबंकी जनपद में ह्नो-मैपिंग मतदाताओं की संख्या न्यूनतम है, जो सराहनीय है। यह उपलब्धि राजनीतिक दलों के सहयोग एवं जिला प्रशासन के सतत प्रयासों का परिणाम है। इसके उपरान्त मण्डलायुक्त ने तहसील नवाबगंज में विधानसभा क्षेत्र 268-बाराबंकी एवं 269-जैदपुर के अंतर्गत एसआईआर के द्वितीय चरण में ह्नो-मैपिंगह्न वाले मतदाताओं की एईआरओ द्वारा की जा रही सुनवाई प्रक्रिया का अवलोकन किया गया। तथा विकास खंड बनीकोडर में विधानसभा क्षेत्र 270-दरियाबाद की चल रही नोटिस सुनवाई प्रक्रिया का निरीक्षण कर उपस्थित मतदाताओं से संवाद कर नोटिस तामील एवं सुनवाई प्रक्रिया के संबंध में उनके अनुभवों का फीडबैक प्राप्त किया। साथ ही एईआरओ से पोर्टल पर की जा रही कार्यवाहियों का संचालन कराकर अवलोकन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी-जिला निर्वाचन अधिकारी शशांक त्रिपाठी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निरंकार सिंह, तहसीलदार भूपेन्द्र विक्रम सिंह, संबंधित ईआरओ, एईआरओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## मैहर धाम के पीठाधीश्वर दाऊ सरकार का भक्तों ने किया स्वागत

अयोध्या। मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध शक्तिपीठ मैहर धाम के पीठाधीश्वर पवन महराज, दाऊ सरकार के जनपद आगमन पर भक्तों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। सोमवार को बीकापुर बाजार पहुंचने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में भक्त प्रयागराज हाईवे किनारे एकत्र हो गए जहां प्रधान पुजारी के काफिले के पहुंचते ही पूरा इलाका जयकारों से गूंज उठा। भक्तों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया और ह्नजय माईह्न के नारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। दाऊ सरकार ने करीब 15 मिनट तक रुककर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। उन्होंने सभी के कल्याण, सुख-समृद्धि और मंगल कामना की। उनके आशीर्वाद से श्रद्धालु अभिभूत दिखाई दिए। दाऊ सरकार का अयोध्या आगमन प्रमुख रूप से पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू की माता के निधन के उपरान्त आयोजित शोक सभा में शामिल होना था। उन्होंने पूर्व विधायक के आवास पर पहुंचकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर राघवेन्द्र सिंह, चन्द्रशेखर सिंह, जेडी सिंह, राणा प्रताप सिंह, वीरेन्द्र सिंह, नवीन सिंह, राहुल सिंह महेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने किया ध्वजारोहण

बहराइच । कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित गणतन्त्र दिवस समारोह में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर माण्टेसरी स्कूल के बच्चों द्वारा राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात डीएम ने समारोह में मौजूद लोगों को भारतीय गणतन्त्र का संकल्प दिलाया तथा ज्ञात-अज्ञात अमर सेनानियों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए जनपदवासियों को गणतन्त्र दिवस की बधाई दी। गणतन्त्र दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डीएम ने कहा कि गणतन्त्र दिवस के अवसर पर हमें संविधान के मूल सिद्धान्तों स्वतन्त्रता, समानता और राष्ट्र की एकता और अखण्डता को सुनिश्चित करने वाली बन्धुता पर अमल करने के साथ-साथ संविधान द्वारा प्रदत्त किये गये कर्तव्यों पर भी पूरी दृढ़ता के साथ अमल करना होगा। एडीएम अमित कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, डीजीसी रेवन्यू अजय शर्मा सहित अन्य वक्ताओं ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए लोगों को गणतन्त्र दिवस की बधाई दी तथा गणतन्त्र के महत्व पर प्रकाश डाला।

संक्षेप

## नहीं हुआ ध्वजारोहण

**शाहगढ़, अमेठी।** विकासखंड क्षेत्र के कौहार में स्थित पूरे खुशियाल पाठक एनम सेंटर पर गणतंत्र दिवस पर झंडा रोहण नहीं किया गया जिन्हे राष्ट्र की रक्षा करना नहीं आता, जब एएनएम शशि बाला को फोन किया गया तो उन्होंने कोई भी जानकारी देने से इनकार कियाउन्होंने कोई भी जानकारी चाहिए तो विभाग से लीजिए। केंद्र पर ध्वजारोहण ना होने से आसपास के इलाकों में पूरे दिन चर्चा होती रही।

## अमेठी के गुंगवाछ कांड में जामो एसओ से हुई जिरह

**सुलतानपुर (वीओएल)।** अमेठी के गुंगवाछ कांड में मंगलवार को एडीजे चतुर्थ जलाल मोहम्मद अकबर की कोर्ट में विवेचक जामो एसओ विनोद कुमार सिंह से बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा ने जिरह की। वादी के वकील रवि शुक्ल ने बताया कि कोर्ट ने विवेचक से शेष जिरह के लिए 30 जनवरी की तिथि नियत की है। 15 मार्च 2022 को अमेठी के ग्राम पूरे राजापुर मौजा गुंगवाछ के पूर्व ग्राम प्रधान संकठा यादव, उनके पुत्र हनुमान उर्फ बजरंगी, अमरेश यादव व पत्नी नइका उर्फ पार्वती देवी की जमीन को लेकर चल रही रंजिश में हत्या कर दी गई थी। मृतक के पुत्र अमरजीत यादव ने वर्तमान ग्राम प्रधान आशा तिवारी, उनके पति रामशंकर तिवारी व पुत्र नितिन तिवारी और गांव के बृजेश यादव, अखिलेश यादव, अभिषेक व राम दुलारे यादव के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।

## रक्तदान शिविर में 88 यूनिट ब्लड डोनेट

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर।** राहिलपारा गुरेगांव में गणतंत्र दिवस के अवसर पर समाजसेवी एवं जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी कुलदीप सिंह की ओर से निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। चिकित्सा शिविर में डॉ. सुधाकर सिंह, डॉ. पीयूष वर्मा, आभा सिंह, रामजी गुप्ता, उत्तम सिंह, आदित्य शुक्ला, आदित्य सिंह, अर्चना सिंह एवं विजय सिंह ने 472 मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। शिविर में कुल 88 लोगों ने रक्तदान कर मानवता की मिशाल पेश की। कार्यक्रम में एमएलसी शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। पूर्व विधायक अर्जुन सिंह ने कहा कि रक्तदान और निःशुल्क चिकित्सा शिविर जरूरतमंदों के लिए वरदान साबित होता है। यहां पर पूर्व प्रमुख मोनू सिंह, अवनीश सिंह गुड्डू लंभुआ, प्रदीप मिश्रा सरकार, सीता शरण त्रिपाठी, रणजीत सिंह, नगेन्द्र सिंह पूर्व अध्यक्ष, सुशील सिंह प्रमुख प्रतिनिधि सहित कई गणमान्य लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम में संदीप सिंह, शुभम पाण्डेय, गिरीश सिंह, कुलदीप आदि मौजूद रहे।

## खरसोमा बना विजेता

**गोसाईंगंज, सुलतानपुर।** सोमवार गणतंत्र दिवस खरसोमा में आयोजित स्व. बाबू हवलदार सिंह स्मारक जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के 25वें संस्करण का उद्घाटन पूर्व राज्य स्तरीय खिलाड़ी हरिश्चंद्र पाण्डेय ने फीता काटकर किया। उद्घाटन मुकाबले में खरसोमा की टीम ने सारंगपुर को पराजित कर शानदार आगाज किया। प्रतियोगिता में जिले की कुल 16 टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मुकाबला खरसोमा और गौरा के बीच बेहद रोमांचक रहा। तीन सेटों में खेले गए इस मुकाबले में पहले सेट में खरसोमा ने गौरा को 25द23 से हराया।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

## जिले भर में स्कूलों व अन्य कार्यालयों में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम



**सुलतानपुर (वीओएल)।** रिजर्व पुलिस लाइन सुलतानपुर में 77वां गणतंत्र दिवस अत्यंत गरिमामयी वातावरण में देशभक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इसके उपरांत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्र के प्रति निष्ठा, संविधान की रक्षा और कर्तव्यों के निर्वहन की शपथ दिलाई। समारोह का मुख्य आकर्षण पुलिस बल की भव्य परेड रही। तिरंगे की छांव में अनुशासित कदमताल करते हुए विभिन्न टुकड़ियों ने राष्ट्रभक्ति का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। परेड का नेतृत्व क्षेत्राधिकारी बल्दीराय आशुतोष ने किया। परेड में मोटर साइकिल दस्ता, डॉग स्क्वायड, यूपी-112, शक्ति मोबाइल, दंगा निरोधक वाहन, साइबर क्राइम सेल, विधि विज्ञान, अग्निशमन दल एवं यातायात वाहन दस्ता शामिल रहे। पुलिस बैंड की देशभक्ति धुनों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर उत्कृष्ट सेवा के लिए उप निरीक्षक अवधेश चौधरी को पुलिस महानिदेशक उप्र का सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह व थानाध्यक्ष बन्धुकला प्रमोद कुमार पटेल को प्रशंसा चिन्ह प्रदान किया गया। साथ ही सराहनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। परेड के बाद स्कूली बच्चों और पुलिस परिवार के बच्चों द्वारा देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। परेड प्रतियोगिता में महिला टोली ने प्रथम स्थान प्राप्त कर नारी शक्ति का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय सिपहा, जयसिंहपुर ने प्रथम पुरस्कार हासिल किया। समारोह राष्ट्रप्रेम और एकता के संदेश के साथ संपन्न हुआ।

### कूरेभार में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

**कूरेभार, सुलतानपुर।** कूरेभार क्षेत्र के सरकारी और गैर-सरकारी स्कूलों में 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जहां सरकारी संस्थानों पर सुबह 8:30 बजे ध्वजारोहण हुआ, जबकि विद्यालय में तिरंगा फहराया गया, राष्ट्रगान गाया गया और देशभक्ति का माहौल रहा। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिन्होंने अभिभावकों और गणमान्य लोगों को प्रभावित किया। कूरेभार ब्लॉक मुख्यालय पर बीडीओ श्री कांत की अगुवाई में ध्वजारोहण हुआ। मिष्ठान का वितरण कराया गया, जबकि कूरेभार थाना परिसर पर एसओ बिजयंत मिश्रा ने ध्वजारोहण किया। तिरंगे को पुलिस कर्मियों ने सलामी दी,इस दौरान पुलिस कर्मियों ने कर्तब्य निष्ठा के साथ देश की एकता अक्षुण बनाये रखने की सपथ ली। क्षेत्र के परिषदीय स्कूलों में शान से तिरंगा फहराया गया। सिद्दीग्नेशपुर ग्राम के मॉडर्न सी. बी. रमन स्कूल में गणतंत्र दिवस के साथ वार्षिकोत्सव भी आयोजित हुआ। विद्यालय प्रबंधक और ग्राम प्रधान दिनेश यादव ने ध्वजारोहण किया।

### युवाओं को कर्तव्य बोध आत्मसात करना चाहिए : देवांश सिंह

**सुलतानपुर।** राणा प्रताप विधि महाविद्यालय में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुई। समारोह में महाविद्यालय परिवार, विद्यार्थी तथा समाज के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख नवनीत सिंह सोनू ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों को समाज एवं राष्ट्र सेवा के लिए हर पल तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थान केवल अध्ययन का केंद्र नहीं, बल्कि समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण की कार्यशाला होते हैं, जहाँ से जिम्मेदार नागरिक तैयार होते हैं। महाविद्यालय के उप प्रबंधक देवांश सिंह ने अपने उद्बोधन में अधिकार, कर्तव्य, संवैधानिक मूल्यों तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं और विद्यार्थियों की भूमिका पर सारगर्भित विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि संविधान केवल अधिकार नहीं देता, बल्कि कर्तव्यों का बोध भी कराता है, जिसे युवा पीढ़ी को आत्मसात करना चाहिए। पूर्व प्रबंधक राम बहादुर सिंह एवं सूर्य प्रताप सिंह ने भारतीय संस्कृति की महान परंपरा और उसके संरक्षण पर अपने विचार रखे।

### कमला नेहरू संस्थान में हुआ ध्वजारोहण

**सुलतानपुर।** कमला नेहरू संस्थान में 77वां गणतंत्र दिवस प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह के नेतृत्व में पूरे राष्ट्रीय उत्साह के साथ मनाया गया। संस्थान परिवार ने संस्थापक बाबू के.एन. सिंह की समाधि पर पुष्प अर्पित किए। मुख्य अतिथि प्रो. राधेश्याम सिंह ने ध्वजारोहण किया और राष्ट्रगान सम्पन्न हुआ। डॉ. आलोक कुमार वर्मा आई क्यू ए सी निदेशक ने आज के दिन एन ई पी 2020 की मंशा के अनुरूप शिक्षकगण को कार्य करने की सलाह दी वहीं संस्थान की वरिष्ठ प्राध्यापिका व संस्कृत विभागाध्यक्षा डॉ वंदना सिंह ने संस्थान के संस्थापक व वर्तमान प्रबंधक विनोद सिंह के सपने को साकार करने की बात कही। इस अवसर पर संस्थान के अनुशासक डॉ सुधांशु प्रताप सिंह ने संविधान द्वारा दिए गए मौलिक अधिकार व कर्तव्य के अनुपालन मे स्व अनुशासन को महत्वपूर्ण बताया।

## जन-जन के मन में जनगणमन के प्रति है प्रेम और आस्था : अदिति सिंह



**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह ने सदर विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कई ग्राम सभाओं में गणतंत्र दिवस के अवसर पर शिरकत की। वहीं बेला भेला, उत्तरपारा स्थित गायत्री विद्या मंदिर स्कूल में 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर आयोजित झंडारोहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने कहा कि जन जन के मन में जनगणमन के प्रति प्रेम और आस्था है। राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक नागरिक का बराबर का योगदान है देश हित में नागरिकों का सर्वस्व सदैव न्योछावर रहा है।उन्होंने कहा कि देश के शहीदों ने हमें आजादी दिलायी उनको नमन है ।सदर विधायक ने लोगों के आत्मसम्मान को राष्ट्र का सम्मान बताया और कहा कि हमारा गौरव है कि हम भारत बासी हैं । इस अवसर पर उपस्थित लोगों से आत्मीय संवाद करते हुए, नन्हे विद्यार्थियों को संबोधित कर राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और संविधान के प्रति आस्था का संदेश दिया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के चेहरे पर दिखता आत्मविश्वास और देशभक्ति का भाव अत्यंत प्रेरणादायक है ।

## एनएसपीएस त्रिपुला में हर्षोल्लास से मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में 77 वां गणतंत्र दिवस देशभक्ति की गरिमामय वातावरण में हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। एनएसजीआई संस्थापक-प्रबंधक डॉ0 शशिकांत शर्मा ने प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, तत्पश्चात सभी ने राष्ट्रगान गाकर देश के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

ध्वजरोहन के उपरान्त छात्र/छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। कार्यक्रमों की शृंखला में देशभक्ति से ओतप्रोत सामूहिक गीत और छात्रा साक्षी पटेल की कविता विशेष रूप से सराही गयी। वहीं छात्रों द्वारा प्रस्तुत देश भक्ति, नारी शक्ति और प्रकृति संरक्षण पर आधारित श्विषयगत नृत्यश कार्यक्रम का आकर्षण केंद्र रहा। इस अवसर पर शुभांजलि मिश्रा एवं श्रद्धा शर्मा ने प्रभावशाली भाषण देकर गणतंत्र दिवस के महत्व, संविधान के मूल्यों तथा नागरिक कर्तव्यों पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के दौरान संस्थापक-प्रबंधक द्वारा विद्यालय की श्वॉल ऑफ चैरिटीश में योगदान देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। संस्थापक-प्रबंधक डॉ0 शर्मा ने 77 वें गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन अत्यंत गौरवपूर्ण है क्योंकि इसी दिन भारत देश ने अपना संविधान अपनाकर स्वयं को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतान्त्रिक गणराज्य घोषित किया। हमारे संविधान ने हमें




अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी बोध कराया है, उन्होंने छात्रों से कहा कि आप सभी कल के राष्ट्र निमार्ता हैं, इसलिए आप सभी का दायित्व और भी बढ़ जाता है, उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमें गर्व है कि विद्यालय के छात्र-छात्राएँ न केवल शैक्षिक क्षेत्र बल्कि संस्कृति, अनुशासन, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं देशभक्ति के क्षेत्र में भी निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और यही हमारे देश के स्वतंत्रता सेनानियों तथा संविधान निमार्ताओं के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, शुभी सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, ऋतुराज श्रीवास्तव, विवेक सिंह, अनुपमा सिंह, कफील अहमद सहित समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया

**अमेठी।** 77वां गणतंत्र दिवस पूरे जनपद में बडे हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सभी सरकारी, अर्द्ध सरकारी कार्यालयों, शैक्षिक संस्थानों में ध्वजारोहण के साथ ही विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर डीएम संजय चौहान द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में प्रातः 8.30 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया उसके उपरांत राष्ट्रीय ध्वज का अभिवादन किया गया, तत्पश्चात राष्ट्रगान के उपरांत डीएम ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सम्मानित नागरिकों को सामुहिक रूप से संविधान में उल्लिखित संकल्प दिलाया। इसके उपरांत विभिन्न विद्यालयों के बच्चों एवं एनसीसी कैडेट्स द्वारा परेड की सलामी ली। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित गोष्ठी के दौरान विद्यालय की छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित गोष्ठी के दौरान डीएम ने



समस्त अधिकारियों ,कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों एवं जनपद वासियों को 77वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज ही के दिन संविधान अंगीकृत हुआ था आज पूरे देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है आज ही के दिन हमें नई पहचान मिली थी उसे हम सभी को संजोकर रखना है संविधान के महत्व को हम अपने जीवन में आत्मसात करें उसे साथ लेकर चलें यही हम सबकी देश के प्रति सच्ची देशभक्ति होगी। उन्होने कहा कि 26 जनवरी 1950 को हमारा देश लोकतांत्रिक गणराज्य बना। डीएम ने कहा की हमारा संविधान विश्व का सबसे बडा संविधान है हमें अपने संविधान पर गर्व होना चाहिये, यह सबको बराबरी, स्वतंत्रता एवं समान अवसर प्रदान करता है। हमें इस आजादी की रक्षा, देश व समाज का निर्माण, प्रेम तथा सद्भावना व मेलजोल से रहना तथा सभी धर्मो का आदर करते हुए देश में अशांति और अराजकता फैलाने वाली शक्तियों के नापाक इरादों को पराजित करना होगा। उन्होंने कहा कि हम सभी को जो भी दायित्व दिए गए हैं उनका निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करें। इसके उपरांत उन्होंने गणतंत्र दिवस पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों क्रमशः अशोक कुमार द्विवेदी, राजेश कुमार सिंह, परमानंद मिश्रा, संजय सिंह व श्याम सुंदर गुप्ता को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। साथ ही सराहनीय कार्य करने वाले दो आपदा मित्रों शिवलाल शुक्ला व आरती को प्रशस्ति पत्र वं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा प्रातः 9.30 बजे पुलिस लाइन अमेठी में राज्यमंत्री संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग उप्र मयंकेश्वर शरण सिंह ने ध्वजारोहण किया तथा परेड की सलामी ली। वहीं पुलिस लाइन में एसपी अपर्णा रजत कौशिक के नेतृत्व में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस के अधिकारियों, कर्मचारियों को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### जगह-जगह हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम

**परशदेपुर, रायबरेली।** विकास खंड डीह व छतोह के तहत विद्यालयों और सरकारी संस्थानों में गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस पर अवसर पर क्षेत्र के विद्यालयों में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए जिनमें बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ग्रामीणों और कर्मचारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। डीह विकास खंड के जीडी पब्लिक इंटर मीडिएट कॉलेज में छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार की देशभक्ति और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई। बाबा रामदास इंटर मीडिएट कॉलेज मधुकरपुर में पूरे दिन गणतंत्र दिवस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया और देर शाम तक छात्र छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की। ग्राम विकास पब्लिक इंटर मीडिएट कॉलेज महेशपुर में गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया।

## स्वयं सहायता समूहों की प्रगति व योजनाओं की हुई समीक्षा

**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** कूरेभार विकास खंड में तेजस महिला प्रेरणा संकुल समिति की वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), सुलतानपुर के अंतर्गत आयोजित हुआ, जिसमें स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी सैकड़ों महिलाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। आयोजन का मुख्य उद्देश्य ह्लसमूह से समृद्धि की ओर की अवधारणा को साकार करते हुए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना तथा आजीविका सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करना रहा।वार्षिक आम सभा के दौरान स्वयं सहायता समूहों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इसमें समूहों की बचत, आंतरिक ऋण वितरण, बैंक लिंकेज, वित्तीय अनुशासन एवं आयवर्धक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही आगामी कार्ययोजना को लेकर महिलाओं से सुझाव भी लिए गए, ताकि मिशन को और प्रभावी बनाया जा सके। ब्लॉक मिशन प्रबंधन इकाई कूरेभार एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारियों ने महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं, स्वरोजगार के अवसरों और समूह संचालन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। इस दौरान ब्लॉक मिशन प्रबंधक अतिमेश्वर सिंह तथा अनामिका वर्मा ने महिलाओं को विस्तार से बताया कि किस प्रकार समूह के माध्यम से आर्थिक मजबूती हासिल की जा सकती है और नियमित बचत व समय पर ऋण भुगतान से समूह को सशक्त बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में अरुण कुमार शुक्ला और शंकर नाथ ने भी महिलाओं को संबोधित करते हुए आजीविका संवर्धन, कौशल विकास और सामूहिक प्रयासों की अहमियत पर प्रकाश डाला। उन्होंने महिलाओं से योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की।

## जिले में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस



**रायबरेली।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर डीएम हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट स्थित परिसर में झंडा फहराया। राष्ट्रगान के उपरांत डीएम ने उपस्थित लोगों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। डीएम ने भारत माता के चित्र पर पुष्प चढ़ा कर शहीदों को याद किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों को अंग वस्त्र और माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने दो दिव्यांग बच्चों को ट्राई साइकिल व व्हीलचेयर वितरित की। डीएम ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह हम लोगों के लिए बहुत ही गर्व की बात है कि आज हम अपने देश का 77 वां गणतंत्र दिवस मना रहे हैं, जो हमारे देश के इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन है। यह दिन हमें हमारे संविधान की महत्ता और उसके प्रावधानों को याद दिलाता है जो हमारे देश को एक मजबूत और स्थिर लोकतंत्र बनाने में मदद करता हैं। इस अवसर पर एडीएम (वि/रा) अमृता सिंह, एडीएम (प्रशासन) सिद्धार्थ, एडीएम (न्यायिक) विशाल कुमार यादव, नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार सहित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारिकजन और कलेक्ट्रेट परिवार के लोग उपस्थित रहे।

**अपर जिला जज ने एडीआर सेन्टर में किया ध्वजारोहण :** गणतंत्र दिवस पर एडीआर सेंटर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में राष्ट्रीय ध्वज अपर जिला जज व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य ने फहराया । अपर जनपद न्यायाधीश अनुपम शौर्य ने कहा कि गणतंत्र दिवस पर आज हम सभी इकट्ठे हुए है। राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर रायबरेली में संस्था अधीक्षक रन बहादुर ने ध्वजारोहण किया साथ की संस्था में आवासित किशोरों के साथ प्रभात फेरी किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य मीनू श्रीवास्तव की अध्यक्षता में निकाली गई।

### एसजेएस में मनाया गया गणतंत्र दिवस

**लालगंज, रायबरेली।** नगर के सर्वश्रेष्ठ अंग्रेजी माध्यम शिक्षण संस्थान एसजेएस पब्लिक स्कूल लालगंज में गणतंत्र दिवस व वसंतोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजू सिंह ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को नमनकिया। तत्पश्चात मां वीणा वादिनी का माल्यार्पण करके सांस्कृतिक कार्यक्रमों को गति प्रधान की। विद्यालय के प्रबंधक अग्रज सिंह एवं सह प्रबंधिका डॉ व अनुश्री सिंह ने अपने सन्देश में सर्वप्रथम समस्त क्षेत्रवासियों अध्यापकों व छात्रों को 77 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। चंद्र शेखर मेमोरियल पब्लिक इन्टर कॉलेज लालगंज मे विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ल व प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ल के नेतृत्व में निकली प्रभात फेरी को एसडीएम मिथिलेश कुमार त्रिपाठी और डॉक्टर अमल कुमार पटेल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## यूजीसी कानून को लेकर सरकार के विरोध में हुआ प्रदर्शन




**रायबरेली।** हरचंदपुर ब्लॉक में सवर्ण समाज द्वारा यूजीसी के नए नियमों के विरोध में प्रदर्शन किया गया ।इस विरोध प्रदर्शन का मुख्य केंद्र यूजीसी की नई अधिसूचना और सामाजिक न्याय से जुड़े नियमों में बदलाव है, जिसे सवर्ण समाज अपने बच्चों के भविष्य के लिए खतरा मान रहा है। हरचंदपुर ब्लॉक में सवर्ण समाज के लोगों और युवाओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शांतिपूर्ण धरना दिया। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि संबंधित सूची या विवादित यूजीसी नियमों को तत्काल वापस लिया जाए ताकि सामान्य वर्ग के बच्चों का भविष्य सुरक्षित रह सके। अपनी मांगों को लेकर लोगों ने हरचंदपुर ब्लॉक मुख्यालय तक कैंडल मार्च निकाला, जिसका उद्देश्य सरकार का ध्यान आकर्षित करना था। यह विरोध प्रदर्शन न केवल रायबरेली के हरचंदपुर में बल्कि जिले के अन्य हिस्सों जैसे लालगंज और कलेक्ट्रेट तक भी फैला हुआ है। इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में सवर्ण समाज के भाजपा नेता सहित नव युवा मौजूद रहे।

## रिजर्व पुलिस लाइन को स्थानांतरित करने की मांग

**अमेठी।** अमेठी के रिजर्व पुलिस लाइन को नवीन पुलिस लाइन में स्थानांतरित करने के साथ ही अमेठी नगर पंचायत में जर्जर हो चुके शौचायलयों को नया बनाने के साथ ही 99 साल की लीज पर दी हुई नगर पंचायत की दुकानों से ली जा रही मनमाना किराया वसूली पर रोक लगाने के लिए आज उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष ने डीएम को ज्ञापन सौंपा है ।ायपन में मांग की गई है अमेठी कस्बे के ककवा रोड पर मंडी समिति में संचालित हो रही रिजर्व पुलिस लाइन को गौरीगंज के नवीन पुलिस लाइन में शिफ्ट किया जाए और उसे व्यापारियों को आवंटित किया जाए जिससे व्यापारीयो को व्यापार करने की सुविधा मिल सके और सगरा तिराहा पर मंडी ना होने की वजह से लगने वाले निजात से मुक्ति मिल सके ।पत्र में मांग की गई है कि अमेठी नगर पंचायत पुरानी नगर पंचायत है और यहां शौचालय की व्यवस्था नहीं है यहां कई साल पहले 3 शौचालय बनाए गए थे जो पूरी तरह से जर्जर हो चुके हैं जिसकी मरम्मत की अत्यधिक आवश्यकता है ।इसके साथ ही मांग की गई कि नगर पंचायत द्वारा व्यापारियों को जो दुकान 99 साल की लीज पर दी गई थी उससे छह गुना किराया नगर पंचायत द्वारा बढ़ा दिया गया है ।इन बढ़े हुए कीमतों को वापस लिया जाए जिससे कि व्यापारियों को राहत मिल सके।

## धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस निकाली गयी तिरंगा रैली

**नसीराबाद, रायबरेली।** विकास खण्ड छतोह के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मॉडल इंटर कॉलेज राजापुर कुंवर मऊ, शिव विद्या मंदिर रमसापुर आदि सभी शिक्षण संस्थाओं, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,विकासखंड कार्यालय और ब्लॉक संसाधन केंद्र छतोह, थाना नसीराबाद और सभी बैंकों में भी ध्वजारोहण करके गणतंत्र दिवस मनाया गया ।इस अवसर पर क्षेत्र में अब तक की सबसे विशाल तिरंगा बाइक रैली प्रखर राष्ट्रवादी युवा नेता चैतन्य सिंह भदौरिया के नेतृत्व में छतोह ब्लॉक के राजापुर बाजार से निकाली गई। बाइकों पर राष्ट्रध्वज लहराते हजारों युवक ष्भारत माता की जयष, ष्वन्दे मातरमष, गणतंत्र दिवस अमर रहे आदि नारों से आसमान गुंजाते निकले। देशप्रेमियों का जुनून सिर चढ़कर बोल रहा था। चैतन्य सिंह भदौरिया ने बताया कि राजापुर बाजार से सैकड़ों युवक अपनी अपनी बाइक में तिरंगा ध्वज सजाकर रानीपुर,मठिया,रुस्तमपुर, रामलीला मैदान, लाला की बाजार होते हुए नसीराबाद नगर पंचायत का भ्रमण करके वापस कुँवरमऊ ग्राम पंचायत की राजापुर बाजार पहुंचे और वहीं पर रैली संपन्न हुई ।उन्होंने बताया कि इस तिरंगा बाइक रैली में कप्तान सिंह,दिवाकर मौर्य मौर्य,दिवाकर सिंह,सुनील सिंह तन्नू ,विवेक सिंह,रुद्रप्रताप,शिवांकर,महेंद्र सिंह,प्रधान राजाराम यादव, प्रेमचंद्र मौर्य, अवधेश यादव, आकाश,चंदन,सूर्यभान,विपिन मौर्य, ईशु,तूफान सिंह,शुभम सिंह आदि सैकड़ों युवाओं ने बाइक के साथ प्रतिभाग किया। इस रैली में बड़ी संख्या देशप्रेमियो ने भाग लिया।

## प्राचीन झारखंड शिव मंदिर विवाद ने लिया गंभीर रूप, 21 लोगों का चालान



**दोस्तपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** दोस्तपुर थाना क्षेत्र के बरुआ सकरवारी गांव में स्थित प्राचीन झारखंड शिव मंदिर को लेकर चल रहा विवाद लगातार गहराता जा रहा है। धार्मिक आस्था से जुड़े इस मामले ने अब कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती का रूप ले लिया है। हालात को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने दोनों पक्षों के कुल 21 लोगों का चालान किया है, बावजूद इसके क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है। जानकारी के अनुसार, विवाद उस समय और गंभीर हो गया जब एक पक्ष के तीन लोगों द्वारा खुलेआम यह धमकी दी गई कि अगर बाबा यहां रहे तो जान से मार देंगे। इस बयान से ग्रामीणों में भय और आक्रोश फैल गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि मंदिर वर्षों पुराना और सार्वजनिक आस्था का केंद्र है, जहां गांव के लोग नियमित पूजा-अर्चना करते आ रहे हैं। विवाद में एक पक्ष के सूर्यभान पांडेय, कृष्ण कुमार पांडेय और कृष्ण मुरारी का दावा है कि मंदिर उनकी निजी भूमि पर स्थित है। वहीं, ग्रामीण इसे सार्वजनिक मंदिर बताते हुए इसकी देखरेख के लिए पुजारी बृजेंद्र तिवारी की नियुक्ति किए जाने की बात कह रहे हैं। पुजारी बृजेंद्र तिवारी ने आरोप लगाया कि पिछले दो दिनों से उन्हें जान से मारने की धमकियां दी जा रही थीं। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई। थाना प्रभारी अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि पूरे प्रकरण से उपजिलाधिकारी उत्तम तिवारी और क्षेत्राधिकारी कादीपुर विनय गौतम को अवगत करा दिया गया है। एहतियातन कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक पक्ष के तीन लोगों तथा दूसरे पक्ष से पुजारी समेत 18 ग्रामीणों का धारा 151 के तहत चालान किया है। फिलहाल पुलिस मौके पर नजर बनाए हुए है। ग्रामीणों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच, सख्त कार्रवाई और विवाद के स्थायी समाधान की मांग की है, ताकि क्षेत्र में शांति और सौहार्द कायम रह सके।

## अनूप शुक्ला हत्याकांड में पिता-पुत्र समेत तीन को उम्रकैद,दोषियों पर लगा 45 हजार जुर्माना

**सुलतानपुर (वीओएल)।** अनूप शुक्ला हत्याकांड के मामले में अपर जिला जज तृतीय निशा सिंह ने मंगलवार को पिता-पुत्र समेत तीन दोषियों को उम्रकैद व 45 हजार रुपये जुमार्ना की सजा सुनाई है। कोर्ट में जुमार्ना की आधी रकम मृतक के भाई अमित शुक्ल को देने का आदेश दिया है।अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा के मुताबिक चांदा थाने के फरमापुर गांव निवासी अनूप शुक्ला की 9 सितंबर 2020 को धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी गई थी। बचाव में दौड़े मृतक के भाई अमित शुक्ला को भी मारकर घायल कर दिया गया था। मृतक की भतीजी शालिनी शुक्ला ने गांव के ही हरिश्चंद्र खरवार और उसके पुत्र वीरू उर्फ विशाल, विकास खरवार व एक किशोर के खिलाफ हत्या व जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कराया था। कोर्ट ने हरिश्चंद्र खरवार और उसके पुत्र वीरू उर्फ विशाल व विकास खरवार को सजा सुनाकर जेल भेज दिया है।




# जीत का सिलसिला जारी रखने उतरेगा भारत

## श्रृंखला जीतने के बाद अब भारत की निगाह स्पिनरों के अच्छे प्रदर्शन पर



एजेंसी

विशाखापत्तनम। अब तक खेल के हर विभाग में अपना दबदबा बनाने वाली भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भी किसी तरह की ढिलाई नहीं बरतेगी जिसमें वह स्पिनरों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद भी करेगी। अभिषेक शर्मा, सूर्यकुमार यादव और ईशान किशन के शानदार प्रदर्शन से भारत ने पहले तीनों मैच जीत कर श्रृंखला अपने नाम कर ली है। लेकिन इस बीच उसके दो प्रमुख स्पिनर कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए। कुलदीप ने दो मैचों में केवल दो विकेट लिए हैं और वह प्रभावित करने में असफल रहे हैं। उन्होंने प्रति ओवर 9.5 रन लुटाए। पिछले मैच में भी कुलदीप ने तीन महंगे ओवर किए जिनमें उन्होंने 32 रन दिए। जसप्रीत बुमराह, रवि बिश्नोई और हार्दिक पंड्या की शानदार गेंदबाजी की बदौलत भारत ने कीवी टीम को नौ विकेट पर 153 रन पर रोक दिया था। कुलदीप इससे पहले वनडे श्रृंखला में भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे, जिसमें उन्होंने तीन मैचों में तीन विकेट लिए थे और प्रति ओवर 7.28 रन दिए थे। चक्रवर्ती को पिछले मैच में विश्राम दिया गया था लेकिन पहले दो मैच में उनकी गेंदबाजी में वह धार नहीं दिखी जिसके लिए वह जाने जाते हैं। इस संदर्भ में भारत इस बात पर विचार करेगा कि क्या चौथे मैच में बिश्नोई (गुवाहाटी में 18 रन देकर दो विकेट) को ही टीम में बनाए रखा जाए और कुलदीप को विश्राम देने के लिए उनकी जगह चक्रवर्ती को वापस लाया जाए। भारत ऑलराउंडर अक्षर पटेल की फिटनेस पर भी कड़ी नजर रखेगा, क्योंकि उंगली में चोट के कारण वह नागपुर में पहले मैच के बाद से नहीं खेल पाए हैं।

भारत इस श्रृंखला में विश्व कप से पहले गेंदबाजी विभाग में अपने चरम पर पहुंचने की कोशिश कर रहा है लेकिन बल्लेबाजी में फिलहाल उसका कोई सानी नहीं दिख रहा है। इस श्रृंखला में भारतीय बल्लेबाजों ने धमाकेदार प्रदर्शन किया है। तीसरे मैच में तो भारत ने केवल 10 ओवर में ही जीत हासिल कर ली थी। अभिषेक ने 300 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं, जबकि सूर्यकुमार और किशन ने लगभग 230 के स्ट्राइक रेट को बनाए रखा है। भारत की बल्लेबाजी की आक्रामकता की बानगी पिछले दो मैच आंकड़े पेश करते हैं। भारत ने दूसरे और तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में क्रमशः 209 और 154 रन (कुल 363 रन) का पीछा करते हुए केवल 25.2 ओवर ही खेले। अगर विशाखापत्तनम की पिच की प्रकृति और ओस के प्रभाव पर ध्यान दें तो इस मैच की कहानी भी अलग नहीं होगी। इस श्रृंखला में भारत के लिए चिंता का विषय केवल संजू सैमसन का खराब फॉर्म रहा है। वह तीन मैचों में 5.33 की औसत से 16 रन ही बना पाए हैं जिससे टीम में उनके स्थान को लेकर सवाल उठने लग गए हैं। हालांकि तिलक वर्मा की चोटिल होने के कारण बाहर होने से टीम प्रबंधन संजू को खुद को साबित करने के लिए एक और मौका दे सकता है।

टीम प्रबंधन संजू को तीसरे नंबर पर भी उतारने का विचार कर सकता है। अगर ऐसा होता है तो अभिषेक के साथ किशन पारी की शुरुआत करेंगे। वनडे श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करने वाले न्यूजीलैंड के लिए टी20 श्रृंखला में अभी तक कुछ भी अच्छा नहीं रहा। उसके बल्लेबाजों ने कभी-कभार अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन गेंदबाज भारतीय बल्लेबाजों के आक्रामक रवैये का जवाब देने में विफल रहे। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि जेकब डफी उसके सबसे किफायती गेंदबाज हैं जबकि उनका इकॉनमी रेट 10.30 है।



### संन्यास लेने का विचार नहीं, जब समय आयेगा तो देर नहीं करूंगा : केएल राहुल

नयी दिल्ली। भारत के अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल ने स्वीकार किया है कि संन्यास लेने का विचार उनके मन में आया था, लेकिन उन्होंने कहा कि वह जानते हैं कि अभी इसमें कुछ समय बाकी है और जब समय आएगा तो वह इसमें देर नहीं लगाएंगे। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन के साथ बातचीत में राहुल ने कहा कि संन्यास लेना कोई मुश्किल फैसला नहीं होगा क्योंकि क्रिकेट के अलावा भी जीवन है। भारत की टेस्ट और वनडे टीमों के प्रमुख खिलाड़ी 33 वर्षीय राहुल ने पीटरसन से उनके यूट्यूब चैनल पर कहा, मैंने इसके बारे में सोचा है। मुझे नहीं लगता कि यह (संन्यास लेना) इतना मुश्किल होगा। अगर आप खुद के प्रति ईमानदार हैं तो जब समय आएगा तब इसे टालने का कोई मतलब नहीं होगा। निश्चित तौर पर इसमें अभी कुछ समय लगेगा। राहुल ने 67 टेस्ट मैचों में 35.8 के औसत से 4,053 रन और 94 वनडे मैचों में 50.9 के औसत से 3,360 रन बनाए हैं। उन्होंने 72 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 37.75 के औसत और 139 के स्ट्राइक रेट से 2,265 रन भी बनाए हैं। राहुल ने कहा कि वह खुद को सुपरस्टार या बहुत महत्वपूर्ण व्यक्ति नहीं मानते हैं, जिससे उन्हें लगता है कि भविष्य में संन्यास का फैसला करना आसान हो जाएगा। उन्होंने कहा बस चुपचाप (खेलना) छोड़ दो। जो कुछ तुम्हारे पास है, उसका आनंद लो। तुम्हारा परिवार भी है, इसलिए बस वही करो जो तुम्हें अच्छा लगे। यही सबसे कठिन है। इसलिए मैं खुद को यही समझाने की कोशिश करता हूं कि मैं बहुत महत्वपूर्ण नहीं हूं। राहुल ने कहा, हमारे देश में क्रिकेट चलता रहेगा। दुनिया भर में क्रिकेट चलता रहेगा। जीवन में और भी महत्वपूर्ण चीजें हैं और मुझे लगता है कि यह सोच मेरी हमेशा से रही है, लेकिन जब से मैं पिता बना हूं तब से जीवन के प्रति मेरा नजरिया पूरी तरह बदल गया है।

## विश्व कप के दौरान वरुण को ओस से ज्यादा दिक्कत नहीं होगी : कुंबले



नयी दिल्ली। महान क्रिकेटर अनिल कुंबले ने अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के दौरान भारत के स्पिन आक्रमण की अगुआई करने के लिए लेग स्पिनर वरुण चक्रवर्ती का समर्थन किया क्योंकि उनका मानना है कि उन्हें शाम की ओस से निपटने में कोई दिक्कत नहीं होगी जो कुलदीप यादव जैसे कलाई के स्पिनर के लिए ज्यादा परेशानी वाली हो सकती है। टी20 विश्व कप सात फरवरी से आठ मार्च तक भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। कुंबले ने जियो हॉटस्टार के कार्यक्रम में कहा कि टूर्नामेंट में ओस निश्चित रूप से भूमिका निभाएगी।

उन्होंने कहा विशेषकर फरवरी और मार्च में विश्व कप के दौरान, जब मैच देर शाम खेले जाएंगे। यह आसान नहीं होने वाला है। स्पिनर के तौर पर आप गीली गेंद से गेंदबाजी करने के आदी हो जाते हैं, यह कुछ नया नहीं है। कुंबले ने कहा भारत को हालांकि एक बात से निश्चित रूप से राहत मिल सकती है, मुझे नहीं लगता कि ओस वरुण चक्रवर्ती जैसे खिलाड़ी को प्रभावित करेगी। वह गेंद को जिस तरह से पकड़ते हैं, जिस गति से गेंदबाजी करते हैं, उससे वह प्रभावित नहीं होंगे। वरुण, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल भारत की स्पिन तिकड़ी पिछले कुछ महीनों से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है लेकिन कुंबले ने तमिलनाडु के खिलाड़ी को स्पिनरों में सबसे बड़ा प्लस प्वाइंट बताया। कुंबले ने कहा, मुझे नहीं लगता कि ओस उसे (वरुण) ज्यादा परेशान करेगी। हां, लेकिन यह सूखी गेंद से गेंदबाजी करने जैसा नहीं है, लेकिन निश्चित रूप से गीली गेंद से गेंदबाजी करते हुए, मुझे नहीं लगता कि वरुण को ज्यादा संघर्ष करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, इसी तरह, अक्षर पटेल भी ठीक रहेंगे। कुलदीप यादव को गीली गेंद से ज्यादा परेशानी हो सकती है क्योंकि उनकी गेंदबाजी शैली ऐसी है। पर कुलदीप भी इन परिस्थितियों में गेंदबाजी करने के आदी हैं।

अपनी गेंदबाजी शैली के कारण कलाई के स्पिनरों को गीली गेंद को पकड़ने में ज़्यादा मुश्किल हो सकती है। कुंबले का मानना है कि गत चैंपियन भारत के पास लगातार दूसरी बार खिताब जीतने का बहुत अच्छा मौका है जो टूर्नामेंट के इतिहास में किसी भी टीम ने नहीं किया है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि जब विश्व कप की बात आती है तो लगातार खिताब जीतना आसान नहीं होता, विशेषकर टी20 प्रारूप में।

## संक्षेप

### विश्व कप के फाइनल की मेजबानी करेगा स्पेन

मैड्रिड। विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फ़ीफ़ा ने अभी तक यह नहीं बताया है कि 2030 में होने वाले विश्व कप के नॉकआउट चरण के मैच कहां खेले जाएंगे लेकिन स्पेन फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष ने कहा कि स्पेन फाइनल की मेजबानी करेगा। स्पेन, पुर्तगाल और मोरक्को इस विश्व कप के संयुक्त मेजबान हैं जबकि उरुग्वे, अर्जेंटीना और पैराग्वे भी एक-एक मैच की मेजबानी करेंगे। स्पेन फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष राफेल लूज़ान ने पत्रकारों को बताया कि फाइनल मैच स्पेन में होगा, लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि यह किस शहर या किस स्थान पर खेला जाएगा। उन्होंने कहा, स्पेन विश्व कप में शीर्ष पर रहेगा और फाइनल यहीं खेला जाएगा। मोरक्को भी फाइनल की मेजबानी करना चाहता है।

### टीमें हमारे खिलाफ योजना नहीं बना सकें : मोर्कल

विशाखापत्तनम। भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ मौजूदा टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में गेंदबाजों का रोटेशन केवल कार्यभार प्रबंधन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य आगामी टी20 विश्व कप से पहले प्रतिद्वंद्वी टीमों को भारत के खिलाफ ठोस रणनीति बनाने से रोकना भी है। भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के शुरुआती तीन मुकाबले में अलग-अलग गेंदबाजी संयोजनों को आजमाया है, जिसमें तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह और प्रमुख स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को अलग-अलग चरणों में विश्राम दिया गया। मोर्कल ने यहां चौथे टी20 की पूर्व संध्या पर कहा, हमारे पास ऐसे कई गेंदबाज़ हैं जो हर परिस्थिति में गेंदबाजी कर सकते हैं। विश्व कप को ध्यान में रखते हुए हमारी सोच का एक हिस्सा अलग-अलग संयोजनों को आजमाने का था। हम नहीं चाहते कि टीमें हमारे खिलाफ तय योजना के साथ मैदान में आये। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि फिलहाल हम यह काफी अच्छी तरह कर रहे हैं। अगर टीमें हमारे खिलाफ योजना बनाना भी चाहें, तो उन्हें यह नहीं पता होगा कि हम किस संयोजन के साथ उतरेंगे। हमारे लिए जरूरी है कि खिलाड़ियों को उन भूमिकाओं में मौका दिया जाए, ताकि वे उनमें सहज हो सकें। मोर्कल ने कहा कि इसके पीछे एक वजह भारत का टी20 विश्व कप कार्यक्रम भी है, जिसके तहत टीम को नयी दिल्ली, मुंबई और कोलंबो जैसी अलग-अलग परिस्थितियों में खेलना है।

## मुंबई ने बेंगलुरु को 15 रन से हराया

### नैट सिवर-ब्रंट ने डब्ल्यूपीएल का पहला शतक लगाया



एजेंसी

वडोदरा। मुंबई इंडियंस की नैटली सिवर-ब्रंट ने विमेंस प्रीमियर लीग इतिहास का पहला शतक लगा दिया। सोमवार को वडोदरा में पहले बैटिंग करते हुए मुंबई ने 199 रन बना दिए। सिवर-ब्रंट ने 100 और हैली मैथ्यूज ने 56 रन बनाए। हैली ने गेंदबाजी में 3 विकेट भी लिए। बेंगलुरु ने फाइट दिखाई, लेकिन टीम 184 तक ही पहुंच सकी। हैली-ब्रंट ने सेंचुरी पार्टनरशिप की कोटाम्बी स्टेडियम में पहले बैटिंग करने उतरी मुंबई ने तीसरे ही ओवर में सजीवन सजना का विकेट गंवा दिया। वे 7 रन ही बना सकीं। हैली मैथ्यूज ने फिर नैट सिवर-ब्रंट के साथ सेंचुरी पार्टनरशिप कर ली। हैली 39 गेंद पर 56 रन बनाकर आउट हुईं। नैट सिवर-ब्रंट और हैली मैथ्यूज ने 121 रन की पार्टनरशिप की। कप्तान हरमनप्रीत कौर 20 और अमनजोत कौर 4 रन बनाकर आउट हुईं।

अमीलिया कर 1 और सिवर-ब्रंट 100 रन बनाकर नॉटआउट रहीं। टीम ने 4 विकेट खोकर 199 रन बना दिए। बेंगलुरु से लौरेन बेल ने 2 विकेट लिए। नदीन डी क्लर्क और श्रेयांका पाटील को 1-1 विकेट मिला। नैट सिवर-ब्रंट ने विमेंस प्रीमियर लीग इतिहास की पहली सेंचुरी लगाई। बेंगलुरु की खराब शुरूआत 200 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी फउइ की शुरूआत बेहद खराब रही। टीम ने 35 रन पर 5 विकेट गंवा दिए। ग्रेस हैरिस 15, कप्तान स्मृति मंधाना 6, जॉर्जिया वोल 9, गौतमी नायक 1 और राधा यादव खाता खोले बगैर आउट हो गईं।

विकेटकीपर ऋचा घोष ने फिर नदीन डी क्लर्क के साथ टीम को 50 के पार पहुंचाया। डी क्लर्क 28 रन बनाकर आउट हो गईं। अरुंधति रेड्डी 14 रन ही बना पाई, वहीं सयाली साटघरे खाता भी नहीं खोल सकीं। ऋचा ने फिफ्टी लगाकर टीम को टारगेट के करीब पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन टीम जीत से बहुत दूर रह गई। ऋचा 90 रन बनाकर आउट हुईं, उनके सामने श्रेयांका पाटील ने 5 गेंद पर 12 रन बनाए। मुंबई के लिए हैली मैथ्यूज के अलावा शबनिम इस्माइल और अमीलिया कर ने 2-2 विकेट लिए। अमनजोत कौर को 1 विकेट मिला। विकेट की खुशी मनाती मुंबई इंडियंस की प्लेयर्स। मुंबई की तीसरी जीत बेंगलुरु को हराकर मुंबई ने 7 मैचों में तीसरी जीत हासिल की। टीम 4 मुकाबले हार चुकी है, लेकिन 6 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गई। फउइ को लगातार दूसरी हार मिली, लेकिन टीम शुरूआती 5 जीत से 10 पॉइंट्स लेकर पहले ही प्लेऑफ में जगह बना चुकी है। वहीं दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) भारत में टी20 विश्व कप कवर करने की इच्छा रखने वाले बांग्लादेश के पत्रकारों के लिए मीडिया एक्रिडिटेशन पर फिर से काम कर रहा है। बांग्लादेश ने पड़ोसी देश में सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया था।

### गुजरात जायंट्स नौ विकेट पर 174 रन

वडोदरा। गुजरात जायंट्स ने बेथ मूनी (58 रन) के अर्धशतक से मंगलवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ नौ विकेट पर 174 रन बनाए। अनुष्का शर्मा ने 39 रन का योगदान दिया जबकि अंत में तनुजा कंवर ने 11 गेंद में तीन चौके और एक छक्के से 21 रन बनाए। दिल्ली कैपिटल्स के लिए श्री चरणी ने चार ओवर में 31 रन देकर चार विकेट झटके जबकि शिनेल हेनरी को दो विकेट मिले। दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स ने मंगलवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मुकाबले में गुजरात जायंट्स के खिलाफ टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। दिल्ली कैपिट्स ने अंतिम एकादश में कोई बदलाव नहीं किया है। वहीं गुजरात जायंट्स की टीम डानी वाट होज के बीमार होने के कारण जॉर्जिया वारेहम की अंतिम एकादश में वापसी हुई है। वहीं दूसरी ओर मौजूदा रणजी चैंपियन विदर्भ ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के खिलाफ यहां 29 जनवरी से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी के अहम मैच के लिए तेज गेंदबाज यश ठाकुर को टीम में शामिल किया है। दो बार की चैंपियन विदर्भ की टीम एलीट ग्रुप ए की अंक तालिका में आंध्र और झारखंड के बाद तीसरे स्थान पर है।

## अंडर-19 : भारत ने जिम्बाब्वे को हराया

### सूर्यवंशी की फिफ्टी, कप्तान आयुष म्हात्रे ने लिए तीन विकेट

एजेंसी



**बुलावायो** । अंडर-19 वर्ल्ड कप के सुपर-6 स्टेज में भारत ने जिम्बाब्वे को 204 रन से हरा दिया। बुलवायो में मंगलवार को पहले बैटिंग करते हुए टीम इंडिया ने 352 रन बनाए। जिम्बाब्वे 148 रन पर ही ऑलआउट हो गया। विहान मल्होत्रा ने शतक लगाया। वहीं कप्तान आयुष म्हात्रे और उधव मोहन ने 3-3 विकेट लिए। क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में जिम्बाब्वे ने बॉलिंग चुनी। 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने 23 गेंद पर टूर्नामेंट की तीसरी सबसे तेज फिफ्टी लगाई। विहान मल्होत्रा ने 109 और अभिज्ञान कुंडु ने 61 रन बनाए।


जिम्बाब्वे के लिए ततेंदा चिमुगोरो ने 3 विकेट लिए। पनाशे मजाई और कप्तान सिम्बाराशे मुद्जेंगेरेरे को 2-2 विकेट मिले। ध्रुव पटेल ने 1 विकेट लिया। भारत के लिए गेंदबाजी में उधव मोहन और कप्तान आयुष म्हात्रे ने 3-3 विकेट लिए। आरएस अम्ब्रिश को 2 विकेट मिले। हेनिल पटेल और खिलन पटेल ने 1-1 विकेट लिया। जिम्बाब्वे के लिए लीरॉय चिवाउला ने 62 रन बनाए। कियान ब्लिग्नॉट ने 37 और ततेंदा चिमुगोरो ने 29 रन की पारी खेली। बाकी कोई भी बैटर 10 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सका। सुपर-6 स्टेज में पहला मैच जीतकर भारत ने ग्रुप-2 के पॉइंट्स टेबल में टॉप पोजिशन भी हासिल कर ली। ग्रुप स्टेज की 2 जीत और सुपर-6 स्टेज की एक जीत से टीम के 6 पॉइंट्स हो गए।

इंग्लैंड इतने ही पॉइंट्स लेकर दूसरे नंबर है, क्योंकि उनका रन रेट भारत से कमजोर है। पाकिस्तान 4 पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर है। टीम 1 फरवरी को अपना आखिरी मैच भारत से ही खेलेगी। तेज गेंदबाज उधव मोहन ने 38वें ओवर की पहली और चौथी गेंद पर विकेट लेकर जिम्बाब्वे को ऑल आउट कर दिया। टीम 148 रन ही बना सकी। जिम्बाब्वे ने 37वें ओवर में 7वां विकेट भी गंवा दिया। ओवर की तीसरी बॉल आयुष म्हात्रे ने गुड लेंथ पर फेंकी। बॉल सिम्बाराशे मुद्जेंगेरेरे के पैड्स पर लगी। भारत ने अपील की और अंपायर ने छइह का फैसला दिया। जिम्बाब्वे के कप्तान 3 रन ही बना सके। इसी ओवर में म्हात्रे ने ततेंदा चिमुगोरो को भी कैच करा दिया। वे 29 गेंद पर 29 रन बनाकर वैभव सूर्यवंशी के हाथों कैच हुए।

जिम्बाब्वे ने 35वें ओवर में छठा विकेट भी गंवा दिया। ओवर की तीसरी बॉल आयुष म्हात्रे ने गुड लेंथ पर फेंकी। बॉल अंदर की ओर टर्न होकर स्टंप्स से टकरा गई। माइकल ब्लिगनॉट खाता भी नहीं खोल सके। जिम्बाब्वे ने 34वें ओवर में पांचवां विकेट भी गंवा दिया।

## अशिमता चालिहा थाईलैंड मास्टर्स के मुख्य ड्रॉ में

एजेंसी



बैंकॉक। भारत की अशिमता चालिहा ने मंगलवार को यहां थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में दो कड़े मुकाबले जीतकर महिला एकल के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। गुवाहाटी की 26 साल की खिलाड़ी ने अपने पहले क्वालिफिकेशन मैच में चीनी ताइपे की हंग यी-टिंग को 42 मिनट में 21-15, 12-21, 21-12 से शिकस्त दी।

इसके बाद अशिमता ने कोरिया की किम जू यून की कड़ी चुनौती को 45 मिनट में 21-11, 10-21, 21-16 से खत्म किया। अब मुख्य ड्रॉ में उनका सामना हमवतन देविका सिहाग से होगा। एक अन्य मैच में श्रेया लेले क्वालिफिकेशन चरण में इंडोनेशिया की नी कडेक धिंडा अमर्त्या प्रतावी से 12-21, 21-12, 15-21 से हार गईं। मिश्रित युगल क्वालिफिकेशन में एम जगलान और एल जगलान एकतरफा मुकाबले में चीनी ताइपे के बो-युआन चेन और सुंग यी-ह्सुआन से 12-21 8-21 से हार गए। पी कृष्णमूर्ति रॉय और एस प्रतीक के पुरुष युगल में मलेशिया के चौथे वरीयता प्राप्त एन अजरीन और टैन डब्ल्यू के से 20-22, 20-22 से हार गए।

### विश्व कप : स्कॉटलैंड की टीम में इहसान शामिल

एडिनबर्ग। बांग्लादेश के बाहर होने के बाद अंतिम समय में टी20 विश्व कप में प्रवेश करने वाले स्कॉटलैंड ने भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में सात फरवरी से शुरू होने वाले आईसीसी टूर्नामेंट के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम में अफगानिस्तान में जन्में तेज गेंदबाज ज़ैनुल्लाह इहसान को शामिल किया है। बांग्लादेश ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए भारत में खेलने से इनकार कर दिया था जिसके बाद उसके स्थान पर स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में शामिल किया गया। रिची बेरिंगटन स्कॉटलैंड की टीम की कप्तानी करेंगे जिसमें 11 ऐसे खिलाड़ी शामिल हैं जो वेस्टइंडीज और अमेरिका में 2024 में खेले गए टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा थे। स्कॉटलैंड ने पिछले महीने ही ओवेन डॉकिन्स को मुख्य कोच नियुक्त किया था और उनकी देखरेख में पहली बार टीम किसी बड़े टूर्नामेंट में भाग लेगी।

## टेनिस : सबालेंका व ज्वेरेव सेमीफाइनल में

एजेंसी



मेलबर्न। शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मंगलवार को यहां अमेरिका की 18 वर्षीय खिलाड़ी इवा जोविक को 6-3, 6-0 से हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई, जहां भीषण गर्मी के कारण छत बंद करके मैच खेलने पड़े। सबालेंका सेमीफाइनल में यूक्रेन की 12वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना का सामना करेगी जिन्होंने अमेरिका की तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को 59 मिनट में 6-1, 6-2 से करारी शिकस्त दी।

मानसिक स्वास्थ्य ब्रेक के बाद वापसी करने वाली स्वितोलिना ने शुरू से ही दबदबा बना दिया जबकि गॉफ ने पहले सेट में पांच डबल फाल्ट किए। अमेरिका की इस खिलाड़ी ने इस बीच गुस्सा अपने रैकेट पर निकाला और उसे कई बार नीचे पटका। स्वितोलिना पहली बार इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंची है। गॉफ ने बाद में कहा, मैंने फ्रेंच ओपन के दौरान भी अपना एक रैकेट तोड़ा था। तब मैंने कहा था कि मैं फिर से कोर्ट पर ऐसा नहीं करूंगी क्योंकि मुझे लगता है कि इससे अच्छा संदेश नहीं जाता है। लेकिन अपने सहयोगी स्टाफ पर गुस्सा निकालने के बजाय रैकेट पर गुस्सा निकलना बेहतर है। वे अच्छे लोग हैं और इस तरह के गुस्से के हकदार नहीं हैं। मेलबर्न में भीषण गर्मी की चेतावनी जारी होने और तापमान 40 डिग्री सेल्सियस (104 डिग्री फ़ारेनहाइट) से ऊपर रहने की आशंका के चलते रॉड लेवर स्टेडियम में पहला मैच छत खुली रखकर खेला गया। लेकिन अलेक्जेंडर ज्वेरेव और अमेरिकी खिलाड़ी लर्नर टिएन के बीच पुरुष क्वार्टरफाइनल मैच के लिए इसे बंद कर दिया गया। तीसरी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव ने बंद छत के नीचे खेलने का फायदा उठाया और 20 वर्षीय टिएन पर 6-3, 6-7 (5), 6-1, 7-6 (3) से जीत दर्ज करके अंतिम चार में जगह बनाई। ज्वेरेव ने 24 ऐस लगाए और केवल एक डबल फॉल्ट किया।

उन्होंने किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में दसवीं बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ज्वेरेव ने मैच के बाद कहा, वह बेहतरीन खिलाड़ी है। पिछले साल की तुलना में उसके खेल में काफी सुधार हुआ है। उसने बेसलाइन से जिस तरह का खेल दिखाया वह अद्वितीय था। मुझे लगता है उसने अभिश्वसनीय खेल का प्रदर्शन किया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में पिछले चार साल में तीसरा खिताब जीतने की कोशिश में लगी सबालेंका ने अच्छी शुरुआत की और पहले सेट में 3-0 से बढ़त बनाकर 29वीं वरीयता प्राप्त जोविक पर शुरुआत में ही अपना दबदबा कायम कर लिया।

### सूर्यकुमार, अभिषेक और ईशान से निपटने के तरीके को सीखना होगा : ओरम

विशाखापत्तनम। अभिषेक शर्मा, ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव की लगातार आक्रामक बल्लेबाजी ने पांच मैचों की मौजूदा टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के लिए संयम बनाये रखना मुश्किल कर दिया लेकिन गेंदबाजी कोच जैकब ओरम ने खिलाड़ियों से इस चुनौती को स्वीकार करने और उससे निपटने के तरीके इजाद करने की सलाह दी। भारतीय शीर्ष क्रम के इन तीन बल्लेबाजों ने पिछले तीन टी20 मैचों में लगभग 250 के स्ट्राइक रेट से लगातार रन बनाते हुए न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण की कड़ी परीक्षा ली है। ओरम ने मैच पूर्व संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैदान पर थोड़ी अराजकता जैसी स्थिति रही है, गेंद हर बार बाउंड्री के बाहर जा रही है। ऐसे में संयम और नियंत्रण बनाये रखने के साथ अपनी योजनाओं को अमल में लाना जरूरी है। लेकिन मैं फिर कहूंगा कि यह सीखने की प्रक्रिया का हिस्सा है। भारतीय बल्लेबाज जिस सहजता से बड़े शॉट खेल रहे हैं उसने ओरम को श्रीलंका के महान बल्लेबाज सनत जयसूर्या की याद दिला दी। जयसूर्या ने 1990 के दशक से लेकर 2000 के मध्य तक इसी तरह की आक्रामक बल्लेबाजी की थी।

संक्षेप

## ओरा पर डायमंड फेस्टिवल 2026 शुरू

बंगलुरु। ओरा फाईन ज्वेलरी ने गौरव, प्यार और जश्न के मौसम में प्रवेश करते हुए अपना बहुप्रतीक्षित डायमंड फेस्टिवल 2026 शुरू किया है, जिसमें हर किसी को हीरे की चमक प्राप्त करने का बेहतरीन अवसर मिलेगा। जनवरी में रिपब्लिक डे की परेड के साथ गौरव और उल्लास के मौसम से लेकर वैलेंटाइन डे के अवसर पर प्यार और रोमांस के मौसम तक, इस डायमंड फेस्टिवल में शानदार कारीगरी, आधुनिक डिजाईन और आकर्षक वैल्यू ऑफर ग्राहकों को मिलेंगे। डायमंड फेस्टिवल में ओरा की प्रेसिजन, विश्वास और शाश्वत सौंदर्य की विरासत के अनुरूप बेहतरीन डायमंड ज्वेलरी सेट उपलब्ध होंगे।

## सैमसंग ने एआई-पावर्ड कूलिंग की दिखायी झलक

नयी दिल्ली। सैमसंग ने आज अपनी आगामी कूलिंग इनोवेशन्स की एक झलक पेश की। इसे आधुनिक घरों में आराम, इंटेलिजेंस और ऊर्जा दक्षता को नए सिरे से परिभाषित करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। द फ्यूचर ऑफ एआई एसी इज कमिंग (आ रहा है एआई एसी का भविष्य) के संदेश के साथ सैमसंग ने यह संकेत दिया है कि आने वाली एयर कंडीशनिंग तकनीक पारंपरिक कूलिंग से आगे बढ़कर स्मार्ट और अधिक उन्नत अनुभव देगी। टीजर में बीस्?पोक एआई विंडफ्रीट्ट एयर कंडीशनर लाइनअप को प्रमुखता से दिखाया गया है, जो उन्नत एआई तकनीक, प्रीमियम डिजाइन और स्मार्ट कनेक्टिविटी के साथ भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप बेहतर घरेलू कूलिंग अनुभव प्रदान करेगा।

## क्रॉम्पटन ने नयी उपलब्धि हासिल की

मुंबई। क्रॉम्पटन को वैश्विक स्वतंत्र मार्केट रिसर्च कंपनी यूरोमॉनिटर इंटरनेशनल ने इसे दुनिया का नंबर 1 सीलिंग फैन ब्रांड घोषित किया है। यह उपलब्धि क्रॉम्पटन को उन चुनिंदा भारतीय ब्रांड्स में शामिल करती है, जिन्होंने न केवल घरेलू बाजार में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी नए मानक स्थापित किए हैं। 85 वर्षों से अधिक की विरासत के साथ, क्रॉम्पटन का सफर भारतीय नवाचार की प्रगति को दशार्ता है। देश के करोड़ों घरों में भरोसे का प्रतीक बन चुके इस ब्रांड ने प्रदर्शन, ऊर्जा दक्षता और डिजाइन के क्षेत्र में वैश्विक मानक स्थापित किए हैं।

## 90% क्रिप्टो निवेशक टैक्स नियमों से है वाकिफ

बंगलुरु। फरवरी में पेश होने वाले आगामी केंद्रीय बजट से पहले, कॉइनस्विच ने भारत में क्रिप्टो के टैक्सेशन और रेगुलेशन को लेकर निवेशकों की भावना पर आधारित एक राष्ट्रव्यापी सर्वे के अहम निष्कर्ष जारी किए गए। सर्वे यह दर्शाता है कि निवेशक टैक्स छूट नहीं चाहते, बल्कि एक तार्किक और संतुलित व्यवस्था की उम्मीद रखते हैं। सर्वे में पता चला कि भारत के मौजूदा क्रिप्टो टैक्स ढांचे के प्रति निवेशकों में जागरूकता काफी ऊँची है। लगभग 90% प्रतिभागियों ने प्रमुख प्रावधानों की जानकारी होने की बात कही, जिसमें मुनाफे पर 30% टैक्स, घाटे की सेट-ऑफ या कैरी फॉरवर्ड की अनुमति न होना, और लेन-देन पर 1% टीडीएस शामिल हैं। इसके बावजूद, अधिकांश निवेशक मौजूदा टैक्स ढांचे की निष्पक्षता को लेकर चिंतित हैं। 66% उत्तरदाताओं का मानना है कि वर्तमान क्रिप्टो टैक्स संरचना अनुचित है।

## टेक्नो स्पार्क गो3 लॉन्च

बंगलुरु। भारतीयों के रोजमर्रा के उपयोग को ध्यान में रखते हुए बनाया गया स्मार्टफोन टेक्नो स्पार्क गो3 अब देशभर में मात्र रूपये 8,999 की कीमत पर बाजार में आ गया है। यह स्मार्टफोन मजबूती, स्मार्ट फीचर्स और बेहतरीन कनेक्टिविटी के साथ लोन्च किया गया है, ताकि यूजर्स की रोज की जरूरतों को पूरी कर सके। देश जैसा दमदार इस सोच पर आधारित टेक्नो स्पार्क गो3 उन लोगों के लिए है जो स्टाइलिश के साथ भरोसेमंद भी हो और गिरने, गीला होने या कोई दाग लगने जैसी समस्याओं से सुरक्षित हो। स्पार्क गो3 में आईपी64 डस्ट और स्प्लैश रेसिस्टेंस के साथ ड्रॉप-रेडी मजबूती दी गई है, जिससे रोजमर्रा के झटकों और हादसों की चिंता कम हो जाती है। इसके साथ मिलता है 120 हर्ट्ज सुपर स्मूथ डिस्प्ले, जो स्क्रॉलिंग, ऐप बदलने और स्वाइपिंग को पहले से कहीं ज्यादा तेज और स्मूद बनाता है।

# सेंसेक्स में 320 अंकों की उछाल



मुंबई। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को तेजी आई और बीएसई सेंसेक्स 320 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी में 127 अंक की मजबूती रही।

वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख तथा भारत-यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते की घोषणा से सकारात्मक रुख के बीच बैंक और धातु शेयरों में भारी लिवाली से बाजार बढ़त में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 319.78 अंक यानी 0.39 प्रतिशत चढ़कर 81,857.48 पर बंद हुआ। कारोबार दौरान यह उंचे में 82,084.92 अंक तक गया जबकि नीचे में 81,088.59 अंक तक आया। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 126.75 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,175.40 पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स, एक्सिस बैंक, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स सबसे अधिक लाभ में रहीं। एक्सिस बैंक के शेयर में दिसंबर तिमाही के वित्तीय परिणाम की घोषणा के चार प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। कंपनी का शुद्ध लाभ दिसंबर तिमाही में बढ़कर 7,010.65 करोड़ रुपये रहा जो एक साल पहले 2024-25 की इसी तिमाही में 6,742.99 करोड़ रुपये था। इसके उलट, नुकसान में रहने वाले शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, एशियन पेंट्स, इटर्नल और आईटीसी शामिल हैं। भारत और यूरोपीय संघ ने मंगलवार को एक महत्वाकांक्षी मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। इसे अबतक का सबसे बड़ा समझौता बताया जा रहा है। यह समझौता अस्थिर वैश्विक माहौल और अमेरिका की शुल्क नीति के कारण उत्पन्न व्यापार व्यवधानों के बीच हुआ है। भारतीय शेयर बाजार में संयमित और सतर्क रुख देखने को मिला। भारत-यूरोपीय संघ के द्विपक्षीय व्यापार समझौते के अंतिम रूप देने से अमेरिकी शुल्क के कारण उत्पन्न व्यापक जोखिम-मुक्त माहौल के बीच निवेशकों के विश्वास को कुछ हद तक समर्थन मिला है। हालांकि, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की लगातार बिकवाली और तीसरी तिमाही में कंपनियों की आय में धीमी वृद्धि ने घरेलू शेयरों में तेजी पर अंकुश लगाया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 4,113.38 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 4,102.56 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को शेयर बाजार बंद रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दपेपहर कारोबार में मिला-जुला रुख देखने को मिला। अमेरिकी बाजार सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुए।

# रुपया 19 पैसे की बढ़त के साथ 91.71 प्रति डॉलर पर



मुंबई। रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबरते हुए मंगलवार को 19 पैसे की बढ़त के साथ 91.71 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर सूचकांक में गिरावट और भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वार्ता के संपन्न होने से रुपये को समर्थन मिला।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते से घरेलू बाजार की धारणा को बढ़ावा दिया। हालांकि जिंस और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने तेज बढ़त को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 91.82 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान टूटकर 91.90 प्रति डॉलर के निचले स्तर पर पहुंच गया। अंत में 91.71 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 19 पैसे की बढ़त है। रुपया शुक्रवार को कारोबार के दौरान 92 प्रति डॉलर के सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि अंत में मामूली सुधार के साथ 91.90 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को मुद्रा और शेयर बाजार बंद थे। हमें उम्मीद है कि भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से घरेलू बाजार की धारणा मजबूत होगी। इसलिए रुपये में मामूली सकारात्मक रुझान देखने को मिलेगा। अमेरिकी डॉलर सूचकांक में कमजोरी, रुपये को और भी मजबूती प्रदान कर सकती है। उन्होंने कहा कि हालांकि, विदेशी निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली और मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव से रुपये पर दबाव पड़ सकता है। चौधरी ने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 91.30 से 92 के बीच रहने का अनुमान है। इस बीच, भारत और यूरोपीय संघ ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत पूरी होने की मंगलवार को घोषणा की। इसके तहत परिधान, रसायन व जूते-चप्पल जैसे कई घरेलू क्षेत्रों को 27 देशों के इस समूह में शुल्क-मुक्त प्रवेश मिलेगा। साथ ही यूरोपीय संघ को कार और शराब पर रियायती शुल्क के साथ भारतीय बाजार में प्रवेश मिलेगा। इस समझौतो को अभी तक का सबसे बड़ा समझौता बताया जा रहा है।

# भारत-ईयू एफटीए के 2026 में लागू होने की संभावना: गोयल

नयी दिल्ली। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि महत्वाकांक्षी भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) वर्ष 2026 में लागू हो सकता है। उन्होंने इस ऐतिहासिक व्यापार समझौते की वार्ता संपन्न होने की घोषणा के कुछ घंटों बाद यह बात कही।

इससे पहले दिन में भारत और 27 देशों के यूरोपीय संघ (ईयू) ने इस समझौते के लिए बातचीत पूरी की, जिसे अब तक का सबसे बड़ा समझौता बताया जा रहा है। इस समझौते के लागू होने के बाद भारत के 93 प्रतिशत निर्यात को यूरोपीय संघ में शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी, जबकि वहां से लग्जरी कारों और वाइन का आयात भारत में सस्ता हो जाएगा। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष और यूरोपीय आयोग की प्रमुख की भारत की राजकीय यात्रा पर आयोजित एक विशेष संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल का जवाब देते हुए गोयल ने कहा कि हर समझौता अपने आप में खास होता है और यह एक शानदार समझौता है। इसकी कानूनी बारीकियों की जांच बहुत तेजी से की जाएगी...। हमें उम्मीद है कि हम वर्ष 2026 के भीतर ही इस समझौते के लागू होने का जश्न मनाएंगे। गोयल ने कहा कि यह समझौता दो दशकों से अधिक समय तक चली बातचीत के बाद संपन्न हुआ है।

# सोना 1.66 लाख प्रति दस ग्राम व चांदी 3.7 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतों में जबरदस्त चमक देखी गई।

बढ़ते भू-राजनीतिक और व्यापारिक तनाव के बीच निवेशकों की मजबूत मांग और वैश्विक तेजी के कारण दोनों कीमती धातुएं रिकॉर्ड उंच्चाई पर पहुंच गईं। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 7,300 रुपये यानी 4.6 प्रतिशत बढ़कर ।,66,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। शुक्रवार को सोना ।,58,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोमवार को 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सर्राफा बाजार बंद थे। चांदी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और सर्राफा बाजार में एक बार फिर सोने को पीछे छोड़ दिया। चांदी 40,500 रुपये यानी 12.3 प्रतिशत की भारी छलांग लगाकर 3,70,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के नए शिखर पर पहुंच गई। पिछले सत्र में चांदी 3,29,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। घरेलू बाजार में चांदी 3,70,000 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। बढ़ते व्यापारिक और भू-राजनीतिक तनाव के बीच सुरक्षित निवेश की मजबूत मांग से इसे सहारा मिला है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी की कीमतों में तेजी जारी रही और हाजिर कीमतें 8.55 डॉलर यानी 8.24 प्रतिशत बढ़कर 112.41 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गईं।

# सरकार का लक्ष्य 2032 तक 3 नैनोमीटर चिप बनाने का



नयी दिल्ली। सूचना एवं प्रसारण मंत्री मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि सरकार का लक्ष्य 2032 तक आधुनिक स्मार्टफोन और कंप्यूटर जैसे उत्पादों में इस्तेमाल होने वाले 3-नैनोमीटर नोड के उच्च तकनीक वाले छोटे चिप बनाने का है।

मंत्री ने कहा कि डिजाइन आधारित प्रोत्साहन (डीएलआई) योजना के दूसरे चरण के तहत सरकार चिप की छह श्रेणियों कंप्यूट, रेडियो फ्रीक्केंसी (आरएफ), नेटवर्किंग, ऊर्जा, सेंसर और मेमोरी पर ध्यान केंद्रित करेगी। इससे देश की कंपनियों को 7075 प्रतिशत प्रौद्योगिकी उत्पादों के विकास पर प्रमुख नियंत्रण मिल सकेगा। डीएलआई योजना के तहत चयनित 24 चिप डिजाइन कंपनियों के साथ बैठक के बाद मंत्री ने कहा, 2032 तक हमारा लक्ष्य 3-नैनोमीटर चिप के डिजाइन और विनिर्माण के स्तर तक पहुंचना है। डिजाइन का काम तो हम आज भी कर रहे हैं, लेकिन विनिर्माण के स्तर पर 3-नैनोमीटर तक पहुंचना होगा।

# लगातार नौवां बजट पेश कर इतिहास रचेंगी निर्मला सीतारमण



नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को लगातार नौवां बजट पेश कर एक नया रिकॉर्ड बनाएंगी। वैश्विक अनिश्चितता के बीच पेश होने वाले इस बजट में आर्थिक वृद्धि को गति देने के उद्देश्य से सुधारवादी उपायों के होने की उम्मीद है।

इसके साथ ही सीतारमण पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई द्वारा विभिन्न समय अवधियों में पेश किए गए 10 बजटों के रिकॉर्ड के करीब पहुंच जाएंगी। देसाई ने 1959-1964 के दौरान वित्त मंत्री के रूप में कुल छह बजट और 1967-1969 के बीच चार बजट पेश किए थे। पूर्व वित्त मंत्रियों पी चिदंबरम और प्रणब मुखर्जी ने अलग-अलग प्रधानमंत्रियों के कार्यकाल में क्रमशः नौ और आठ बजट पेश किए थे। हालांकि, लगातार सबसे अधिक बजट पेश करने का रिकॉर्ड सीतारमण के नाम ही रहेगा। इस साल वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार नौ बजट पेश करने का रिकॉर्ड बनाएंगी। प्रधानमंत्री मोदी ने 2019 में दूसरी बार सत्ता में आने पर सीतारमण को भारत की पहली पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री बनाया था। इसके बाद 2024 में तीसरी बार मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद वित्त मंत्रालय उनके पास ही रहा। अब तक सीतारमण ने फरवरी 2024 के अंतरिम बजट सहित कुल आठ लगातार बजट पेश किए हैं। स्वतंत्र भारत में बजट पेश करने से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण तथ्य इस तरह हैं।

# 5 दिवसीय बैंकिंग के लिए बैंक कर्मियों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल

लखनऊ। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने आज अपनी राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल के दौरान इंडियन बैंक, हजरतगंज पर जोरदार प्रदर्शन एवं सभा की। फोरम के जिला संयोजक अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि आज की हड़ताल के पूर्व बैंककर्मियों ने 5 दिवसीय बैंकिंग के लिए धरना व कई प्रदर्शन किये, रैली निकाली तथा एक्स पर अभियान भी चलाया, लेकिन केंद्र सरकार हमारी एकमात्र मांग मानने को तैयार नहीं है। सभा में कॉमरेड डी.के. सिंह, महामंत्री, एनसीबीई ने बताया कि रिजर्व बैंक, एलआईसी, सेबी, नाबार्ड, अनेक सरकारी विभाग, एनपीसीआई, सीवीसी, डीएफएस आदि में जब 5 कार्य दिवस हो सकते हैं तो बैंकों में क्यों नहीं? कॉम. आर एन शुक्ला ने कहा कि- अगर हम माह में 2/3 शेष शनिवारों को अवकाश मांग रहे हैं इसके बदले हम प्रतिदिन 40 मिनट अतिरिक्त कार्य करने को भी तैयार हैं। कॉम. एस के संगतानी ने सरकार की हठधर्मिता की चर्चा करते हुए कहा कि- आई.बी.ए. ने हमारी मांग को स्वीकार करके सरकार के पास अनुमोदन के लिए भेज रखा है, किंतु सरकार कोई सुनवाई नहीं कर रही है। प्रदर्शन में कॉम. मनमोहन दास ने कहा कि 5 दिवसीय बैंकिंग कोई भीख नहीं वरन हमारा अधिकार है और इसके लिए हम लंबी लड़ाई लड़ने को भी तैयार है। सभा को संबोधित करते हुए कॉम. काम. लक्ष्मण सिंह, शकील अहमद, संदीप सिंह, वीके माथुर, बीडी पांडे, एस डी मिश्रा, विभाकर कुशवाहा, आनंद सिंह, विशाखा वर्मा, स्वाति सिंह आदि बैंकनेताओं ने कहा कि बैंक हड़ताल से लोगो को होने वाली दिक्कतों की पूरी जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है।

देशव्यापी बैंक हड़ताल से लखनऊ में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक की 905 शाखाओं के लगभग 16000 कर्मचारी और अधिकारी हड़ताल पर रहे। एक अनुमान के अनुसार लखनऊ में लगभग 2500 करोड़ की क्लीरिंग रुकी।

# सैमसंग ने आज गैलेक्सी जेड फ्लिप7 ओलंपिक एडिशन को लॉन्च किया

नयी दिल्ली। सैमसंग ने आज गैलेक्सी जेड फ्लिप7 ओलंपिक एडिशन को लॉन्च किया, जिसे विशेष रूप से ओलंपिक और पैरालंपिक विंटर गेम्स मिलानो कॉर्टिना 2026 में प्रतिस्पर्धा करने वाले सभी एथलीटों के लिए डिजाइन किया गया है। यह स्पेशल एडिशन फोन लगभग 90 देशों के करीब 3,800 ओलंपिक और पैरालंपिक खिलाड़ियों को दिया जाएगा। यह फोन खिलाड़ियों को उनके खेलों के दौरान पूरा साथ देगा। यह ओलंपिक गांव में उनकी रोजमर्रा की जिंदगी में मदद करेगा, और उन्हें मुकाबले से जश्न तक के खास पलों को कैमरे में कैद करने व शेयर करने में सक्षम बनाएगा। ओलंपिक एडिशन को विक्ट्री सेल्फी के माध्यम से आधिकारिक पोडियम मोमेंट्स में शामिल किया जाएगा, जो मिलानो कॉर्टिना 2026 में अपना विंटर ओलंपिक डेब्यू कर रहा है। पहली बार, यह ओलंपिक गेम्स में टीम स्पोर्ट प्रतियोगिताओं तक विस्तारित होगा।

पेज एक का शेष

## हर दिन

में वैश्विक तेल उत्पादन में सालाना लगभग आठ प्रतिशत की गिरावट आएगी, जो हर साल ब्राजील और नॉर्वे के संयुक्त वार्षिक उत्पादन से अधिक के नुकसान के बराबर है।

पुरी ने कहा कि नए ऊर्जा स्रोत हमेशा से मौजूदा स्रोतों को पूरा करते रहे हैं, जिससे ऊर्जा प्रणाली को विस्तार और अनुकूलन करने का मौका मिलता है। यह वैश्विक ऊर्जा बदलाव की परिभाषित वास्तविकता बनी हुई है। पुरी ने कहा कि पिछले एक साल में वैश्विक ऊर्जा प्रणाली पर दबाव तेज हो गया है और ऊर्जा व्यवस्था जटिल तरीकों से विकसित हो रही है। पुरी ने कहा कि वैश्विक ऊर्जा की बढ़ती मांग का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं से आया है, जिसमें करीब 60 प्रतिशत मांग विकासशील एशिया से है। उन्होंने बताया कि जैसे-जैसे ये क्षेत्र विकसित होंगे और लोगों को परिवहन, कूलिंग और डिजिटल सेवाओं तक अधिक पहुंच मिलेगी, ऊर्जा की मांग और बढ़ेगी, और यह ज्यादा जटिल भी होगी। पुरी ने बताया कि दुनिया में लगभग 73 करोड़ लोग अभी भी बिजली तक पहुंच से वंचित हैं और करीब दो लोग ऐसी खाना पकाने की विधियों पर निर्भर हैं जो उनके स्वास्थ्य और जीवन के लिए हानिकारक हैं। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट होता है कि सभी के लिए सस्ती, सुरक्षित और साफ ऊर्जा उपलब्ध कराना वैश्विक विकास और समानता की बड़ी चुनौती बनी हुई है। पुरी ने कहा कि लंबे समय तक वैश्विक अस्थिरता के बावजूद भारत ने अपने नागरिकों को महंगाई के तेज प्रभाव से बचाया है। उन्होंने कहा कि जहां 2021 के बाद कई बड़े देशों में ईंधन की कीमतें काफी बढ़ीं, वहीं 2025 में दिल्ली में ईंधन की कीमतें 2021 से भी कम रहीं।

## यूपी में

प्रदेश सरकार उपद्रवियों के साथ कैसा व्यवहार करती है। ये भी उन्हें मालूम है। आज उत्तर प्रदेश उपद्रव प्रदेश नही, उत्सव प्रदेश है। रामगढ़ ताल कभी माफियाओं और मच्छरों को पनपाने का एक केंद्र होता था, आज वह गोरखपुर को नई पहचान दे रहा है, वह पहचान है विकास की। गोरखपुर के नौजवानों, पूर्वी उत्तरप्रदेश के नौजवानों के मन मे विकसित भारत की संकल्पना के साथ आगे बढ़ने का जो जज्बा है, उस जज्बे का केंद्रबिंदु यह विकास दिखाई दे रहा है। उत्तरप्रदेश में 45 लाख करोड़ रु का निवेश प्रस्ताव आया है। यह प्रदेश में डेढ़ करोड़ से अधिक नौजवानों के नौकरी की गारंटी का दस्तावेज है। इसके माध्यम से नौजवानों को नौकरी मिल रही है। आप गीडा से लेकर धुलिया पार तक देखिये, आज उद्योगों की लंबी श्रृंखला लग चुकी है। यहीं के नौजवानों को यहीं स्किल्ड डेवलपमेंट करते हुए नौकरी रोजगार की प्राप्ति हो रही है। जाति की राजनीति करने वाले वही लोग हैं जिनकी वजह से प्रदेश के सामने पहचान का संकट था। प्रयागराज माघ मेले में श्रद्धालु बड़ी संख्या में इसीलिए आ रहे हैं कि उन्हें मालूम है कि वहां सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने बरगदवा चौराहे से जेल रोड पर नकहा जंगलझमानीराम स्टेशनों के मध्य समपार संख्या-5ए पर निर्मित 4 लेन रेल उपरिगामी सेतु (आरओबी) का लोकार्पण किया। इस परियोजना पर 152.18 करोड़ की लागत आई है। अभी तक नेपाल की तरफ से आने वाले बसों और बड़े वाहनों को शहर को पार करने में जो असुविधा होती थी वह भी समाप्त होगी। पुल की कुल लंबाई 1,092 मीटर है। इस आरओबी के चालू होने से रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से निजात मिलेगी और शहर के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों के बीच आवागमन और अधिक सुगम हो जाएगा. साथ ही फर्टिलाइजर खाद कारखाने तक पहुंचने और माल ढुलाई में भी आसानी होगी. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बरगदवा-कौवाबाग जेल बाईपास 4 लेन मार्ग पर स्थित खजांची चौराहे पर बने फ्लाईओवर का भी लोकार्पण किया। इस फ्लाईओवर की लागत 96.50 करोड़ है।

## भारत-यूरोपीय

में फिर से बातचीत शुरू की गई। व्यापार समझौते की सराहना करते हुए यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष वॉन डेर लेयेन ने कहा कि भारत-यूरोपीय संघ की साझेदारी यह सशक्त संदेश देगी कि वैश्विक चुनौतियों का सबसे अच्छा समाधान सहयोग है। ये टिप्पणियां यूरोप और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के बीच आई हैं। उन्होंने कहा हमने कर दिखाया। हमने अब तक का सबसे बड़ा समझौता कर दिखाया। हम दो अरब लोगों का बाजार बना रहे हैं। लेयेन ने कहा यह दो दिग्गजों की कहानी है। दुनिया की दूसरी और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की। दो दिग्गज जिन्होंने वास्तव में पारस्परिक लाभ के दृष्टिकोण से साझेदारी को चुना। एक सशक्त संदेश कि वैश्विक चुनौतियों का सबसे अच्छा समाधान सहयोग ही है। उन्होंने कहा कि व्यापार समझौते से यूरोपीय निर्यातकों के लिए वार्षिक शुल्क में चार अरब यूरो तक की कटौती होगी और भारत और यूरोप दोनों में लाखों श्रमिकों के लिए रोजगार सृजित होंगे। यूरोपीय संघ एक समूह के रूप में, वस्तुओं के मामले में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। वित्त वर्ष 2024-25 में यूरोपीय संघ के साथ भारत का कुल वस्तु व्यापार लगभग 136 अरब अमेरिकी डॉलर का था। इसमें निर्यात करीब 76 अरब अमेरिकी डॉलर और आयात 60 अरब अमेरिकी डॉलर का था। वॉन डेर लेयेन ने कहा, यह (मुक्त व्यापार समझौता) भारत के कौशल, सेवाओं एवं विशाल क्षमता को यूरोप की प्रौद्योगिकी, पूंजी तथा नवाचार के साथ जोड़ता है। उन्होंने अमेरिकी प्रशासन की व्यापार और शुल्क नीतियों का स्पष्ट रूप से जिक्र करते हुए कहा, इससे विकास के ऐसे स्तर प्राप्त होंगे जो कोई भी पक्ष अकेले हासिल नहीं कर सकता। इन शक्तियों को मिलाकर, हम रणनीतिक निर्भरता को कम करते हैं। ऐसे समय में जब व्यापार का तेजी से हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। रक्षा साझेदारी समझौते का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यूरोप और भारत ने एक-दूसरे के विश्वसनीय साझेदार बनने का विकल्प चुना है। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष कोस्टा ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच हस्ताक्षरित प्रमुख समझौते नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था को मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा व्यापार समझौते नियम-आधारित आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ करते हैं और साझा समृद्धि को बढ़ावा देते हैं। इसीलिए आज का मुक्त व्यापार समझौता ऐतिहासिक महत्व रखता है। यह अब तक के सबसे महत्वाकांक्षी समझौतों में से एक है, जो दो अरब लोगों का बाजार तैयार करता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत-यूरोपीय संघ का व्यापक रणनीतिक एजेंडा एक स्पष्ट दिशा प्रदान करेगा और नवाचार को गति देकर, सुरक्षा सहयोग को मजबूत करके और लोगों के बीच संबंधों को गहरा करके साझा समृद्धि को आगे बढ़ाएगा। मोदी ने कहा कि दोनों पक्षों ने यूक्रेन, पश्चिम एशिया और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिति सहित कई वैश्विक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा बहुपक्षवाद और अंतरराष्ट्रीय मानदंडों का सम्मान हमारी साझा प्राथमिकताएं हैं। हम इस बात पर पूरी तरह सहमत हैं कि आज की चुनौतियों का सामना करने के लिए वैश्विक संस्थानों में सुधार आवश्यक है। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष ने यूक्रेन पर यूरोप के लंबे समय से जारी रुख को भी दोहराया। उन्होंने कहा शांति, हथियारों के दम पर नहीं बल्कि विपरीत परिस्थितियों में भी राष्ट्रों द्वारा किए गए न्यायपूर्ण व्यवहार से कायम होगी। उन्होंने कहा हमारे शिखर सम्मेलन ने यूक्रेन में एक व्यापक, न्यायपूर्ण और स्थायी शांति की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का समर्थन करने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। एक ऐसी शांति जो यूक्रेन की स्वतंत्रता, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का पूर्ण सम्मान करती है।

## दुनिया में

भारत-ईयू एफटीए दो अरब लोगों के बाजार के लिए अब तक का सबसे महत्वाकांक्षी समझौता है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत-ईयू शिखर सम्मेलन दुनिया को एक स्पष्ट संदेश देता है कि भारत और यूरोपीय संघ भरोसेमंद भागीदारों के रूप में साथ खड़े हैं। कोस्टा ने यह भी कहा कि हम यूक्रेन में संवाद और कूटनीति के माध्यम से शांति कायम करने में मदद के लिए आप (मोदी) पर भरोसा करते हैं। वॉन डेर लेयेन ने कहा कि भारत-यूरोप साझेदारी उस समय रणनीतिक निर्भरता को कम करेगी, जब वैश्विक व्यापार का तेजी से राजनीतिकरण और हथियार के रूप में उपयोग किया जा रहा है।

## मुक्त व्यापार

मंगलवार को हस्ताक्षर किए जिसे अबतक का सबसे बड़ा समझौता बताया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी और यूरोपीय संघ के शीर्ष नेतृत्व ने व्यापार एवं रक्षा क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने और नियम-आधारित विश्व व्यवस्था की दिशा में काम करने के लिए एक व्यापक एजेंडा पेश किया।

## सरकार के

कहा कि संतों के आशीर्वाद से उन्हें पूरा भरोसा है कि जो सरकार सनातन धर्म के मूल्यों को कमजोर करेगी, वह दोबारा सत्ता में नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि आज देश में ऐसी सरकार है, जो सनातन धर्म के सिद्धांतों के अनुसार शासन कर रही है और सांस्कृतिक विरासत को मजबूत कर रही है। अमित शाह ने भगवान स्वामीनारायण को ब्रिटिश काल में समाज को दिशा देने वाला महापुरुष बताया। उन्होंने कहा कि भगवान स्वामीनारायण ने पैदल यात्रा कर समाज सुधार का कार्य किया। शिक्षापत्री को उन्होंने जीवन का नैतिक संविधान बताया, जो पारदर्शिता, अहिंसा, करुणा और कर्तव्यबोध सिखाता है।

## यूजीसी के

उनसे यूजीसी के भेदभाव को रोकने के लिए एकजुट होने का आग्रह किया। आयोग ने 13 जनवरी को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्च शिक्षा संस्थानों में समता के संवर्द्धन हेतु) विनियम, 2026 को अधिसूचित किया था और इस नए नियम ने सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों के बीच व्यापक आलेचना को जन्म दिया। विद्यार्थियों की दलील है कि यह ढांचा उनके खिलाफ भेदभाव को जन्म दे सकता है। कॉलेज व विश्वविद्यालयों में जाति आधारित भेदभाव को रोकने के लिए लागू किए गए नए नियमों के तहत आयोग ने संस्थानों को विशेष समितियां, हेल्पलाइन और निगरानी दल गठित करने को कहा है।

## जाड़े से

मंदिर डालीगंज, हनुमान सेतु मंदिर, वॉयस ऑफ लखनऊ लोहिया पार्क रोड, लोहिया अस्पताल रैन बसेरा, विक्रमादित्य मार्ग, पुराना किला मार्ग, मुरली नगर गेट नं. 2, बंदरिया बाग रेलवे क्रॉसिंग, टी.बी. अस्पताल राजेन्द्र नगर, पाण्डेयगंज, क्वीन मैरी, मेडिकल कॉलेज गेट, ट्रॉमा सेन्टर, लारी कार्डियोलॉजी, बलरामपुर अस्पताल, परिवर्तन चौक रैन बसेरा, राम मंदिर सुभाष मार्ग, सिविल अस्पताल, नरही, बली खेत योजना भवन, चारबाग रेलवे स्टेशन, गणेशगंज हनुमान मंदिर, भारती भवन के समीप राजेन्द्र नगर और ठठेरी बाजार में अलाव जलाया। उन्होंने सिविल अस्पताल के पास लोगों को निःशुल्क चाय भी पिलाई। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने कहा कि जाड़े भर राजधानी लखनऊ में जगह-जगह अलाव जलवाते रहेंगे। सर्दी में किसी भी जरूरतमंद को कोई परेशानी न हो, इस निमित्त अपनी इस मुहिम को जारी रखेंगे। सेवा भाव में कहीं कोई कमी नहीं आने देंगे। गरीबों, मजदूरों और अन्य जरूरतमंदों को सर्दी से बचाना हमारा कर्तव्य भी है और संकल्प भी है।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : **voiceoflucknow@gmail.com**

